www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, सोमवार, 6 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-30 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



अनंत सिंह हमारी पार्टी में अपराधी थे, जदयू में ... 02
■ पहली बार वोट देंगे करीब ढाई लाख युवा, मतदाता...
■ भाजपा सरकार की गुंडागर्दी व तानाशाही चरम पर 03
■ गाजा से हटने की हमास की मांग मंजूर नहीं : नेतन्याहू
■ टेक्सास में बाढ़ग्रस्त इलाकों से 600 से ज्यादा लोगों ... 07
जीत के लिए जी जान लगा रहे दिग्विजय 10

# तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

## 12 राज्यों की 94 लोकसभा सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

- छत्तीसगढ़ की 7, कर्नाटक की 14, मप्र की नौ सीटें भी शामिल
- अंतिम दिन सभी राजनैतिक दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी
- अमित शाह, शिवराज, दिग्विजय सिंह समेत कई दिग्गज चुनावी मैदान में

**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार की शाम पांच बजे थम गया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। चुनाव के वोटों की गिनती चार जून को की जाएगी। तीसरे चरण के चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा। तीसरे चरण के लिए सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार किया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है। तीसरे चरण में 12 राज्यों के 94 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे, इनमें बिहार की पांच, मध्य प्रदेश की नौ, असम की चार, छत्तीसगढ़ की सात, कर्नाटक की 14, गोवा की दो, गुजरात की 25, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की चार, दमन और दीव की दो सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है। अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी।



### इन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में होगी बंद

*तीसरे चरण के लिए मतदान के बाद 7 मई को जिन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी, उनमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नाम शामिल है। शाह गुजरात की गांधीनगर सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। मध्यप्रदेश में विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा उत्तरप्रदेश में मुलायम परिवार की डिंपल यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी मंगलवार को होगा। महाराष्ट्र की बारामती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार की किस्मत का फैसला भी ईवीएम में बंद हो जाएगा।*

### इन सीटों पर होगा मतदान

- **असम:** धुबरी, कोकराझार, बारपेटा, गौहाटी
- **बिहार:** झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया
- **छत्तीसगढ़:** सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर
- दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव
- **गोवा:** उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा
- **गुजरात:** कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच, बारडोली , नवसारी, वलसाड
- **कर्नाटक:** चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा
- **मध्य प्रदेश:** मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़, बैतूल
- **महाराष्ट्र:** बारामती, रायगढ़, धाराशिव, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हटकनंगले
- **उत्तर प्रदेश:** संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फ़तेहपुर सीकरी, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, आंवला, बरेली पश्चिम बंगाल- मालदाहा उत्तर, मालदाहा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद

### कांग्रेस ने जेपी नड्डा की चुनाव आयोग से की शिकायत

देशभर में चुनावी माहौल बना हुआ है। सभी राजनीतक दलों ने जीतने के लिए कमर कस ली है। अब कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दी है। उसने आरोप लगाया है कि भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो पोस्ट कर कथित तौर पर अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्यों को एक खास उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लए धमकाया जा रहा है।

### अब तक 102 सीटों पर मतदान हुआ

देश में अब तक लोकसभा के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ। जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे। जिसके बाद 13 मई को चौथे चरण का मतदान होगा।

## रोहित वेमुला परिवार के साथ खड़ी है कांग्रेस: वेणुगोपाल



- केंद्र में सरकार बनने के बाद लाएंगे रोहित वेमुला कानून
- रोहित की मां ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री से की थी मुलाकात

**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि रोहित वेमुला के आत्महत्या से जुड़े मामले की जांच में कई गड़बड़ियां हैं और राज्य के रेवंत रेड्डी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वेमुला के परिवार को न्याय मिले। गौरतलब है कि तेलंगाना पुलिस ने 2016 में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र वेमुला की आत्महत्या के मामले में क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। इसमें दावा किया गया है कि रोहित वेमुला दलित नहीं था और उसने अपनी असली जाति के सामने आने के डर से ही आत्महत्या कर ली थी। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि रोहित वेमुला की मौत एक खतरनाक उत्पीड़न था, जिससे भाजपा की दलित-विरोधी मानसिकता सामने आ गई थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी समेत पूरी कांग्रेस इस मुश्किल समय में रोहित वेमुला के परिवार के साथ खड़ी है। वेणुगोपाल ने कहा कि तेलंगाना पुलिस पहले ही कह चुकी है कि यह क्लोजर रिपोर्ट जून 2023 में तैयार कर ली गई थी।

उन्होंने दावा किया कि पहले की गई जांच में कई सारी खामियां हैं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार रोहित के परिवार को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि जब उनकी सरकार केंद्र में आएगी, तब एक रोहित वेमुला कानून लाया जाएगा, जो कि सिर्फ विश्वविद्यालयों के कैंपस में जातीय और धार्मिक उत्पीड़न के मुद्दे पर होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सामाजिक-आर्थिक तौर पर पिछड़े किसी भी छात्र को रोहित के जैसे हालात से न गुजरना पड़े।

गौरतलब है कि रोहित वेमुला के मामले में पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट सामने आने के बाद रोहित की मां राधिका वेमुला ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर न्याय की मांग की। सीएम ने राधिका वेमुला को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## सार संक्षेप

### किसानों के विरोध के कारण चार ट्रेनें 7 तक रद्द




**जम्मू।** पंजाब में शंभू सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन के मद्देनजर दिल्ली और कटरा के बीच चार ट्रेनें सात मई तक रद्द कर दी गई हैं और कई अन्य ट्रेनों के आगमन निर्धारित समय से कुछ घंटों की देरी से हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि पंजाब में किसानों के विरोध-प्रदर्शन के कारण दिल्ली-कटरा खंड के बीच चलने वाली ट्रेनों की समय सारिणी पूरी तरह से गड़बड़ हो गई है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने जम्मू मेल, शालीमार, श्री माता वैष्णो देवी-कालका एक्सप्रेस और उधमपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एसी एक्सप्रेस को सात मई तक रद्द करने का आदेश दिया गया है।

### मणिपुर में ओलावृष्टि से मची तबाही



**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को भारी बारिश और ओलावृष्टि से बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हो गए और पेड़ उखड़ गये। बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई और कई घरों की बिजली उड़ गई। सड़कों पर मलबा बिखरने से यातायात बाधित हो गया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोशल मीडिया नेटवर्क पर दिए एक संदेश में कहा कि सभी जिलाधिकारियों को नुकसान की रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

### मध्य प्रदेश में ट्रैक्टर से कुचलकर एएसआई की हत्या



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में रेत माफिया के एक ट्रैक्टर ने एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) की कुचलकर हत्या कर दी। मृतक एएसआई की पहचान महेंद्र बागरी के रूप में हुई है। बागरी एक बदमाश को पकड़ने गए थे।

फिर अयोध्या पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

## मोदी ने रामलला के दर्शन कर किया रोड शो



**अयोध्या,** 5 मई (एजेंसियां)। भगवान राम की नगरी अयोध्या में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के बाद दूसरी बार राममंदिर में आकर भगवान राम के बालरूप की पूजा अर्चना की। उन्होंने रामलला की प्रतिमा के समक्ष दंडवत प्रणाम किया । इसके बाद उनका काफिला रोड शो के आरंभ स्थल सुग्रीव किला पर पहुंचा जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और इस सीट से तीसरी बार भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए गए लल्लू सिंह के साथ साथ बाकी मंत्रीगणों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुलाकात के बाद श्री मोदी फूलों से सजी खुली गाड़ी पर मुख्यमंत्री और अयोध्या से भाजपा उम्मीदवार के साथ सवार हुए। दो किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए मार्ग को 40 ब्लॉकों में बांटा गया और जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### मोदी आरक्षण के खिलाफ : राहुल

निर्मल (तेलंगाना)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह इस सीमा को समाप्त कर देगी। तेलंगाना के आदिलाबाद लोकसभा क्षेत्र के निर्मल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और इसे समाप्त करना चाहते हैं।

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने दी जानकारी

## प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी

**बेंगलुरु,** 5 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के हासन से लोकसभा उम्मीदवार और जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना विवादों में घिरे हुए हैं। यौन शोषण मामले में कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने रविवार को बताया कि प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। रेवन्ना की भारत वापसी के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है। इंटरपोल प्रज्व्वल के बारे में सभी देशों को सूचित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रज्व्वल को कैसे वापस लाया जाए, इस पर जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ही फैसला करेगा।

### एसआईटी ने सीबीआई से किया था अनुरोध

एसआईटी ने सीबीआई से अनुरोध किया था कि मामले में प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाए। जांच टीम ने उम्मीद जताई कि हासन सांसद के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद उनके ठिकानों के बारे में जानकारी मिल सकती है। कहा जा रहा है कि, कर्नाटक में पहले चरण के मतदान के बाद प्रज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे।



■ भारत वापसी के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही

### तीन और पीड़िता एसआईटी के पास पहुंची

बेंगलुरु। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जेडी-एस के फरार सांसद और हासन से उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना की विदेश में तलाश तेज कर दी है। इस बीच अश्लील वीडियो कांड की तीन और पीड़ितों ने एसआईटी से संपर्क किया है।

### कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए आरोप

हासन लोकसभा क्षेत्र से जदएस-भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं। सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर अपने गठबंधन के सहयोगी जदएस के उम्मीदवार को बचाने का आरोप लगाया।

### क्या होता है ब्लू कॉर्नर नोटिस

ब्लू कॉर्नर नोटिस अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन की तरफ से जारी किया जाता है, जिसे इंटरपोल कहा जाता है। जानकारी के अनुसार, किसी अपराध के संबंध में किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान सहित अन्य जानकारी एकत्र करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करता है।

खुफिया सूत्रों ने दी जानकारी

## म्यांमार से 40 से अधिक शरणार्थी मिजोरम पहुंचे

**एजल,** 5 मई (एजेंसियां)। म्यांमार के चिन राज्य के पलेतवा टाउनशिप (जिला) से कुछ महिलाओं समेत कम से कम 47 शरणार्थी हाल में दक्षिणी मिजोरम के लांगतलाई जिले में म्यांमार सीमा हरुइतेजोल गांव में दाखिल हुए हैं। खुफिया सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि पड़ोसी देश के सबसे बड़े जातीय सशस्त्र संगठन, अराकान आर्मी (एए) उग्रवादी समूह द्वारा क्षेत्र में जबरन नए विद्रोहियों की भर्ती के बाद युवा पलेतवा से भाग गए। युवकों की उम्र 30 वर्ष के आसपास है। पलेतवा हालांकि चिन राज्य में स्थित है, रखाइन राज्य में स्थित एए उग्रवादी भी वहां सक्रिय रहे हैं। 'द ताहान पोस्ट' के अनुसार, एक सोशल मीडिया समाचार आउटलेट (ताहान सागैंग डिवीजन के कालेम्यो शहर का एक पड़ोस है जहां बड़ी संख्या में मिज़ो-भाषी लोग रहते हैं), एए कैडरों ने 19 अप्रैल को मिजा इलाके में युवाओं को भर्ती करने के अपने फैसले की घोषणा की। पलेतवा में. युवाओं ने जबरन भर्ती होने से इनकार कर दिया क्योंकि सशस्त्र विद्रोही क्षेत्र से भाग गए और मिजोरम में प्रवेश कर गए।



34,282 म्यांमार शरणार्थी राज्य में शरण ले रहे हैं

'तहान पोस्ट' ने लॉन्गटलाई जिले के सूत्रों के हवाले से कहा कि कुछ महिलाओं सहित लगभग 40 लोग 30 अप्रैल की दोपहर को हरुइतेजॉल गांव पहुंचे, जबकि सात महिलाएं एक मई को फिर से गांव में दाखिल हुईं। इन सभी की उम्र लगभग 30 वर्ष है। सूत्रों ने कहा कि हालाँकि, लॉन्टलाई जिला प्रशासन ने अभी तक पलेतवा से आयी शरणार्थियों की खेप की पुष्टि या खंडन नहीं किया है।

राज्य के गृह विभाग द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के अनुसार, 29 अप्रैल तक सभी 11 जिलों में फैले 34,282 म्यांमार शरणार्थी राज्य में शरण ले रहे हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, 18,344 शरणार्थी राहत शिविरों के बाहर रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलकर किराए के मकानों में रह रहे हैं।

## कई राज्यों में 9 तक लू चलने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। देश के दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में सोमवार तक लू की स्थिति जारी रहने और उसके बाद कम होने की संभावना है। विभाग के अनुसार, तमिलनाडु, रायलसीमा, तेलंगाना, विदर्भ और आंतरिक कर्नाटक में आज और कल लू की स्थिति बनी रहेगी। छह से नौ मई तक पश्चिम राजस्थान, पूर्वी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश और सौराष्ट्र में लू की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पूर्वोत्तर भारत में सात मई तक तथा पूर्वी और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में नौ मई तक तूफान और तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताई गई है। अगले सात दिन के दौरान नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, छह और सात मई को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम और गांगेय पश्चिम बंगाल में गरज, बिजली और 60 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाओं के साथ व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।



■ दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में तेज हवाओं के साथ होगी बारिश

## बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने



अमरनाथ यात्रा

**जम्मू,** 5 मई (एजेंसियां)। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन समाप्त होगी। यात्रा शुरू होने से पहले बर्फ कटाई का काम जारी है। जिससे यात्रा के मार्ग को सुगम बनाया जा सके। पूरे मार्ग पर बर्फ जमी है। ऐसे में बर्फ को काटकर पैदल मार्ग बनाया जा रहा है। पवित्र अमरनाथ गुफा की हिम शिवलिंग की पहली तस्वीर सामने आई है, जो भगवान शिव की दिव्यता की अनुभूति करा रहा है। पवित्र गुफा में शिवलिंग का आकार इस बार आठ फीट ऊंचा है। हर साल सर्दी के मौसम में हुई बर्फबारी के दौरान शिवलिंग अपना आकार लेता है और मई-जून के महीने में इसके दिव्य दर्शन होते हैं।

चुनाव | *टीएमसी के सबसे ज्यादा सात प्रत्याशी करोड़पति*

## बंगाल में भाजपा उम्मीदवार अमित्रा सबसे अमीर

**कोलकाता, 5 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में चौथे चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरीं कृष्णानगर से भाजपा उम्मीदवार अमित्रा रॉय सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। वहीं, टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनों के अलावा, आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे 21 उम्मीदवारों के पास भी एक करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। सूची में सबसे ज्यादा अमीर उम्मीदवार टीएमसी और दूसरे नंबर पर बीजेपी के हैं।**

वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवार जगन्नाथ सरकार हैं।

वेस्ट बंगाल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, उम्मीदवारों के हलफनामों से पता चला है कि आठ लोकसभा सीटों पर कुल 75 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इन उम्मीदवारों में से भाजपा प्रत्याशी रॉय सबसे अमीर हैं। उनके पास 554 करोड़ रुपए की संपत्ति है। जबकि, टीएमसी के आसनसोल से उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा हैं, जिनकी कुल संपत्ति 210 करोड़ रुपए है। वहीं, बहरामपुर से उम्मीदवार यूसुफ पठान की कुल संपत्ति 45 करोड़ रुपए है। पठान अमीर उम्मीदवारों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं।





भाजपा प्रत्याशी अमित्रा के पास 554 करोड़ की संपत्ति

### भाजपा के छह प्रत्याशी करोड़पति

अगर, पार्टी की बात करें तो टीएमसी पहले नंबर पर है। टीएमसी के सात उम्मीदवार करोड़पति हैं। वहीं, भाजपा दूसरे नंबर पर है, जिसके छह उम्मीदवार 1 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति रखते हैं। एसयूसीआई (सी), कांग्रेस और सीपीआई (एम) के दो-दो उम्मीदवारों के पास भी 1 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है।

### 13 पर आपराधिक मामले

वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में राणाघाट के निर्दलीय उम्मीदवार जगन्नाथ सरकार का नाम टॉप पर है। उनके पास केवल 3,587 रुपए की ही संपत्ति है, जो इस चरण में किसी भी उम्मीदवार के लिए सबसे कम है। इसके अलावा, 13 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पश्चिम बंगाल की आसनसोल, बहरामपुर, बर्धमान पूर्व, बीरभूम, बोलपुर, बर्धमान-दुर्गापुर, कृष्णानगर और राणाघाट में 13 को मतदान होगा।

# देश

**उवाच** “ जितने भी अपराधी हैं, वह सब भाजपा में हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों का सबसे बड़ा सरगना इस देश में कौन है, यह सभी जानते हैं। देश में जितने भी अपराधी हैं, वह सब भाजपा में हैं। वह सभी दंडित होंगे, जब सरकार बदलेगी: **सुधाकर सिंह पूर्व मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.1 | 22.7 |
| मुंबई | 34.7 | 26.6 |
| कोलकाता | 38.6 | 29.1 |
| चेन्नई | 39.4 | 28.8 |

# रेवन्ना को लाकर कर्नाटक सरकार को सौंपें मोदी : महिला कांग्रेस



**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुप रहकर प्रज्वल रेवन्ना का साथ देने की बजाय चुप्पी तोड़नी चाहिए और आरोपी को जर्मनी से लाकर कर्नाटक सरकार को सौंप देना चाहिए। सुश्री लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी का समर्थन रेवन्ना के साथ रहा है। वह उनके साथ खड़े नज़र आते थे। भाजपा को भी उसके कुकृत्यों की जानकारी थी इसलिए श्री मोदी को चुप्पी तोड़कर रेवन्ना को वापस लाकर सख्त सजा दिलानी चाहिए।

उन्होंने कहा 'प्रधानमंत्री जी, चुप्पी तोड़िए। जब तक आप प्रज्वल रेवन्ना को जर्मनी से लाकर कर्नाटक सरकार को नहीं सौपेंगे तब तक महिला कांग्रेस देश के हर कोने से आवाज उठाएगी। हम ही नहीं देश की आधी आबादी आपसे सवाल पूछेगी। महिला कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और श्री मोदी जब तक चुप्पी नहीं तोड़ते और आरोपी को सजा नहीं दिलाते तब तक महिला कांग्रेस हर जगह प्रधानमंत्री मोदी का घेराव करेगी। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता श्री मोदी की सत्ता की ताकत और उनके पुलिसिया तंत्र से डरने वाले नहीं हैं।' भाजपा नेताओं को रेवन्ना के कुकृत्य की जानकारी होने की बात कहते हुए महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने कहा 'भाजपा नेता ने कर्नाटक के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रज्वल रवन्ना के मास रेप मामले में लिप्त होने की जानकारी दी थी। उसके हजारों अश्लील वीडियो के बारे में भाजपा को पहले से पता था। फिर भी प्रधानमंत्री मोदी प्रज्वल रेवन्ना के लिए वोट मांगते हैं और प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना के साथ खड़े दिखाई देते हैं। ये सब दिखाता है कि प्रज्वल रेवन्ना का बचाव प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं।'

> **'प्रधानमंत्री जी, चुप्पी तोड़िए। जब तक आप प्रज्वल रेवन्ना को जर्मनी से लाकर कर्नाटक सरकार को नहीं सौपेंगे तब तक महिला कांग्रेस देश के हर कोने से आवाज उठाएगी। हम ही नहीं देश की आधी आबादी आपसे सवाल पूछेगी: अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

### महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी खामोश क्यूं

कांग्रेस ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना के मामले में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा खामोश हैं। आज देश की आधी आबादी मांग कर रही है कि स्मृति ईरानी और रेखा शर्मा चुप्पी तोड़ो। इस पूरे मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी चिंता जाहिर की है और पार्टी नेता राहुल गांधी ने भी कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

## तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर तंज कसा, कहा

# अनंत सिंह हमारी पार्टी में अपराधी थे, जदयू में जाते ही संत हो गए



**दरभंगा,** 5 मई (एजेंसियां)। बिहार के बाहुबली नेता और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह के पैरोल पर बाहर निकलते ही सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर तंज कसा है। उन्होंने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जब तक अनंत सिंह हमारे साथ थे, तब तक वे अपराधी थे। अब, अनंत सिंह जनता दल यूनाइटेड में चले गए हैं, तो संत हो गए हैं।

### अटल बिहारी वाजपेयी की बात मान लें मोदी

दरभंगा में चुनावी जनसभा के दौरान गोधरा कांड को लेकर लालू यादव पर किए गए कटाक्ष पर पलटवार करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि गोधरा कांड में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किस पर गुस्सा निकाला था। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि राजधर्म का पालन करो। तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुटकी लेते हुए कहा कि कम से कम हमारी बात नहीं तो, अटल बिहारी वाजपेयी जी की बात को मान लें।

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि कर्नाटक में जाकर बलात्कारी, जिसने तीन हजार लोगों का शोषण किया था। वहां भी उनके समर्थन में यही बोले थे। बता दें कि राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने अनंत सिंह को अपनी पुश्तैनी जमीन-जायदाद के बंटवारे के लिए 15 दिनों की पैरोल पर रिहा करने का निर्देश दिया है। ऐसे में मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाले मतदान से पहले अनंत सिंह का जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है। अनंत सिंह मौजूदा वक्त में पटना की बेऊर जेल में सजा काट रहे हैं।

## इंडिया गठबंधन 300 से अधिक सीट जीतकर बनायेगा केंद्र में सरकार : सुरेंद्र राजपूत



**अयोध्या।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने रविवार को दावा किया कि इंडिया गठबंधन इस बार तीन सौ से ज्यादा सीट ले करके केन्द्र में सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है इसलिए भारतीय जनता पार्टी को अब सत्ता छोड़नी ही पड़ेगी क्योंकि इंडिया गठबंधन इस बार तीन सौ से ज्यादा सीट ले करके केन्द्र में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राम के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि श्रीराम आस्था का विषय हैं। देश के सभी लोग श्रीराम को मानते हैं और उनकी पूजा भी करते हैं लेकिन ऐसी घिनौनी राजनीति नहीं करते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि रामलला के दरबार में प्रधानमंत्री दर्शन करने नहीं बल्कि राजनीति करने आये हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता एवं विधायक तथा गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में मैं आया हुआ हूं। गांव-गांव, पांव-पांव, नगर-नगर, डगर-डगर कांग्रेस पार्टी के अर्थात् गठबंधन के पांच गारंटी पत्र को जनता को समझाने में लगा हूं और इस देश की जनता इस गारंटी पत्र को अब अच्छी तरह समझ गयी है। इसलिए अब मैं बोल रहा हूं कि अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। श्री राजपूत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में घूम-घूम कर यह प्रचार कर रहे हैं कि अबकी बार चार सौ पार, जबकि चार सौ हार होना तय है। इंडिया गठबंधन तीन सौ से ज्यादा सीट ला करके अपनी सरकार बना रही है। उन्होंने पेपर लीक पर कहा कि सरकार स्वयं पेपर लीक कराती है, जिससे उसे नौकरी न देना पड़े और हमारे युवक उसी में उलझे रहें।

## देश-दुनिया घूम रहे पीएम मोदी को मणिपुर जाने की फुर्सत नहीं : मुकेश सहनी



दरभंगा। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी सभा पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह पूरे देश में घूम रहे हैं। लेकिन, अपने बगल में मणिपुर नहीं गए। क्या मणिपुर हमारे देश का हिस्सा नहीं है? उन्होंने कहा कि मणिपुर में जब से घटना हुई है, उसके बाद पीएम मोदी देश-दुनिया घूम लिए हैं। लेकिन, मणिपुर नहीं गए। यह उनका डबल स्टैंडर्ड है। उन्हें जहां जनता का विरोध फेस करना पड़ता है, वहां नहीं जाते। क्या बीते दस सालों में हमारे प्रधानमंत्री ने एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस किया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दस सालों से प्रधानमंत्री 'मन की बात' कर रहे हैं, लेकिन, आज तक प्रेस कांफ्रेंस नहीं किया। उन्हें पत्रकारों के सवालों का जवाब देना चाहिए। वह 2014 में 32 तथा 2019 में 39 सीट जीतने के बाद, क्या बिहार में एक रोज भी रात्रि विश्राम किए हैं। उन्होंने कभी भी बिहार में फैक्ट्री लगाने, बेरोजगारी दूर करने जैसी समस्या पर बात नहीं की है।

## सार संक्षेप

### लखीसराय में सीएम नीतीश कुमार की हुंकार, ललन सिंह को जीत दिलाने की अपील की

**लखीसराय।** बिहार की मुंगेर लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले तमाम राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लखीसराय के सूर्यगढ़ा प्रखंड में एक जनसभा को संबोधित किया। सीएम नीतीश कुमार के अलावा इस जनसभा में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई विधायक और नेता मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और लोगों से एनडीए उम्मीदवार ललन सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस दौरान ललन सिंह ने सीएम के सामने मंच से नल-जल योजना एवं ग्रामीण सड़क में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया।

### तमिलनाडु में 1.5 लाख छात्र नीट परीक्षा में हो रहे हैं शामिल

चेन्नई। सत्तारूढ़ द्रमुक जहां लगातार राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का विरोध कर रही है, वहीं तमिलनाडु से 1.5 लाख छात्र रविवार को परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। दोपहर 2 बजे से शुरू हुई परीक्षा शाम 5.20 तक चलेगी। इसमें 12,730 सरकारी स्कूल के छात्र शामिल हैं, जिन्होंने तमिलनाडु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मुफ्त नीट कोचिंग का लाभ उठाया है। नीट कोचिंग में भाग लेने वाले सरकारी स्कूल के छात्रों की संख्या में सलेम जिला 992 के साथ शीर्ष पर है, जबकि करूर में सबसे कम संख्या 71 है। नीट परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने कहा है कि देश भर के 557 शहरों और भारत के बाहर 14 शहरों में 24 लाख छात्र परीक्षा दे रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में तमिलनाडु में नीट के आयोजन के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन हुए, जब कई छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के बाद अपनी जान दे दी।

### हिंदू नेताओं को जान से मारने की धमकी देने वाला मौलाना सूरत में गिरफ्तार

**सूरत।** हिंदू सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा समेत अन्य हिंदू नेताओं को पाकिस्तान, नेपाल व अन्य देशों के लोगों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देने वाले मौलाना को सूरत क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। मौलाना को कामरेज के कठोर गांव से पकड़ा गया। उसका नाम सोहेल अबुबकर बताया गया है। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि सूरत क्राइम ब्रांच ने एक खुफिया सूचना के आधार पर मौलाना सोहेल अबुबकर को चौक बाजार भरीमाता फूलवाड़ी स्थित आइकरा अपॉर्टमेंट से गिरफ्तार किया।

## यौन उत्पीड़न की शिकायत

# राज्यपाल ने राजभवन के कर्मियों को पुलिस के साथ संपर्क से बचने को कहा



**कोलकाता,** 5 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने रविवार को कोलकाता में राजभवन के स्टाफ सदस्यों को एक अस्थायी महिला कर्मचारी द्वारा उनके खिलाफ पुलिस में दर्ज कराई शिकायत के मामले में पुलिस के साथ किसी भी प्रकार के संपर्क से बचने को कहा। राजभवन के एक्स हैंडल पर शेयर की गई एक अधिसूचना में स्टाफ सदस्यों को, मामले में ऑनलाइन, ऑफलाइन, व्यक्तिगत रूप से, फोन पर या किसी अन्य तरीके से कोई भी बयान देने से बचने को कहा गया है। इसमें विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 361 (2) और (3) के तहत, किसी राज्यपाल के पद पर रहने के दौरान पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है। गौरतलब है कि राज्यपाल के खिलाफ कथित आरोपों की जांच के लिए गठित कोलकाता पुलिस की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज की मांग की है। कोलकाता पुलिस ने शनिवार को राजभवन के भीतर स्थित पुलिस चौकी के प्रभारी से फुटेज मांगा। यह भी पता चला है कि एसआईटी शिकायत के आधार पर गवाहों से भी बात करेगी। राज्यपाल ने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है। महिला कर्मचारी द्वारा पुलिस में की गई शिकायत के एक दिन बाद शुक्रवार को राज्यपाल ने एक ऑडियो संदेश जारी किया था। इसमें दावा किया गया कि गलत मंशा से राजभवन में एक शख्स को रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि यह उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश है। ऑडियो संदेश में राज्यपाल ने राजभवन के कर्मचारियों से सतर्क रहने को भी कहा।

## राधिका खेड़ा ने छोड़ा कांग्रेस का दामन, प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम एक पत्र में उन्होंने लिखा, 'आदिकाल से ये स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता रहा है। हिरण्यकशिपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण हैं। वर्तमान में प्रभु श्रीराम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह विरोध कर रहे हैं।'

अयोध्या राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा कि हर हिंदू के लिए प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और राम लला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है, वहीं, कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज़्यादा दिए, जहां एनएसयूआई से लेकर एआईसीसी के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया, आज वहां ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है क्योंकि मैं अयोध्या में राम लला के दर्शन करने से ख़ुद को रोक नहीं पाई। मेरे इस पुनीत कार्य का विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए घटनाक्रम में मुझे न्याय देने से इनकार कर दिया गया। मैंने हमेशा ही दूसरों के न्याय के लिए हर मंच से लड़ाई लड़ी है, किंतु जब स्वयं के न्याय की बात आई तो पार्टी में मैंने स्वयं को हारा हुआ पाया। प्रभु श्रीराम की भक्त व एक महिला होने के नाते मैं बेहद आहत हूं। बार-बार पार्टी के समस्त शीर्ष नेताओं को अवगत कराने के बाद भी जब मुझे न्याय नहीं मिला , इससे आहत होकर मैंने आज यह कदम उठाया है।

# बिहार में भाजपा का नहीं खुलेगा खाता : अखिलेश प्रसाद सिंह



> **भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलने वाली है, कांग्रेस उन सभी तीन सीटों पर भारी मतों से जीत हासिल करेगी, जहां दूसरे चरण में वोट डाले गए हैं। बाकी बची 6 सीटों पर भी कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी: अखिलेश प्रसाद सिंह**

**पटना,** 5 मई (एजेंसियां)। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन सभी तीन सीटों पर भारी मतों से जीत हासिल करेगी, जहां दूसरे चरण में वोट डाले गए हैं। बाकी बची 6 सीटों पर भी कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस किसी एक जाति-धर्म की पार्टी नहीं है। देश में परिवर्तन की लहर चल रही है, यही कारण है कि भाजपा की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से जीते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली विधानसभा के पिछले दो चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वह जिस मुद्दे को उठाते थे, इससे सरकार परेशान हो जाती थी। दूसरी तरफ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद कर दिया गया। देश के लोकतंत्र में इस तरीके का काम पहले कभी नहीं होता था। आज मुद्दे को उठाने वालों को जेल में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। इसका क्या मतलब है? वह संविधान को बदलना चाहती है। भाजपा को देश के लोग सीरियस नहीं लेते हैं। मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह को पैरोल दिए जाने पर कहा कि किसकी सरकार ने उनके घर में एके-47 रखकर फंसाया गया था, यह मीडिया को दिखाना चाहिए। जिन लोगों ने अनंत सिंह को साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया, उन्होंने ही अब राजनीतिक फायदे के लिए उनको पैरोल दिलवाया।

# शाही परिवार के वारिस के ही पीएम, सीएम बनने की कुप्रथा चायवाले ने तोड़ी: मोदी



> **मोदी जमकर गरजे और इस संकल्पना पर तीखा हमला करते हुए कहा, इन परिवारवादियों की विरासत गाड़ी, बंगला, राजनीतिक रसूख है। कोई मैनपुरी, कन्नौज, इटावा को अपनी जागीर मानता है, कोई अमेठी रायबरेली को अपनी जागीर मानता: नरेन्द्र मोदी**

**इटावा,** 5 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को समाजवादी पार्टी के गढ़ इटावा में एक जनसभा के दौरान परिवारवाद पर तीखा हमला करते हुए कहा कि एक चायवाले ने शाही परिवार के किसी वारिस के ही पीएम और सीएम बनने की कुप्रथा को तोड़ दिया। यहां आयोजित जनसभा के माध्यम से एक साथ तीन लोकसभा क्षेत्रों (इटावा, मैनपुरी और कन्नौज) के मतदाताओं को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। जनसभा में परिवारवाद के खिलाफ मोदी जमकर गरजे और इस संकल्पना पर तीखा हमला करते हुए कहा, इन परिवारवादियों की विरासत गाड़ी, बंगला, राजनीतिक रसूख है। कोई मैनपुरी, कन्नौज, इटावा को अपनी जागीर मानता है, कोई अमेठी रायबरेली को अपनी जागीर मानता है। मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर है, मोदी की विरासत देश की करोड़ो माताओं-बहनों को मिला शौचालय है, मोदी की विरासत दलित गरीबों को मिली बिजली, गैस, नल की सुविधा है। मोदी की विरासत गरीबों को मिला मुफ्त राशन है, मुफ्त इलाज है, मोदी की विरासत आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बनाई गई नई शिक्षा नीति है, मोदी की विरासत तो सबकी है, सबके लिए है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा, बेटी प्रधानंत्री बने, मुख्यमंत्री बने। शाही परिवार का वारिस ही पीएम और सीएम बनेगा, ये कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी है।

सपा और कांग्रेस के वादों को झूठा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इनकी बातें झूठी, वादे भी झूठे हैं। सपा कांग्रेस के नारे झूठे, और नीयत में भी खोट है। इन लोगों ने कोरोना संकट काल में भी लोगों को नहीं बख्शा था। देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा कांग्रेस के लोग उसको भी बदनाम करते थे। खुद चोरी छुपे टीके लगवाते थे और टीवी पर सोशल मीडिया पर लोगों को भड़काते थे, ताकि हाहाकार फैले और मोदी पर कलंक लगे। अब ये हमारा लोकतंत्र हमारे संविधान को लेकर झूठ फैलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

# कांग्रेस ने ओडिशा की पांच विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार बदले



> ■ **पार्टी ने कटक जिले की अथागढ़, अंगूल जिले की अथमल्लिक, जाजपुर जिले की बारी, बालेश्वर जिले की जलेश्वर और पुरी विधानसभा सीटों के उम्मीदवार बदले**

**भुवनेश्वर,** 5 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने रविवार को ओडिशा की पांच विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार बदल दिये। साथ ही उसने एक और सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा की। पार्टी ने कटक जिले की अथागढ़, अंगूल जिले की अथमल्लिक, जाजपुर जिले की बारी, बालेश्वर जिले की जलेश्वर और पुरी विधानसभा सीटों के उम्मीदवार बदले हैं। पार्टी से नाराज चल रहे वरिष्ठ नेता सुदर्शन दास को जलेश्वर से देबी प्रसन्ना चंद की जगह और उमा बल्लभ रथ को पुरी सीट से सुजीत महापात्रा की जगह टिकट दिया गया है। भाजपा के पूर्व नेता देबाशीष नायक को शनिवार को कांग्रेस में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद बारी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इस सीट से पहले आरती देव को टिकट दिया गया था। नायक दो महीने पहले ही सत्तारूढ़ बीजू जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने अथमल्लिक से बीमार चल रहे विजयानंद चौलिया की जगह उनके भाई हिमांशु चौलिया को नया उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने अथागढ़ उम्मीदवार महबूब अहमद खान की जगह अब सुदर्शन साहू को टिकट दिया है।


अक्षय आचार्या को नीलगिरि विधानसभा सीट पर उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस और 'इंडिया' ब्लॉक ने सभी 147 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उल्लेखनीय है कि पार्टी ने पुरी लोकसभा सीट से सुचित्रा मोहंती की जगह जय नारायण पटनायक को टिकट दिया है। मोहंती ने चुनाव प्रचार के लिए पार्टी से कोई आर्थिक मदद न मिलने की बात कहते हुए टिकट वापस कर दिया था। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए एक साथ 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में मतदान होना है।

## चुनाव | नीतीश ने टाल क्षेत्र को मुद्दा बना कर उन्होंने राजनीति में कदम रखा था

# नीतीश का सियासी परवाज, परवान चढ़ने के पहले ही थम गया था

**पटना, 5 मई (एजेंसियां)। बिहार में सर्वाधिक नौ बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार का सियासी परवाज, परवान चढ़ने के पहले ही थम गयाा था। नीतीश कुमार ने अपने सियासी जीवन की शुरूआत जे.पी.आंदोलन में वर्ष 1977 में हरनौत विधानसभा से की थी। हरनौत विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह से टाल क्षेत्र में आता है और मोकामा के बाद दलहन-तिलहन के लिए यह टाल क्षेत्र मशहूर है।**

टाल क्षेत्र को मुद्दा बना कर उन्होंने राजनीति में कदम रखा था। वर्ष 1977 में हरनौत विधानसभा क्षेत्र से नीतीश कुमार ने जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें निर्दलीय भोला प्रसाद सिंह ने मात दे दी। श्री कुमार वर्ष 1980 में भी हरनौत विधानसभा क्षेत्र से चुनावी समर में उतरे, लेकिन इस बार भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। जनता पार्टी (सेक्यूलर) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे श्री कुमार को इस बार निर्दलीय प्रत्याशी अरूण कुमार सिंह ने मात दे दी। बताया जाता है कि लगातार दो हार के बाद श्री कुमार ने तय कर लिया था कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे।



वर्ष 1985 के विधानसभा चुनाव में श्री कुमार फिर हरनौत से चुनाव लड़ने उतरे। इस बार उनकी किस्मत चमक गयी। लोकदल प्रत्याशी नीतीश कुमार ने कांग्रेस के बृजानंदन प्रसाद सिंह को पराजित किया और पहली बार विधानसभा पहुंच गये। इसके बाद उन्होंने विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा। हरनौत सीट को श्री कुमार का अभेद किला माना जाता है। वर्ष 2005 से लेकर अबतक हुए चुनावों में उनकी पार्टी जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रत्याशी यहां से लगातार जीतते रहे हैं। श्री कुमार ने वर्ष 1989 में बाढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और पहली बार जीतकर संसद पहुंचे। उन्होंने इसके बाद बाढ़ संसदीय सीट से वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 में लगातार पांच बार लोकसभा चुनाव जीता। वर्ष 2004 में उन्होंने बाढ़ और नालंदा दो जगहों से लोकसभा का चुनाव लड़ा। नालंदा में श्री कुमार ने जीत हासिल लेकिन बाढ़ में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विजय कृष्णा ने जनता दल के नीतीश कुमार को पराजित किया था। इसके बाद से श्री कुमार ने न विधानसभा और न ही लोकसभा का चुनाव लड़ा है। श्री कुमार, अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भूतल परिवहन मंत्री, कृषि मंत्री और रेल मंत्री भी रहे हैं। नीतीश कुमार 03 मार्च 2000 को पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बनें हालांकि, बहुमत नहीं होने के कारण उन्होंने सात दिन में ही इस्तीफा दे दिया। इसके बाद राबड़ी देवी की सरकार गिरने के बाद नीतीश कुमार 24 नवंबर 2005 से अबतक आठ बार मुख्यमंत्री बने हैं। बीच में 20 मई 2014 से 22 फरवरी 2015 तक नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था।

> ■ **हरनौत विधानसभा क्षेत्र से नीतीश कुमार ने जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और हार गए थे**


**उल्टा पुल्टा**

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# पहली बार वोट देंगे करीब ढाई लाख युवा, मतदाता पंजीकरण में बढ़े एक लाख वोटर

## 1,47,074 से बढ़कर 2.43 लाख हुई संख्या

**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के ठोस प्रयासों से युवा मतदाता पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 22 जनवरी, 2024 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में दिल्ली में पहली बार मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मतदान सूची में पहली बार नामांकित मतदाताओं की संख्या 1,47,074 से बढ़कर लगभग 2.43 लाख हो गई है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने उम्मीद जताई कि पूरक मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अंतिम आंकड़ा लगभग 2.5 लाख तक बढ़ जाएगा। यह उपलब्धि बताती है कि युवाओं को केंद्र में रखकर चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान अपना उद्देश्य हासिल करने में सफल रहे हैं। दिल्ली के सीईओ पी. कृष्णमूर्ति ने बताया कि चुनावी साक्षरता क्लब, (स्कूल-1003 और कॉलेज-119) चुनाव पाठशाला (11,458), और मतदाता जागरूकता मंच (192), सहित



व्यापक भागीदारी पहल युवा, खासकर पहली बार वोट डालने जा रहे (18 से 19) वर्ष के मतदाताओं को, मतदाता सूची में खुद को पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित करने में निर्णायक रहे हैं।

दिल्ली में स्वीप गतिविधियां बड़े पैमाने पर आयोजित की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न जिलों में नुक्कड़ नाटक, ड्राइंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और मतदाता जागरूकता रैलियां जैसी विविध पहल शामिल हैं। इन गतिविधियों ने न केवल जागरूकता को बढ़ावा दिया है बल्कि युवा मतदाताओं में जिम्मेदारी और भागीदारी की भावना भी पैदा की है। साथ ही शहर के विभिन्न हिस्सों में स्वयं सहायता समूह की महिला मतदाताओं के लिए विशेष रूप से चुनाव जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरुकता अभियान के माध्यम से महिला मतदाताओं को दिल्ली में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मतदान प्रक्रिया में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए शिक्षित और प्रेरित किया जा रहा है।

### सुनीता केजरीवाल ने की दक्षिणी दिल्ली के देवली विधानसभा में रोड शो, बोली

# भाजपा सरकार की गुंडागर्दी व तानाशाही चरम पर

**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के देवली विधानसभा में विशाल रोड शो किया। यहां से इंडिया गठबंधन के 'आप' प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में आयोजित विशाल रोड शो में भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। एक तरफ समर्थकों की भीड़ से सड़क खचाखच भरी हुई थी, तो दूसरी तरफ बड़ी संख्या में लोग घर की बालकनी और छत पर खड़े होकर उनका अभिनंदन कर रहे थे। सुनीता केजरीवाल ने भी हाथ जोड़ कर दिल्ली की जनता से आशीर्वाद लिया और जेल का जवाब वोट से देने की अपील की। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की हर महिला को एक हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसीलिए इन्होंने आपके मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया, ताकि महिलाओं को एक हजार रुपए महीना न मिल सके। ये लोग चाहे कुछ भी कर लें। आपके सीएम शेर हैं और अपनी माताओं-बहनों को हजार रुपए महीना देकर ही दम लेंगे।

**'आप' प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ा भारी जन सैलाब**



**दिल्ली की महिलाओं को मिलने जा रहे हजार रुपए महीना को रोकने के लिए आपके सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला गया : सुनीता केजरीवाल**

देवली विधानसभा में रोड शो के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने आपके सीएम अरविंद केजरीवाल को जबरदस्ती जेल में डाला हुआ है। अभी तक किसी कोर्ट ने उनको दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है। क्या यह जांच 10 साल चलेगी तो ये लोग अरविंद केजरीवाल को 10 साल जेल में रखेंगे। इससे पहले कोई व्यक्ति तब जेल जाता था, जब अदालत उसे दोषी ठहरा देती थी। अभी इन्होंने एक नया सिस्टम निकाला है। ये कहते हैं कि जब तक जांच चलेगी, तब तक जेल में रहना पड़ेगा। यह सरासर इनकी गुंडगर्दी और तानाशाही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक सच्चे देशभक्त, ईमानदार और पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं। हमारी शादी के 30 साल हो गए। मैं 30 साल से उनको देख रही हूं। जब हमारी शादी तय हुई तो उन्होंने मुझसे एक ही सवाल पूछा कि मेरे समाज सेवा करने से तुम्हें कोई दिक्कत तो नहीं होगी? उनके मन में एक ही जूनून है कि आदमी आदमी की जिंदगी कैसे बेहतर किया जाए। 2011 में एक बहुत बड़ा आंदोलन हुआ। उस दौरान उन्होंने लोगों के हक के लिए दो बार लंबे-लंबे अनशन किए। उन्होंने 13-14 दिन तक कुछ नहीं खाया। अरविंद केजरीवाल को शुगर है और रोजाना इंसुलिन ले रहे हैं। डॉक्टर्स ने अनशन के लिए मना किया, लेकिन उन्होंने जनता के हक के लिए अपनी जान दांव पर लगा दी। अभी अरविंद केजरीवाल जेल गए तो इन्होंने उनकी इंसुलिन बंद कर दी। उनका शुगर लेवल 300 के उपर पहुंच गया। ऐसे तो अरविंद केजरीवाल की किडनी और लीवर खराब हो जाएगी। बड़ी मुश्किल से कोर्ट जाकर हमने परमिशन ली कि अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दी जाए। इन लोगों ने गुंडागर्दी मचा रखी है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल को 3 बार मुख्यमंत्री चुना है। यही सब इन लोगों को खटकता है कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को इतना प्यार क्यों करते हैं? अरविंद केजरीवाल का क्या कसूर है? क्या उनका यह कसूर है कि उन्होंने दिल्ली में बिजली 24 घंटे फ्री कर दी।

## सार संक्षेप

### कन्हैया अपने ऊपर दर्ज केस के बारे में बताएंगे : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उत्तर-पूर्वी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने उन पर तीखा हमला बोला है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि सोमवार को कन्हैया कुमार नामांकन के दौरान बताएंगे कि उनके ऊपर कौन-कौन से मुकदमे चल रहे हैं, कौन सी धाराओं में वह जमानत पर बाहर हैं। उनके नामांकन करने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता, हमारा लक्ष्य पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता खुद कह रहे हैं कि कन्हैया कुमार को कैसे वोट देंगे जो देश तोड़ने की बात करते हैं। बता दें, दिल्ली उत्तर-पूर्वी सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज तिवारी को टिकट दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को उम्मीदवार बनाया है।

### कंपनी कर्मचारी से लूटा 200 ग्राम सोना व नकदी

**नई दिल्ली।** सोने का कारोबार करने वाली एक कंपनी के कर्मचारी से आदर्श नगर थाना क्षेत्र में 201 ग्राम सोना समेत पांच हजार रुपए नकदी की लूट हुई है। इस वारदात को बाइक पर सवार दो बदमाशों ने अंजाम दिया। पीड़ित ने इसकी सूचना आदर्श नगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने बताया कि वह कंपनी की बाइक से करोल बाग स्थित दो कारोबारियों से सोने की दो चेन व सोना लेकर कंपनी लौट रहा था। तभी आजादपुर फ्लाईओवर पर पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की धारा में मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपितों का पता लगा रही है। उत्तरी-पश्चिमी जिला के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित रोहताश जहांगीरपुरी क्षेत्र में परिवार के साथ रहते हैं। आदर्श नगर स्थित सराय पीपल थाला एक्सटेंशन स्थित एक सोने के आभूषण बनाने वाली निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह बीते बुधवार की शाम कंपनी की बाइक से रेगपुरा करोल बाग स्थित एक गोल्ड फैक्ट्री से 10 ग्राम की सोने की चेन व 66 ग्राम सोना व एक अन्य दुकान से 125 ग्राम सोने की चेन अपनी पेंट की जेब में रखकर बाइक से वापस कंपनी लौट रहे थे।

### बरवाला गांव में जनसभा को डॉ. उदित राज ने किया संबोधित

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. उदित राज का मुकाबला बीजेपी के योगेंद्र चंदोलिया से है। वह न केवल लोगों के बीच जाकर सभी से मिल रहे हैं, बल्कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं। रविवार को उन्होंने बवाना विधानसभा का दौरान किया। जहां बरवाला गांव में जनसभा को संबोधित किया। वार्ड 29 में कार्यालय का उद्घाटन किया। दरियापुर कलां गांव की जाटव चौपाल में जनता को संबोधित किया। होलम्बी कलां और झीमरपुरा गांव का दौरा किया, वहीं रिठाला गांव में एक संयुक्त सभा में शामिल हुए। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने ही उनके द्वारा कराए कार्यों की सराहना की। इस दौरान विधायक राजेंद्र पाल गौतम, विधायक रिठाला महेंद्र गोयल, प्रदीप बरवाला, बलदेव बरवाला, ओमेंद्र राणा, मेमवाती बरवाला, सत्यप्रकाश डबास, मनजीत सिंह, रतनलाल, चंद्रपाल, नरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, प्रकाश, दीप खत्री, विशाल मान, पूर्व विधायक जसवंत राणा, नागेंद्र प्रजापति, ताराचंद सैनी, नानकचंद त्यागी आदि ने जनसंपर्क अभियान में सहयोग दिया। डॉ. उदित राज ने वार्ड-29 पूथ खुर्द कार्यालय का उद्घाटन किया। वहां कार्यकर्ता से मुलाकात की उन्हें लोगों को महंगाई और रोजगार संबंधी मुद्दों से परिचित कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस सभा में कहा कि तानाशाह बीजेपी सरकार ने खेल बना लिया है या तो मिल जाओ वरना जेल जाओ, लेकिन अब जनता के वोट से जेल के ताले टूटेंगे।



# 'आप' के हरियाणा सहप्रभारी समेत कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन




**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के हरियाणा के सहप्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, द्वारका से पार्टी नेता मुकेश सिन्हा और कादीपुर से प्रवीण राणा समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी व घोंडा विधायक अजय महावर ने उनकी ज्वाइनिंग कराई और पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान आप नेता बाबा तिवारी, विनोद मुदल, दुर्गेश, सत्यम सिंह, गौरव सिंह, अजय पाठक, चन्दन सिंह, विक्की सिंह, नीरज पांडेय भी भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर ध्यान देना है और प्रत्येक मतदाता का वोट डलवाने का संकल्प लेना है। इसी संकल्प के माध्यम से भाजपा दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ऐसी सरकार है जिसके कार्यकाल में भ्रष्टाचार के किस्से लगातार सामने आ रहे हैं। मनोज तिवारी ने कहा कि भाजपा में ऐसे लोग शामिल हुए हैं जिन्होंने जनता के लिए काम किया है। इनके पार्टी में शामिल होने से मजबूती मिलेगी। भाजपा में शामिल हुए आप नेता दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अन्ना आंदोलन में ऐसा लगा कि मानो दिल्ली में नई क्रांति आ सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शुरूआती दौर के साथी भी अब 'आप' के साथ नहीं हैं।

**प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर ध्यान देना है व प्रत्येक मतदाता का वोट डलवाने का संकल्प लेना है : वीरेंद्र सचदेवा**

### इंडी गठबंधन कौन सी वाशिंग मशीन में धुल कर खुद को पाक साफ दर्शाता है : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की दिल्ली वाले चाहते हैं की दागदार अरविंद केजरीवाल के दागी साथी बताएं की बेल पर चल रहे सोनिया गांधी परिवार के आलावा आय से अधिक सम्पति के मामले झेल रहा लालू यादव परिवार, भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे अखिलेश यादव एवं हेमंत सोरेन जैसे नेताओं को लेकर बना इंडी गठबंधन कौन सी वाशिंग मशीन में धुल कर खुद को पाक साफ दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की बेहतर होगा की दूसरों पर उंगली उठाने से पहले आप नेता दिल्ली वालों को बताएं की आखिर क्यों अरविंद केजरीवाल को किसी भी अदालत से जमानत नहीं मिल रही और आखिर क्यों वह बेल की रेल में बैठे नेताओं के साथ इंडी गठबंधन का भाग बने हैं। कपूर ने कहा है की जब बेल पर चल रहे संजय सिंह जैसे नेता भ्रष्टाचार पर बोलते हैं तो बहुत हास्यास्पद लगता है और ऐसे नेताओं के कारण ही राजनीतिक व्यवस्था अपनी विश्वसनीयता खो रही है। कपूर ने कहा अब आप नेता कितने भी वाकथन कर लें पर इंडी गठबंधन के सातों उम्मीदवार लाखों वोटों से चुनाव हारेंगे।

### 'मोदी वॉशिंग मशीन' में धुल रहे भ्रष्टाचारियों के दाग :'आप'

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी करार देते हुए रविवार को कहा कि 'मोदी वॉशिंग मशीन' में भ्रष्टाचारियों के दाग धुल रहे हैं। 'आप' ने आज यहां राजेंद्र नगर में 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया। इस दौरान 'आप' सांसद संजय सिंह ने कहा कि लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का वॉकथॉन एक बहुत अच्छा तरीका है। हम लोग जनता के बीच जा रहे हैं और बता रहे हैं कि किस तरह मोदी वॉशिंग मशीन 2014 के बाद पूरे देश के भ्रष्टाचारियों को भाजपा के साथ मिलकार, उनका सहयोग लेकर और मंत्री बनाकर उनके भ्रष्टाचार के दाग को धुल रही है। यह कोई छोटा मामला नहीं है। खुद प्रधानमंत्री ने अशोक चौव्हान के लिए कहा कि कारगिल के विधवाओं के फ्लैट के पैसे खाए। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अजीत पवार के लिए कहा कि 70 हजार करोड़ रुपए का सिंचाई घोटाला किया। खुद प्रधानमंत्री ने प्रफुल्ल पटेल के लिए कहा कि उनका संबंध इकबाल मिर्ची से हैं, जो दाउद इब्राहिम का आदमी है। ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री ने अपनी पार्टी में मिला लिया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा पर घोटाले का आरोप लगाकर बुकलेट जारी करती है। इसके बाद उसे भाजपा में मिला लेते हैं और मुख्यमंत्री बना देते हैं।

# लैंडफिल साइट के पास स्थित डेयरी फार्मिंग को हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। भलस्वा लैंडफिल साइट के पास स्थित डेरी फार्मिंग को दिल्ली हाई कोर्ट ने तुरंत दूसरे जगह ले जाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ-साथ गाजीपुर लैंडफिल साइट के पास मौजूद डेयरी को भी हटाने का निर्देश जारी किया गया है। दरअसल, भलस्वा लैंडफिल साइट के पास स्थित डेयरी का दूध पीने लायक नहीं है। पॉल्यूशन से चलते यहां रहने वाले पशु के साथ-साथ डेयरी का दूध पीने वाले लोगों को नुकसान हो रहा है। दिल्ली हाई कोर्ट का कहना है कि जिन जगहों पर प्रॉपर सीवरेज ड्रेनेज सिस्टम, बायोगैस आदि की सुविधा नहीं है, वहां डेयरी नहीं होनी चाहिए। भलस्वा इलाके में डेयरी चलाने वाले लोगों से आईएएनएस ने बातचीत की। इस दौरान लोगों ने बताया कि इलाके में अब 10 फीसदी ही डेयरी बची है। अन्य जगहों पर रिहायशी इलाके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईकोर्ट को जो रिपोर्ट दी गई, वह खुले में घूम रही गायों को देखकर दी गई है। वहीं, दूसरी तरफ पशुपालन और डेयरी से जुड़े लोगों का कहना है कि वह गाय के चारे और उनके रहने का इंतजाम अपनी जगह पर करें,।




**जिन जगहों पर प्रॉपर सीवरेज ड्रेनेज सिस्टम, बायोगैस आदि की सुविधा नहीं है, वहां डेयरी नहीं होनी चाहिए : हाईकोर्ट**

### चुनाव से पहले एफएसटी टीम ने बीएमडब्ल्यू से 2 करोड़ से अधिक रकम पकड़ी

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। दिल्ली में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बॉर्डर और अलग-अलग एरिया पर फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) और स्टेटिक स्क्वाड टीम (एसएसटी) टीम लगातार काम कर रही है। एफएसटी टीम ने एक बीएमडब्ल्यू कर से दो करोड़ रुपये की रकम बरामद की है और इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी गई है। जानकारी के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने शनिवार को दक्षिण पूर्वी दिल्ली के ओखला औद्योगिक क्षेत्र में एक बीएमडब्ल्यू कार से 2 करोड़ रुपए से अधिक बरामद किए और दो लोगों को हिरासत में लिया है।

अधिकारियों के मुताबिक, चुनाव आयोग द्वारा गठित तुगलकाबाद की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) के साथ स्थानीय पुलिस को ओखला औद्योगिक क्षेत्र में वाहनों की जांच करने के लिए तैनात किया गया था। उन्होंने जांच के लिए एक बीएमडब्ल्यू कार को रोका और दो कार्डबोर्ड डिब्बों में रखी भारी मात्रा में नकदी बरामद की।

# नकली मसाला बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करावल नगर इलाके में नकली मसाला बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान दिलीप सिंह उर्फ बंटी (46), सरफराज (32) और आपूर्तिकर्ता खुर्शीद मलिक (42) के रूप में हुई। इनके कब्जे से 15 टन मिलावटी मसालों के साथ कच्चा माल भी बरामद किया गया है। मसालों में पिसा हुआ धनिया, हल्दी, अमचूर और सूखी लाल मिर्च शामिल हैं।



**कब्जे से 15 टन मिलावटी मसालों के साथ कच्चा माल भी बरामद**

पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में कुछ निर्माता/दुकानदार विभिन्न ब्रांडों के नाम पर मिलावटी मसाले बनाकर दिल्ली-एनसीआर में बेच रहे हैं। पुलिस उपायुक्त (अपराध) राकेश पावरिया ने कहा, जानकारी मिलने के बाद एक मई को इस संबंध में जानकारी जुटाने के लिए साइबर सेल, क्राइम ब्रांच दिल्ली से इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह की देखरेख में एक टीम तैनात की गई। जानकारी जुटाने पर सूचना मिली कि करावल नगर इलाके में दो नकली मसाला बनाने वाले गिरोह सक्रिय हैं। पुलिस टीमों ने छापेमारी की और दिलीप और खुर्शीद को पकड़ लिया गया। दिलीप ने पुलिस को बताया कि वह इस इकाई का मालिक है। खुर्शीद ने बताया कि वह इन मिलावटी मसालों का आपूर्तिकर्ता है।

डीसीपी ने कहा कि आगे की पूछताछ से पता चला कि एक अन्य इकाई काली खाता रोड, करावल नगर दिल्ली में भी चल रही है। वहां पर कार्रवाई करते हुए सरफराज को मिलावटी मसाले बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने कहा कि दोनों जगह मालिक इन मिलावटी मसालों को बनाकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे थे।

# अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र ने संभाला प्रदेश कांग्रेस का पदभार

**नई दिल्ली,** 5 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को ढोल-नगाड़ों और नेताओं व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पदभार संभाला। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेताओं ने पार्टी आलाकमान की ओर से आप के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने के निर्णय को उचित ठहराया। इतना ही नहीं, उन्होंने दिल्ली की समस्त सातों सीटों पर गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया। साथ ही, अगले वर्ष दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनाने का भी ऐलान किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन, प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा व चौ. अनिल कुमार के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे देवेन्द्र यादव ने अंतरिम अध्यक्ष बनाने पर पार्टी के तमाम आला नेताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर देवेन्द्र ने कहा कि इस चुनौती पूर्ण समय में हमें एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने के लिए से पार्टी की विचारधारा के अनुरूप काम करना है। आज देश कांग्रेस की ओर देख रहा है, क्योंकि भाजपा सरकार के 10 वर्षों के शासन में गरीब, मजदूर, युवा, महिला, किसान व निम्न वर्ग परेशान है। इसके अलावा देश की 95 प्रतिशत जनसंख्या भाजपा के पूंजीपति संरक्षण की नीति से पीड़ित है। हमें संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी होगी। चुनाव में हमें मिलकर काम करना है और चुनौती भरे समय में 25 मई को दिल्ली की सभी सातों सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाकर यह संघर्ष तब तक जारी रखना है जब तक कांग्रेस दिल्ली में पुरानी जमीन वापस नहीं पा लेती। इसके लिए हमें दिल्ली के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होगा और वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को दिल्ली में बहुमत के साथ वापसी करानी होगी।



- नेताओं ने आप से समझौते पर मुहर लगाई, गठबंधन को जिताने का लिया संकल्प
- अगले वर्ष दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस की सरकार बनाने का भी किया ऐलान

#### लवली के सुर में सुर मिलाने वाले तमाम नेता भी पहुंचे

आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन, उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज व उत्तर पूर्व दिल्ली से कन्हैया कुमार को टिकट देने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली के त्याग पत्र देने के बाद उनके घर पहुंचे। अधिकतर कांग्रेस नेता कार्यक्रम में पहुंचे।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-हजरतपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित भूखण्ड संख्या-79, क्षेत्रफल-110 वर्ग0 मी0 श्री श्यौराज पुत्र श्री चेतराम निवासी-बिरौण्डी चक्रसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर के पक्ष में आवंटित किया था। आवंटी श्री श्यौराज पुत्र श्री चेतराम निवासी-बिरौण्डी चक्रसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानों श्रीमती उषा, अन्जू श्री पवन कुमार, दीपक कुमार पत्नी/पुत्री/पुत्रगण स्व0 श्री श्यौराज निवासी-ग्राम- बिरौण्डा चक्रसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 द्वारा श्री पवन कुमार, दीपक कुमार पुत्रगण स्व0 श्री श्यौराज निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चक्रसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्री पवन कुमार, दीपक कुमार पुत्रगण स्व0 श्री श्यौराज निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चक्रसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

जितेंद्र बहादुर नाम के व्यक्ति ने एक्सप्रेस वे थाने में दी शिकायत में बताया कि वह वर्तमान में जेपी विशटाउन सोसाइटी में रहते हैं। उनकी बेटी बीटेक की पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि जब शिकायतकर्ता की बेटी बस से उतरकर घर आती है तो गुलशन मॉल के पास इशु, रूथु समेत चार युवतियां और एक युवक उससे मिलते हैं। ये लोग उसे बाइबल पढ़ने के लिए बुलाते हैं। उससे कहते हैं कि आप हमारे घर पर आओ। पांचों ने शिकायतकर्ता के साले की बेटी के साथ भी इसी तरह की वारदात की है। **शैव्या गोयल, एसीपी**

# जीडीए उपाध्यक्ष के नेतृत्व में मधुबन बापूधाम योजना में चला स्वेच्छिक सफाई अभियान

■ **जीडीए उपाध्यक्ष, सचिव समेत अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया श्रमदान**







**गाजियाबाद,** 5 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स की पहल पर रविवार की सुबह जीडीए की महत्वाकांक्षी योजना मधुबन बापूधाम में गोल चक्कर के पास श्रमदान स्वैच्छिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। दो घंटे से ज्यादा देर तक चले इस अभियान में जीडीए के सभी अनुभागों के अधिकारी, लगभग 500 कर्मचारी व आवंटियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वेच्छिक श्रमदान किया। खास बात यह रही की जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, सचिव राजेश कुमार सिंह समेत तमाम अधिकारियों ने कर्मचारियों ने बड़े समन्वय के साथ इस अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर जीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का दोहरा उद्देश्य है – संचारी रोग नियंत्रण के क्रम आम जनता, विशेषकर ऐसी योजनाएं/कॉलोनी जिनका रख–रखाव व अनुरक्षण प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है, उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है तथा काफी समय से अनदेखी की जा रही मधुबन बापूधाम योजना में जीवामृत भरना।

बहुत जल्दी जीडीए की अन्य कालोनियों में भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे, जिसमें साफ सफाई, डिफॉगिंग आदि का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। बता दें कि कुछ दिन पूर्व आयुक्त मेरठ द्वारा भी बैठक लेकर सफाई के निर्देश दिए गए थे।

उपाध्यक्ष अतुल वत्स व अन्य अधिकारी व कर्मचारी निर्धारित समय पर मधुबन बापूधाम में पहुंच गए थे और वहां पर व्यवसायिक भूखंडों की सफाई शुरू की। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो घंटे से ज्यादा श्रमदान किया और वहां पर खड़ी झाड़ियों को हटाया। साथ ही सड़क की भी सफाई भी की। इतना ही नहीं वहां जो भी कूड़ा करकट पड़ा था उसको बैग्स में भरकर हटाया गया और इन व्यवसायिक भूखंडों को साफ सुथरा कर दिया। इस दौरान कई आवंटी भी आज इस इलाके में पहुंचे और उन्होंने जीडीए अधिकारियों से इसके बारे में जानकारी ली।

लोगो द्वारा इस प्रयास को सराहा गया और माह में कम से कम एक बार अभियान स्वरूप सफाई का अनुरोध किया गया। अधिकारियों ने उन्हें विश्वास दिलाया और कहा कि यदि उनका भूखंड यहां है तो वह इसकी रजिस्ट्री करा लें, रजिस्ट्री का कार्य शुरू किया जा चुका है, अब एमबीडी जीडीए की प्राथमिकता में है। इस कार्यक्रम में जीडीए उपाध्यक्ष व सचिव के अलावा मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह अधिशासी अभियंता आलोक रंजन सहायक, अभियंता रूद्रेश कुमार शुक्ला, पीयूष कुमार सिंह, डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, जीडीए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रीचंद सारस्वत समेत अभियंत्रण खंड, नियोजन खंड, लेखाकार खंड, मास्टर प्लान खंड समेत के तमाम अधिकारी में कर्मचारी इस स्वच्छ सफाई अभियान में शामिल हुए।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

■ **मुख्य आरोपी समेत दो की पूर्व में हो चुकी है गिरफ्तारी**

■ **अन्य आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश जारी**

**नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। धोखाधड़ी से फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचने वाले आरोपी को फेज तीन पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत दो लोगों की गिरफ्तारी पूर्व में ही हो चुकी है। कई अन्य की तलाश अभी जारी है। आरोपियों ने गिरोह बनाकर करीब 50 से 60 करोड़ रुपए की जमीन कई लोगों को बेच दी थी। फेज तीन थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की पहचान बुलंदशहर के सिकंद्राबाद निवासी राजेश कुमार के रूप में हुई है। बीते दिनों गढ़ी चौखंडी निवासी प्रमोद यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह और विनोद कुमार यादव गांव की खसरा संख्या-115 की पैतृक भूमि के मालिक हैं और काबिज हैं। 27 दिसम्बर 2023 को भूलेख पटल पर खतौनी देखने पर पता चला कि खतौनी में कुछ अपरिचित लोगों द्वारा खसरा संख्या-115 की भूमि को खरीदी गई बताकर दाखिल खारिज किए गए हैं, जबकि शिकायतकर्ताओं ने या उनके परिवार के किसी व्यक्ति द्वारा कोई भूमि नहीं बेची गई। भूमि के संबंध में इस प्रकार की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित का परिवार का चिंतित हो गया और उपनिबंधक नोएडा के कार्यालय में जाकर इसकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि मामूरा के महेश कुमार, योगेंद्र कुमार, विशाल चौहान, विकास चौहान, निखिल चौहान, बख्तावरनपुर नार्थ वेस्ट दिल्ली के सुरेंद्र कुमार, बुराड़ी दिल्ली की गीता देवी, घड़ोली ईस्ट दिल्ली के श्याम सलोने, सेक्टर-126 नोएडा के युद्धवीर सिंह, उत्तर नगर वेस्ट दिल्ली के रविंद्र कुमार आदि लोगों ने गिरोह बनाया। यही नहीं इन लोगों ने सुनियोजित तरीके से खसरा संख्या-115 की कुल 6,525.38 वर्गमीटर भूमि को हड़पने और अवैध धन कमाने की नियत से 17 जुलाई 2023 से 4 अक्टूबर 2023 के बीच दोनों भाईयों के स्थान पर फर्जी लोगों को खड़ा करके पहचान पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड पर फर्जी लोगों के फोटो लगाकर 16 फर्जी बैनामे अपने नाम करा लिए। केस दर्ज करने के कुछ ही दिन बाद पुलिस ने फुरकान और कमल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। अब इस मामले में राजेश की गिरफ्तारी हुई है। तीनों ही आरोपियों के नाम एफआईआर में नहीं थे। जांच के दौरान इनके नाम सामने आए और पुलिस ने तीनों को आरोपी बनाया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित है जो सभी संभावित ठिकानों पर बीते कई दिनों से दबिश दे रही है।

## सार संक्षेप

### भूसा दान करने वालों को जिलाधिकारी करेंगे सम्मानित

**गाजियाबाद।** जिले में गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गौवंश के लिए भूसा दान करने वालों को जिलाधिकारी सम्मानित करेंगे। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी पांडेय ने बताया कि पांच सौ से अधिक गौवंश गौआश्रय स्थलों में संरक्षित किए गए जिनके लिए वर्ष भर के लिए भूसे की आवश्यकता है। गौवंश के लिए 22452 कुंतल भूसा दान में प्राप्त करने का शासन द्वारा लक्ष्य दिया गया है। अब तक 173 कुंतल भूसा दान में प्राप्त हो गया है। निराश्रित गौवंश के लिए भूसा दान करने वाले किसानों, दानदाताओं, गौवंश के श्रद्धालुओं अन्य संस्थाओं को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी तथा नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद स्तर पर अधिशासी अधिकारी भूसा संग्रह का कार्य करा रहे हैं।

### मेट्रो स्टेशन के पास से बाइक चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-62 इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन के पास से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। इसको लेकर उन्होंने सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में निशांत चौहान ने बताया कि छह अप्रैल को वह कुछ काम से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी बाइक को पार्किंग में खड़ी किया था। जहां से अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बाइक को चोरी कर ली। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### सोसाइटी की 17वीं मंजिल पर लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसायटी के टीबी टावर के 17 मंजिल पर स्थित बंद पड़े फ्लैट में रविवार सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर आग लग गई। फ्लैट के अंदर एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण धुआं भर गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और सोसायटी के सिक्योरिटी गार्ड को दी। सोसाइटी के फायर सिस्टम से सुरक्षाकर्मी आग को बुझाने में लग गए। इधर से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही सोसाइटी के फायर सिस्टम से आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। गनीमत रही कि हादसे के समय सोसाइटी का फायर सिस्टम एकदम सही था,जिसकी वजह से महज 20 मिनट में ही आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड ने आग को आगे बढ़ने नहीं दिया। फ्लैट में लगी आग का धुआं दूर से ही दिखाई पड़ रहा था।

### तेज आवाज में संगीत बजाने से रोकने पर युवक को पीटा

**नोएडा।** सेक्टर 66 ममूरा में तेज धुन में संगीत बजाने से रोकने पर एक युवक को तीन अन्य युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इसको लेकर पीड़ित युवक की मां ने फेज तीन थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में सीमा सिंह ने बताया कि वह ममूरा में राकेश चौहान के मकान में रहती है, इसके साथ ही उनके मकान की देखरेख करती हैं। उन्होंने बताया कि मकान में रहने वाले सोनू,मोनू और विवेक मकान में तेज धुन में संगीत बजाते हैं। जिससे मकान में रहने वाले अन्य लोगों को काफी दिक्कत होती है। जब कोई उनको रोकता है, तो तीनों आरोपी उनके साथ गाली गलौच करते हैं।

# साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर स्थापित हुआ पहला ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन



**गाजियाबाद,** 5 मई (देशबन्धु)। सतत विकास की दिशा में एनसीआरटीसी ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए साहिबाबाद स्टेशन पर पहले इलैक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का अनावरण किया है। अब यात्री अपने ई वाहनों को साहिबाबाद स्टेशन पर लाकर आसानी से चार्ज कर सकेंगे। यह ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन के गेट नंबर एक पर स्थित बनाया गया है। इस ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन पर विभिन्न प्रकार के ई-वाहनों को चार्ज करने की सुविधा है। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां वाहनों की चार्जिंग के लिए 3.3 किलोवाट की क्षमता वाली तीन धीमी चार्जिंग यूनिट और इसके साथ ही 30 किलोवाट की क्षमता वाली एक तेज़ चार्जिंग यूनिट लगाई गई है। इस सुविधा का लुत्फ उठाने के लिए वाहन मालिकों को एक निर्धारित मोबाइल एप्लिकेशन का प्रयोग करना होगा, जिसमें वाहनों की चार्जिंग के दौरान उपयोग होने वाली विद्युत की खपत की मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। इसके साथ ही इस मोबाइल एप्लिकेशन में वाहन चार्जिंग में उपयोग हुई विद्युत की यूनिट के हिसाब से ऑनलाइन भुगतान करने की भी सुविधा होगी।

# पति नहीं लाया कूलर, विवाद के बाद पत्नी ने लगाई फांसी



**गाजियाबाद,** 5 मई (देशबन्धु)। एक पत्नी ने भीषण गर्मी में अपने पति से कूलर लाने को कहा कि पति कूलर नहीं ला सका तो दोनों के बीच विवाद हो गया। नाराज पत्नी ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी (वेव सिटी) पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतका का नाम मोनिका है जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। डेढ़ साल पहले ही उसकी जयभूषण से शादी हुई थी। उनका छह महीने का एक बच्चा भी है। मोनिका अपने पति और बच्चे के साथ सुदामापुरी में रहती थी। साथ में मोनिका के दो छोटे भाई भी वहीं रहते थे। जयभूषण मजदूरी करता है। उनका कमरा तीसरी मंजिल पर है। शुरुआती जांच में पता चला है कि भीषण गर्मी होने के चलते पत्नी मोनिका ने पति जयभूषण से कूलर लाने के लिए कहा था, मगर वह कूलर नहीं ला सका। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद पति घर से चला गया। इसी बीच पति से नाराज मोनिका ने रविवार सुबह चुनरी से फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका के ही छोटे भाइयों ने यह देखकर उसे फंदे से नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी।

# नालियां साफ नहीं होने से गंदगी का आलम

**खोड़ा,** 5 मई (देशबन्धु)। नालियों की नियमित सफाई न होने से कई क्षेत्रों में नालियां बजबजा रही है। नालियों में दूषित पानी भरे रहने से मच्छर पनप रहे है। प्रत्येक वर्ष बरसात से पहले नगर पालिका परिषद द्वारा नाले और नालियों की सफाई का कार्य कराया जाता है। बीमारियों से बचाव के लिए एंटीलार्वा दवाईयों का छिड़काव किया जाता है। लोगो का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी आते है और सफाई की औपचारिकता पूरी करके वापस लौट जाते है। क्षेत्रों में अभी कई जगहों पर नालियों की सफाई का कार्य अधूरा पड़ा है।

नालियों की अच्छी तरह सफाई न होने से मच्छरों की भरमार हो गई है। बरसात होने के उपरांत नालियों का पानी सड़कों पर उफनाकर बहने की संभावना रहती है। स्थानीय निवासी एव पूर्व नामित सभासद बी बी तिवारी ने बताया कि इन्दिरा गार्डन शिव पार्क जर्दा कालोनी आदि क्षेत्रों में नालियों की सफाई का बढ़िया इंतजाम नहीं है। नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी मनमानी ढंग से इधर उधर कार्य करके निकल जाते है। मामले की शिकायत अधिकारियों से करने के बावजूद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। नालियों में मच्छर पनपने और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव न होने से बीमारी फैलने का खतरा बना है।

# टीचर डेवलपमेंट प्रोग्राम में शिक्षा के नवीनतम संसाधनों से कराया गया वाकिफ



**नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज में टीचर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि गौतमबुद्धनगर के डीआईओएस डॉ. धर्मवीर सिंह और विशिष्ठ अतिथि पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति के प्रदेश महासचिव राजेंद्र चौहान रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में लंदन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश मिश्रा, लाइफ कोच नीता कुमार, कॉलेज के चेयरमैन संदीप सिंह, डीजी एसके शुक्ला और डायरेक्टर कनिका सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों को नवीनतम शिक्षा तकनीकों, मनोविज्ञान, और कक्षा कार्य की नवीनतम विधियों के साथ परिचित कराना एवं प्रयोगात्मक शिक्षण पद्धति के द्वारा उन्हें अधिक प्रोफेशनल बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। यह कार्यक्रम हमारे समाज के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। क्योंकि अध्यापक समाज के नेतृत्व की भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डीआईओएस धर्मवीर सिंह ने कहा की इस तरह के डेवलपमेंट प्रोग्राम से हमारे शिक्षकों में नई ऊर्जा उत्पन्न होती है। जिसका लाभ हमारे भविष्य जो हमारे विद्यार्थी हैं उनको प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में मिलेगा। दसवीं एवं बारहवीं के रिजल्ट में प्रदेश स्तर पर हमारा जिला एक अलग छाप छोड़ने लगा है जिसका श्रेय हमारे जिले के हर एक शिक्षक को जाता है। उन्होंने कॉलेज की इस उत्कृष्ट पहल की सराहना भी की। राजेंद्र चौहान ने कहा की प्रदेश के बच्चे टॉपर बन रहे हैं यह बदलते भारत की तस्वीर है जो हमारे शिक्षक बना रहे हैं और हमारे लिए यह गर्व की बात है क्योंकि हम इसके साक्षी हैं।

कॉलेज अध्यक्ष संदीप सिंह ने विशेष रूप से सामाजिक सुधार के लिए लगातार अध्ययन और सुधार की उन्नति के लिए शिक्षकों की जोशीली भावना की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा हमारे शिक्षक ही हमारे देश के भाग्यविधाता हैं। देशहित में आप सभी शिक्षकों का योगदान अमूल्य है।

# धर्मांतरण के लिए उकसाने के मामले में चार युवतियों समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**धार्मिक पुस्तक पढ़ने के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने चार युवतियों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवतियां तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश और मिजोरम की रहने वाली हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है:**
**शैव्या गोयल, एसीपी**

■ **जेपी विशटाउन और वाजिदपुर गांव के पास स्थित गुलशन मॉल के आसपास सक्रिय थीं युवतियां**

■ **शनिवार को युवतियों का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल**

**नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। बीटेक की छात्रा और उसकी चचेरी बहन को धर्मांतरण के लिए उकसाने के मामले में एक्सप्रेस वे पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार युवतियां भी शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां उसे उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि जितेंद्र बहादुर नाम के व्यक्ति ने एक्सप्रेस वे थाने में दी शिकायत में बताया कि वह वर्तमान में जेपी विशटाउन सोसाइटी में रहते हैं। उनकी बेटी बीटेक की पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि जब शिकायतकर्ता की बेटी बस से उतरकर घर आती है तो गुलशन मॉल के पास इशु, रूथु समेत चार युवतियां और एक युवक उससे मिलते हैं। ये लोग उसे बाइबल पढ़ने के लिए बुलाते हैं। उससे कहते हैं कि आप हमारे घर पर आओ। पांचों ने शिकायतकर्ता के साले की बेटी के साथ भी इसी तरह की वारदात की है। पीड़ित ने आशंका व्यक्ति है कि ये लोग बाइबल पढ़ने के बहाने घर पर बुलाकर धर्म परिवर्तन कराने का रैकेट चलाते हैं। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाई वाई बोन, अभिरैना, ऋषभ नायर, रवि तेजा, ईशु और रूथु को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्त में आरोपियों में वह मकान मालिक भी शामिल है,जिसके यहां अन्य पांच रहते थे और लोगों को धार्मिक पुस्तक पढ़ने के लिए बुलाते थे। युवतियों से जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि परास्नातक की पढ़ाई करने के लिए आई थीं और कई युवतियों के संपर्क में आ गईं। धार्मिक पुस्तक पढ़ने के लिए अब तक युवतियों ने कितने लोगों को उकसाया इस बारे में उन्होंने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी है।

**यहां सक्रिय है गिरोह**

शिकायतकर्ता के मुताबिक जेपी विश टाउन और वाजिदपुर गांव के पास स्थित गुलशन मॉल के आसपास से गुजरने वाली किशोरियों को जबरन दूसरे धर्म की पुस्तकें पढ़ने के लिए बरगलाया जा रहा है। आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से गुलशन मॉल और विश टाउन के आसपास एक समुदाय विशेष के लोग सक्रिय हैं जो किशोरियों को रास्ते में रोक कर उनको भ्रमित कर धर्म की पुस्तके पढ़ाकर धर्मांतरण का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने इसका वीडियो बनाया था और सोशल मीडिया पर उसे साझा कर दिया था। वायरल वीडियो में हालांकि युवतियों ने चेहरे को ढक लिया है और कुछ भी बोल नहीं रही हैं। वीडियो में कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को टैग कर यूजर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

# श्री राम कथा का विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ



**नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। सेक्टर 82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा का रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ हुआ। बैंड बाजे व ढोल नगाड़ों साथ 207 महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूरे सेक्टर में कलश यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में आगे आगे ऊंट फिर बैंड बाजा इसके बाद कथा व्यास महामंडलेश्वर पंचमानंद महाराज का रथ उसके पीछे कलश धारण किए महिलाएं एवं भक्तजन और ट्रैक्टर पर सवार भगवान राम, सीता , लक्ष्मण, हनुमान जी शोभायात्रा को शोभायमान कर रहे थे। बैंड बाजों की थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के उद्घोष ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा पूरे सेक्टर 82 एवं 93 में घूमती हुई पुन: कथा स्थल पहुंची इस दौरान जगह फूलों से कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानन्द महाराज ने राम कथा का महत्व बताते हुए कहा कि जन्म जन्मांतर के पुण्यों के अभ्युदय होने पर हमें राम कथा रूपी अमृत पान करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि सभी पॉकेट वासियों के सहयोग से यह श्रीराम का आयोजन हो रहा है। श्रीराम कथा नित्य 4 बजे से 8 बजे तक होगी। 6 मई को नारद मोह, श्रीराम जन्म, अहिल्या उद्धार आदि कथाओं का वर्णन किया जाएगा। इस अवसर पर देवमणि शुक्ला, संजय पांडे, गोरे लाल, रवि राघव, देवेंद्र गुप्ता, सुशील पाल, हरी सिंह, अंगद तोमर, रमेश दास, रमेश गुप्ता, विजय जी, प्रकाश जोशी सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण के लिए सैटेलाइट इमेज की ली जाएगी मदद

**सीएजी की रिपोर्ट में 45 लाख वर्गमीटर पर है कब्जा**

**नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। नोएडा 203 वर्ग किमी में बसा हुआ है। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार इसके करीब 45 लाख वर्गमीटर जमीन पर अवैध कब्जा है। प्राधिकरण अपनी जमीन पा वापस कग्जा बना रहा है। इसके लिए विगत एक महीने से रोजाना अवैध निर्माण हटाया जा रहा है। भू माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही है। विगत एक माह और पहले के अभियानों को गिना जाए तो करीब कई लाख वर्गमीटर जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया गया। ये जमीन प्राधिकरण की अर्जित जमीन है। हालांकि अब भी जमीन पर अवैध निर्माण है।

सीएजी ने अपनी रिपोर्ट भी अर्जित जमीन को लेकर ही सब्मिट की थी। ऐसे में एक बहुत बड़ा हिस्सा अब भी अवैध निर्माण की जद में है। इसे हटाने के लिए प्राधिकरण अब इसरो की सेटलाइट इमेज की मदद ली जाएगी। जिससे ये देखा जाएगा कि मास्टर प्लान-2031 के अनुसार किस-किस अधिसूचित जमीन पर योजनाओं का निर्माण होना है और वहां अवैध कब्जा है। वास्तविक स्थिति के लिए ड्रोन सर्वे कराया जाएगा। इसके बाद बड़े स्तर पर अवैध निर्माण को हटाया जाएगा। सीएजी की रिपोर्ट में जिस जमीन पर अवैध कब्जा है इसकी कीमत करीब 16 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है। इसमें औद्योगिक, कामर्शियल, आवासीय, संस्थागत की जमीन है। विगत एक महीने में प्राधिकरण ने जो जमीन खाली कराई उसकी कीमत करीब 600 करोड़ के आसपास है। मतगणना के बाद बड़े पैनामे पर अवैध निर्माण को हटाने की प्लानिंग की जा रही है।

**सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार सर्किल वार अवैध निर्माण**

| सर्किल | अवैध कब्जा (वर्गमीटर) | रुपए |
|---|---|---|
| वर्क सर्किल-1 | 97,500 | 3529500000 |
| वर्क सर्किल-2 | 71,808 | 2599449600 |
| वर्क सर्किल-3 | 2,27,849 | 8248133800 |
| वर्क सर्किल-4 | 43,950 | 1590990000 |
| वर्क सर्किल-5 | 3,29,821 | 11939520200 |
| वर्क सर्किल-6 | 3,46,466 | 12542069200 |
| वर्क सर्किल-7 | 95,840 | 3469408000 |
| वर्क सर्किल-8 | 4,61,169 | 166944317800 |
| वर्क सर्किल-9 | 10,47,901 | 37934016200 |
| वर्क सर्किल-10 | 18,04,160 | 65310592000 |

**इन गांवों से हटाया गया अवैध निर्माण**

प्राधिकरण ने नोएडा के गांव बसई, सलारपुर, हिंडन विहार, भंगेल, पर्थला, सोरखा जाहिदाबाद, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली में अवैध निर्माण को हटाया। इसके अलावा कई सेक्टरों में भी अवैध निर्माण पर ड्राइव जारी है। प्राधिकरण ने बताया कि अब भी जमीन को मास्टर प्लान के अनुसार तलाश की जा रही है। जहां जहां भी जमीन पर अवैध कब्जा है। उस पर किसी प्रकार का निर्माण किया गया है या हो रहा है। उसे हटाया जाएगा।

**मास्टर प्लान 2031 के अनुसार क्या है लैंड यूज**

| | |
|---|---|
| आवासीय | 5722 हेक्टेयर |
| औद्योगिक | 2807 हेक्टेयर |
| यातायात | 1942 हेक्टेयर |
| मनोरंजन / ग्रीनरी | 2433 हेक्टेयर |
| अन्य | 2376 हेक्टेयर। |

उवाच "

रविवार दोपहर को दमकल पुलिस को सूचना मिली कि कुलेसरा गांव में बनी झुग्गी झोपड़ियों में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि आग की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। सीएफओ ने बताया कि आग 25 झुग्गियों में लगी थी। वहां पर खड़ी एक बस और एक बोलोरो लोडर को भी आग ने अपने कब्जे में ले लिया था।

**प्रदीप कुमार चौबे, मुख्य दमकल अधिकारी**



# बुलंदशहर नहर में मिला नोएडा से अपहृत किशोर का शव

- **कुणाल की मौत रंजिश या साजिश हाईटेक जिले की पुलिस हुई फैल**
- **अपहरण के बाद 5 दिन तक नहीं लगा पाई बच्चे का सुराग**
- **परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप**
- **ग्रामीणों में आक्रोश, गांव में भारी पुलिस बल तैनात, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार**










**ग्रेनो/रबूपुरा,** 5 मई (देशबन्धु)। विगत एक मई को ग्रेटर नोएडा के बीटा कोतवाली क्षेत्र से दिन दहाड़े ढाबे से कार सवार बदमाशों द्वारा ढाबे से अगवा किये गए 14 वर्षीय कुणाल का शव रविवार को बुलन्दशहर में नहर से बरामद हुआ। जिसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने नोएडा पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए व कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया और खरी खोटी सुनाई। अधिकारियों के आश्वासन के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कुणाल का शव गांव पहुंचते की ग्रामीणों में हाहाकार मच गया तथा परिजनों का हाल बेहाल है। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गमगीन माहौल व पुलिस सुरक्षा के बीच शव का अंतिम संस्कार किया गया। लोगों का आरोप है कि अगर समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो शायद कुणाल की जिंदगी बचाई जा सकती थी लेकिन हमारी हाईटेक पुलिस सिर्फ अंधेरे में तीर चलाती रही।

**रोते बिलखते परिजन व गांव में तैनात पुलिस**

जिले में तीन माह के अंदर अगवा कर हत्या होने का यह दूसरा मामला है जोकि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को उजागर करता है। वहीं अपहरण से लेकर हत्या होने के बाद अहम सुराग मिलने का दावा करने वाली पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। वारदात के आरोपियों को पकड़ना तो दूर हत्या के कारण का पता लगाने में भी हाईटेक पुलिस नाकाम रही है।

**क्या है पूरा मामला :** रबूपुरा के गांव म्याना निवासी किसान नेता कृष्ण शर्मा ग्रेटर नोएडा में ढाबा चलाते हैं। विगत एक मई को वह किसी काम से बाहर गए हुए थे तथा ढाबे पर उनका 14 वर्षीय पुत्र कुणाल बैठा हुआ था। इसी दौरान दोपहर के समय कार सवार बदमाश कुणाल को दिन दहाड़े अगवा कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसकी सूचना बीटा टू कोतवाली पुलिस को दी गई। कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली का घेराव किया गया था लेकिन पुलिस हवा में हाथ पैर मारती रही और कुणाल का शव रविवार को बुलन्दशहर नहर से बरामद हुआ है।


**कौन है लेडी डॉन :** वारदात में बार-बार लेडी डॉन के शामिल होने की बात सामने आ रही है तथा अपरहण के समय एक महिला की तस्वीर भी सीसीटीवी में कैद है लेकिन सवाल यह उठता है कि इतना कुछ होने के बाद भी अभी तक उस महिला का कोई सुराग नहीं है और इसके पीछे क्या राज है? यह अभी तक रहस्य बना हुआ है।

**कुणाल की मौत रंजिश या सम्पत्ति :** कुणाल की मौत भले ही एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है लेकिन विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हो रही हैं। गांव में कुणाल के पिता की कोई रंजिश नहीं है और रंजिश के लायक कुणाल की उम्र नहीं तो फिर हत्या क्यों हुई? कहीं इसके पीछे कोई पुरानी रंजिश या सम्पत्ति विवाद तो नहीं। बताया जाता है कि कृष्ण शर्मा पर तीन पुत्री व दो पुत्र हैं और मृतक छोटा बेटा है। कृष्ण शर्मा ने अपनी पुत्री का रिश्ता दिल्ली में तय किया था लेकिन किसी कारण बस रिश्ता टूट गया और अब उसका रिश्ता दूसरी जगह कर दिया और आगामी 10 तारीख को शादी होनी थी। हत्या का यह भी कारण हो सकता है।

वहीं दूसरी तरफ करीब 2 वर्ष पूर्व कृष्ण शर्मा की एक गाड़ी कॉल सेंटर में चलती थी। जिसमें पैसे के लेनदेन को लेकर कुछ विवाद हुआ था तो कॉल सेंटर गिरोह ने उनकी गाड़ी जब्त कर ली थी। जिसकी शिकायत पुलिस से गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और अधिकारियों की फटकार के बाद पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई कर पीड़ित की गाड़ी वापिस कराई थी। उधर मृतक कुणाल की मां की मृत्यु करीब 14 वर्ष पूर्व हो गई थी। जिसके बाद पिता की सम्पत्ति दोनों बेटों के नाम कर दी गई। जिसमें कुणाल के नाबालिग होने के चलते उसकी सम्पत्ति का केयर टेकर परिवार के ही एक सदस्य को बनाया गया था।

मृतक कुणाल लगभग दो करोड़ की सम्पत्ति का वारिस था तथा पत्नी की मौत के बाद कृष्ण शर्मा के सम्बंध अपने ससुराल पक्ष के साथ बेहतर नहीं थे। उधर पुलिस सभी एंगल को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है लेकिन कुणाल की मौत कोई रंजिश या सम्पत्ति विवाद यह खुलासा वाकी है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बिमटेक के दीक्षांत समारोह में आज होंगे शामिल



ग्रेटर नोएडा, 5 मई (देशबन्धु)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को ग्रेटर नोएडा के जेपी में आएंगे। यहां वो बिमटेक कॉलेज के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे। सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उपराष्ट्रपति दोपहर बाद 3:45 बजे कार्यक्रम में पहुंचेंगे और 5 बजे तक रहेंगे। दिल्ली से सड़क मार्ग से ग्रेटर नोएडा पहुंचेंगे। वहीं, यातायात पुलिस ने भी उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर एडवाइजरी जारी की है। पुलिस का कहना है कि कार्यक्रम के दौरान कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहेगा। चिल्ला बार्डर से फिल्म सिटी, महामाया फ्लाईओवर, सेक्टर-93, जीरो प्वाइंट, परीचौक, अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, डोमिनोज गोल चक्कर, डेल्टा वन व पी-3 गोल चक्कर, जगत फार्म व एलजी गोल चक्कर और होंडा सीएल कट व अन्य जगह पर कुछ देर के लिए यातयात को रोका जाएगा।

## छात्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, कर रहा था नीट की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। नीट की तैयारी नहीं होने के तनाव में छात्र ने आत्महत्या कर ली। रविवार को विष्णु विहार कॉलोनी निवासी विवेक मिश्रा परीक्षा नहीं देने गया। उसने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। हादसे के वक्त परिजन गांव गए हुए थे। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से मैनपुरी के घिरोर गांव निवासी मनीष मिश्रा बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरौला गांव के पास विष्णु विहार कॉलोनी में रहते हैं। बेटा विवेक मिश्रा करीब दो वर्ष से नीट की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले विवेक के बाबा की मौत हो गई थी। जिसके चलते पूरा परिवार गांव गया हुआ था। रविवार को विवेक घर पर अकेला था। नीट की तैयारी पूरी नहीं होने के चलते वह तनाव में था। रविवार को परीक्षा देने के लिए नहीं गया। इसी तनाव में घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने काफी देर से घर का दरवाजा बंद देखा। कई बार खटखटाने पर भी दरवाजा नहीं खुला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया। अंदर विवेक कमरे में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने फंदे से उतार कर विवेक के परिजनों को सूचना दी। शव को कब्जे में ले लिया। इस बीच विवेक के रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक प्राथमिक जांच में पता चला है कि छात्र नीट की तैयारी नहीं होने के चलते तनाव में था। तनाव की वजह से आत्महत्या की आशंका है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## रजिस्ट्री सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर ग्रेनो वेस्ट में बैठक

- **एनसीएलटी में फंसे प्रोजेक्ट में फंसी परियोजनाओं व सार्वजनिक परिवहन के लिए बनाई गई रणनीति**



**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। नेफोवा से जुड़े सदस्यों ने ग्रेनो वेस्ट स्थित टेकजोन-चार पार्क में अहम बैठक की। बैठक में एनसीएलटी में फंसे प्रोजेक्टों में रजिस्ट्री, अटकी परियोजनाओं में घरों के पजेशन और मेट्रो, सार्वजनिक परिवहन की मांग पर आगे के संघर्ष के लिए रणनीति बनाई गई। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे सदस्यो में शामिल मिहिर गौतम द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि अगर नई सरकार आने के बाद भी जल्दी मेट्रो का काम नहीं शुरु होता है तो जंतर-मंतर पर दोबारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं दीपांकर कुमार एवं दिनकर पांडे ने एनसीएलटी में फंसे प्रोजेक्ट के घर खरीदारों की रजिस्ट्री शुरु कैसे हो उसके लिए आगे की रणनीति पर सुझाव दिया तथा अपनी बातों को रखा। बैठक में रवींद्र सिन्हा, महेश यादव, चंदन सिन्हा, आशीष श्रीवास्तव, आरसी भट्ट, डॉ. सौहेल, अनुपमा मिश्रा, पवन चौधरी, विक्की, पारिजात ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर का चुनाव अब पूरा हो चुका है। जल्द पूरे देश का चुनाव पूरा हो जाएगा। सरकार को आगे आकर अपने वादे को पूरा करना चाहिए और इस इलाके को मेट्रो देना चाहिए तथा अविलंब सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस के अंतर्गत बस परिवहन की सुविधा को शुरू करना चाहिए।

वहीं घर खरीदार अनुराग खरे, विभूति, गंगेश कुमार, अनिल रात्रा, विपिन प्रसाद, सुधांशु किशोर, मोहम्मद इनाम, संजीव सक्सेना, अमित कुमार, अनुप मिश्रा, प्रमोद मनचंदा ने एनसीएलटी में फंसे प्रोजेक्टों पर जल्द से जल्द कानूनी सलाह लेकर आगे की कार्रवाई करने के प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही चुनाव परिणामों के बाद फिर धरना प्रदर्शन जारी रखने पर सहमति दी। स्पोर्ट्स सिटी के अंतर्गत आने वाले परियोजनाओं में कैसे रजिस्ट्री शुरू हो सके इसके लिए रोहित मिश्रा की तरफसे यह मांग की गई कि इस पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित करवाया जाए क्योंकि इसमें उनके जैसे घर खरीदारों की तो कहीं कोई गलती नहीं थी फिर वह क्यों अब तक खामियाजा भुगत रहे हैं। इको विलेज 3 के घर खरीदार आयोग रस्तोगी जो 3 मई को एनसीएलएटी की सुनवाई में बायर के प्वाइंट को कोर्ट में रखा ने कहा कि घर खरीदारों को जल्द न्याय मिले।

## विदाई समारोह में विद्यार्थियों को किया गया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में पीजीडीएम बैच (2022-24) के छात्रों को विदाई देने के लिए एक फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसको 'प्रारब्ध' नाम दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंधन समिति के चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता, वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता, सीईओ स्वदेश कुमार सिंह, संस्थान के निदेशक डॉ. भूपेंद्र कुमार सोम, उपनिदेशक डॉ. रुचि रायत, डीन एकेडमिक्स डॉक्टर यामिनी पांडे, डीन ओ एस डब्लू डॉ. शालिनी शर्मा, डीन आउटरीच एक्सटेंशन एंड सीआरसी प्रोफेसर मुदित तोमर, डीन एग्जामिनेशन डॉ. निशांत सिंह एवं अन्य अतिथि शामिल हुए।

इस अवसर पर अध्यक्ष, डॉ. राजेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्रों का स्वागत करते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की और उनको आशीर्वाद दिया, साथ ही साथ भविष्य के निर्माण हेतु अपने द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के प्रति पूर्ण निष्ठा से क्रियाशील रहने का आवाहन किया। सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की प्रशंसा की और उन्हें शुभकामनाएं दी तथा संस्थान की प्रबंधन समिति के साथ-साथ विभाग के शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन



किया। छात्रों को उत्साह के साथ-साथ लक्ष्य के प्रति सदैव केंद्रित रहने का मार्ग समझाया, और (डॉ.) भीमराव अंबेडकर की बातों को बताते हुए बताया की अगर जो लंबी कतारें मंदिर और क्लब के पास रहती है अगर वह कतारें जिस दिन पुस्तकालय के बाहर होंगी उस दिन हमारे देश को महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। फेयरवेल की शाम का मुख्य आकर्षण द सरदार ब्रदर्स रहे जो पंजाबी, रैप और हिप-हॉप संगीत गायन के एक उभरते हुए सितारे है।

## प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध खनन मामले में मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। दादरी कोतवाली क्षेत्र के चिटहेरा गांव में मिट्टी का अवैध रूप से खनन करने के मामले में दादरी कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस अभी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस ने बताया कि चिटहेरा गांव में छतरी वाले मंदिर के समीप अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारियों ने अवैध मिट्टी खनन कई बार रोका लेकिन सफलता नहीं मिली। मिट्टी खनन की गतिविधि देर रात में की जा रही है। आरोप है कि अवैध मिट्टी खनन संगठित रूप से चिटहेरा गांव निवासी जतिन अपने साथियों के साथ कर रहा हैं। जिससे प्राधिकरण को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले में जतिन के खिलाफ कोतवाली में नामजद रिपोर्ट कराई गई है। पुलिस अभी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

## लिफ्ट में फंसकर बच्चे का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटियों में लिफ्ट अटकने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन लिफ्ट में फंसकर बच्चे से लेकर बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं। बिसरख थाना स्थित ग्रीन आर्च सोसाइटी में लिफ्ट अटकने से एक बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बच्चे की चीख पुकार से सोसाइटी में हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद मेंटेनेंस विभाग ने लिफ्ट खोलकर बच्चे को निकाला। जानकारी के मुताबिक, ग्रीन आर्च सोसाइटी के जी टावर में शनिवार देर शाम करीब 8.30 बजे एक परिवार बच्चे के साथ लिफ्ट से अपने फ्लैट पर जा रहा था। तभी 22वें फ्लोर पर लिफ्ट अटक गई। जिससे लिफ्ट में फंसे बच्चा जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगा। बताया जा रहा है कि माल फंक्शन की वजह से लिफ्ट अटक गई थी। हालांकि बाद में किसी तरह बच्चे और परिवार को बाहर निकाला। ग्रीन आर्च सोसाइटी के लोगों का कहना है कि एफ और जी टावर में लिफ्ट अटकने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जिसकी शिकायत सोसाइटी के लोगों ने कई बार मेंटेनेंस टीम से की। लेकिन बिल्डर और मेंटेनेंस के तरफसे इसको लगातार अनसुना किया जा रहा है। शायद बिल्डर और मेंटेनेंस एक बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। सरकार ने तो लिफ्ट एक्ट लागू कर दिया है, लेकिन बिल्डर पर इसकी रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ रहा है।

**लिफ्ट फंसने की समस्या को लेकर शिकायत करने पर नहीं हो रही है सुनवाई**

## कुलेसरा की झुग्गियों में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी



**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार को इकोटेक-तीन थाना क्षेत्र के कुलेसरा गांव में भीषण आग लग गई। गांव में बनी झुग्गी झोपड़ी में अचानक आग लगने से आस-पास हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास के घरों को खाली कराया। इस घटना में 25 झुग्गियां, एक बस, एक बोलेरो लोडर जल खाक हो गई। आग लगते ही झुग्गी बस्ती में अफरातफरी मच गई। लोग बाग बच्चों को लेकर इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने से सैकड़ों परिवार आज बेघर हो गए। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि रविवार दोपहर को दमकल पुलिस को सूचना मिली कि कुलेसरा गांव में बनी झुग्गी झोपड़ियों में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि आग की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। सीएफओ ने बताया कि आग 25 झुग्गियों में लगी थी। वहां पर खड़ी एक बस और एक बोलोरो लोडर को भी आग ने अपने कब्जे में ले लिया था। उन्होंने बताया कि झुग्गी बस्ती और दोनों वाहन पुरी तरह से जल गए हैं। सीएफओ ने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जान नानी नहीं हुई है। गर्मी में झुग्गी बस्ती में लगी आग ने वहां रहने वाले गरीब लोगों को बेघर कर दिया है। आसपास के क्षेत्र में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता वहां पर बेघर हुए लोगों को खाने-पीने का सामान और बर्तन आदि उपलब्ध करवा रहे हैं।

- **फायर ब्रिगेड की दस गाड़ियां मौके पर पहुंचकर पाया आग पर काबू**
- **आग लगने से झुग्गी में रहने वाले गरीब हुए बेघर**
- **खाने-पीने के सभी सामान जलकर हुए खाक**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## लखनावली के आस-पास के लोगों को कूड़े के पहाड़ से जल्द मिलेगा निजात

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मई (देशबन्धु)। कूड़े के पहाड़ से परेशान ग्रेटर नोएडा के गांव लखनावली, मलकपुर व मुबारकपुर के अलावा आसपास के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अगले एक साल में बदबू से निजात मिल जाएगी। यहां बने अस्थायी डंपिंग ग्राउंड पर जमा कूड़े के निस्तारण की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस काम को पूरा करने वाली कंपनी की तलाश के लिए निविदा जारी कर दी है। कूड़े के निस्तारण पर प्राधिकरण को 29 करोड़ रुपए की भारी भरकम रकम खर्च करनी पड़ेगी। आबादी के बीच कूड़े के ढेर पर ग्रामीणों के साथ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने भी कड़ी आपत्ति जताई थी। प्राधिकरण द्वारा स्थायी डंपिंग ग्राउंड दनकौर क्षेत्र के गांव अस्तौली गांव के पास बनाया जा रहा है, जिसकी बाउंड्रीवॉल का काम पूरा होने वाला है।

- **एनजीटी की सख्ती से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उठाया कड़ा कदम**
- **कूड़े के ढेर के निस्तारण के लिए कंपनी की तलाश, 29 करोड़ खर्च करेगा ग्रेनो प्राधिकरण**

**अस्थायी डंपिंग ग्राउंड पर जमा कूड़े के निस्तारण के लिए निविदा जारी कर दी गई है। कूड़ा निस्तारण करने वाली कंपनी का एक माह में चयन कर लिया जाएगा। अगले एक साल में कूड़ा हटाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। स्थायी डंपिंग ग्राउंड अस्तौली के पास बन रहा है : उत्सव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

दरअसल स्थायी डंपिंग ग्राउंड न होने की वजह से घरों से निकलने वाले कूड़े को पिछले कई सालों से क्षेत्र के गांव लखनावली के पास पड़ी खाली जमीन पर डाला जा रहा था। देखते ही देखते यहां पर कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया। इस समय लगभग 3 लाख मीट्रिक टन कूड़ा जमा है। आबादी के नजदीक डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने पर आसपास के लोग शुरू से ही इसका विरोध कर रहे थे। लखनावली के अलावा पड़ोस के गांव मलकपुर व मुबारकपुर के लोगों को भी परेशानी होती है। सीआरपीएफ सीआईएसएफव आईटीबीपी का कैंप भी पास में ही स्थित है। लखनावली गांव के मलखान सिंह का कहना है कि आबादी के पास कूड़ा जमा होने से काफी परेशानी होती है। गांव के नजदीक डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने पर आपत्ति जताते हुए एनजीटी द्वारा बार- बार दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। इसका रास्ता निकालते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दनकौर क्षेत्र के गांव अस्तौली के पास अपना स्थायी डंपिंग ग्राउंड बना लिया। यहां ग्रेटर नोएडा और नोएडा का 300-300 मीट्रिक टन कूड़ा डाला जाएगा। स्थायी डंपिंग ग्राउंड बनाने के बाद लखनावली में जमा कूड़े के ढेर को समाप्त करना बड़ी चुनौती थी।

एनजीटी द्वारा भी सख्त रूख अपनाया जा रहा था। ऐसे में कूड़े के निस्तारण के लिए प्राधिकरण ने निविदा जारी कर कंपनी की तलाश शुरू कर दी है। इस काम के लिए आगे आने वाली कंपनी को लगभग एक साल में कूड़ा निस्तारण करना होगा। भारी मात्रा में कूड़ा होने की वजह से समय लग रहा है। आबादी के बीच कूड़े का पहाड़ खड़ा होने पर एनजीटी ने सख्त रुख अपनाया था। कूड़े के निस्तारण के लिए बार- बार आदेश दिए जा रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राधिकरण को कूड़ा हटाने का निर्णय लेना पड़ा।

## फोटोग्राफर को डंडों से पीटकर किया गया घायल

**दनकौर,** 5 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के माकनपुर खादर गांव में घर के आगे गाली गलौज देने का विरोध करने पर एक फोटोग्राफर को पड़ोस के लोगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित में कोतवाली पहुंचकर रविवार को आरोपियों के खिलाफशिकायत की है। पीड़ित नवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह शादियों में फोटो खींचने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर वह काम करके पलवल से आए थे। उनका कहना है कि उनके पड़ोस के लोग उनके घर के सामने खड़े होकर किसी व्यक्ति को गाली गलौज कर रहे थे। जब पीड़ित ने कहा कि उनके घर के आगे खड़े होकर गाली ना दे। इसी बात से गुस्साए 3 आरोपियों ने एक राय होकर पीड़ित के घर में घुसकर उसे पर डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित को बचाने आए उसके बुजुर्ग पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी। बाद में लहूलुहान स्थिति में नवीन को जमीन पर फेंककर आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद परिवार के लोगों ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर जांचकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 06 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# गोधरा कांड पर मोदी की गलत बयानी

लोकसभा चुनाव के लिये 19 व 26 अप्रैल को हुए दो चरणों के मतदान में पिछड़ने के अंदेशे से घिरी हुई भारतीय जनता पार्टी का डर साफ नज़र आने लगा है। इसके चलते पार्टी के स्टार प्रचारक व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब वर्ष 2002 में उनके गृह राज्य गुजरात में हुआ कुख्यात गोधरा कांड भी लेकर आ गये हैं। पिछले दिनों नरेंद्र मोदी अपने चिर परिचित हथियार यानी कि हिन्दू-मुस्लिम का मसला लेकर आ ही चुके हैं, तो गोधरा का अगर वे उल्लेख न करते तो आश्चर्य ही होता लेकिन उन्होंने इस मुद्दे को उठाते हुए कालक्रम का जैसा घालमेल किया उससे साफ है कि उनका उद्देश्य ध्रुवीकरण करना ही है। स्पष्ट है कि समयावधि का तारतम्य उनसे भूलवश नहीं गड़बड़ाया वरन यह एक सायास उपक्रम था जिसके दोहरे लक्ष्य थे- एक तो साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलना और दूसरे, जिस जमीन पर खड़े होकर उन्होंने इस बात को उठाया वहां के अपने प्रतिद्वंद्वी को बदनाम करना।

शनिवार को बिहार के दरभंगा की प्रचार सभा में उन्होंने कहा कि गोधरा में कारसेवक रेल यात्रियों के हत्यारों को रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव ने बचाने का प्रयास किया था। मोदी के अनुसार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू ने रेल विभाग में एक कमेटी बनाई थी जिसने आरोपियों को निर्दोष बतलाया था परन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डाल दिया था। उन्होंने अपने भाषण में राहुल गांधी के साथ लालू यादव के पुत्र तेजस्वी को 'शहजादे' बतलाते हुए अपमानित तो किया ही, उन्होंने जो टिप्पणी गोधरा कांड को लेकर की वह हैरत में डालने के लिये काफी है। उनके बयान में जो कहा गया, उससे यह भी सवाल उठता है कि क्या वे हालिया संसदीय इतिहास से इतने अनभिज्ञ हैं कि वे यह भी नहीं जानते कि 2002 में स्वयं भाजपा की केन्द्र में सरकार थी जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी कर रहे थे। इतना ही नहीं, तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार थे जो तब समता पार्टी के रूप में भाजपा के गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) का हिस्सा थे। संयोग यह भी है कि नीतीश बाबू अब भी एनडीए के हिस्सा हैं।

पहले भी कई मौकों पर मोदी अपने भाषणों में ऐतिहासिक घटनाओं के सन्दर्भों में घालमेल करते रहे हैं। तो क्या वैसी ही उन्होंने यह भी एक गलती की है? तथ्य तो यह है कि वाजपेयी सरकार के 2004 में पराजित होने के बाद जब यूनाइटेड प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) सरकार बनी थी, लालू को उसमें रेल मंत्री बनाया था और जिस रिपोर्ट का जिक्र मोदीजी ने अपने भाषण में किया वह 2006 में आई थी। वह घटना और उसके कारण गुजरात में हुए दंगे आज भी देश के धर्मनिरपेक्ष चेहरे पर कलंक के रूप में याद किये जाते हैं जिसने भारत का सिर शर्म से झुका दिया था। असली व बड़ा तथ्य तो यह है कि खुद मोदी जी उस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने इस घटना की प्रतिक्रिया में राज्य में हुए दंगों में अल्पसंख्यकों को बचाने की कोशिशें नहीं कीं। आईपीएस संजीव भट्ट ने इसी आशय का खुलासा किया है। सभी जानते हैं कि भट्ट लम्बे समय के लिये जेल में डाल दिये गये हैं। उन्हें एक पुराने मामले में लम्बी कैद की सुनाई गई है।

गुजरात घटना ने मोदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत बदनामी दी थी। यहां तक कि कुछ देशों ने तो उनके प्रवेश पर पाबंदी लगाते हुए उन्हें अपने यहां आने से मना भी कर दिया था।

मतदान के शुरुआती दो चरणों में मोदी के अनेक तीर खाली जा चुके हैं। दस वर्षों तक शासन करने वाली भाजपा व मोदी का ख्याल था कि राम मंदिर का मामला काम करेगा। इसलिये आनन-फानन में आधे-अधूरे मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा 22 जनवरी को मोदी के हाथों करवा ली गयी थी ताकि तीन-चार माह इस मामले को भरपूर भुनाया जा सके। उम्मीदों के विपरीत यह मामला जोर पकड़ने के पहले ही बासी हो गया। हिन्दू-मुसलमान विमर्श के तहत मंगलसूत्र छीनकर मुस्लिमों को देने वाला उनका बयान भी पिट गया है। इसी क्रम में चुनावी लोभ हेतु गोधरा कांड को लाया गया है, जिसके बारे में कहा जाता है कि एक ओर तो इसके जरिये मोदीजी का साम्प्रदायिक चेहरा अवश्य सामने आया था परन्तु दूसरी ओर कट्टर सोच वाले हिन्दू इसी के चलते मोदी जी से प्रभावित होते रहे हैं। आज भी मोदी जी को हिन्दू हृदय सम्राट का कुछ लोग जो दर्जा देते हैं, तो उसके पीछे इस वारदात का बड़ा हाथ है। हालांकि लोग इस बात को भूल जाते हैं कि गोधरा कांड के बाद, जिसमें कई लोगों की जानें गयी थीं, महिलाओं के साथ बलात्कार किये गये थे, अल्पसंख्यकों की सम्पत्तियां नष्ट की गयी थीं तथा बड़ी संख्या में वे गुजरात छोड़ गये थे, उसे लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी जी ने मोदी जी को 'राजधर्म का पालन' करने को कहा था। मोदी जी सम्भवत: 'विकास पुरुष' की स्वाहा हो चुकी अपनी छवि की राख से पुन: 'हिन्दू हृदय सम्राट' की इमेज गढ़ना चाहते हैं ताकि चुनाव जीत लें। तो भी उन्हें याद रखना होगा कि ऐसे प्रसंगों को पुनर्जीवित कर वे चुनावी लाभ तो पा लेंगे लेकिन देश व लोकतंत्र के लिये वह घातक होगा।

# एक कहानी वही पुरानी : 2004 रिपीट!

भाजपा ऐसे ही चुनाव लड़ती है। जब विपक्ष में होती है तो कांग्रेस यह नहीं कर रही वह नहीं कर रही। यह किया वह किया। लोग सुन लेते हैं। मगर जब सत्ता में रहकर भी वह कांग्रेस कांग्रेस करती है तो जनता सत्ता ही पलट देती है।

जी हां, 2004 में ठीक ऐसा ही हुआ था। छह साल की सत्ता के बाद वाजपेयी सरकार या तो काल्पनिक तस्वीर शाइनिंग इंडिया दिखा रही थी या सोनिया गांधी विदेशी मूल की हैं यह बता रही थी। छह साल में किया इसकी कोई बात नहीं। कांग्रेस ने क्या नहीं किया इस पर सारा चुनाव प्रचार।

नतीजा वही हुआ। जनता ने नकारात्मक बातें सुनने से इनकार कर दिया। और सोनिया गांधी की आम आदमी की सरकार पर विश्वास करके उन्हें जीता दिया।

सोनिया ने भी उस विश्वास को कायम रखा और अपनी ही पार्टी और सरकार के ताकतवर लोगों के विरोध के बावजूद किसानों की कर्ज माफी, मनरेगा, महिला बिल, आरटीआई, फूड सिक्योरटी जैसे क्रान्तिकारी काम किए। अर्थ व्यवस्था के उदारीकरण को हरी झंडी देकर देश के मध्यम वर्ग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। मनमोहन सिंह जिन्हें सोनिया ने प्रधानमंत्री पद के लिए चुना था उनके लिए अभी के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बहुत सही कहा कि वे देश के मध्यम वर्ग के हीरो हमेशा बने रहेंगे। मनमोहन सिंह के समय देश में मध्यम वर्ग की संख्या 26 करोड़ तक पहुंच गई थी। जबकि 2004 में जब उन्होंने सत्ता संभाली थी तो देश में मध्यम वर्ग की आबादी केवल 14 प्रतिशत ही थी। मनमोहन सिंह के राज्यसभा से रिटायर होने के मौके पर बोलते हुए खरगे ने यह भी याद किया कि उस समय देश के 27 करोड़ लोगों को भी गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया था। मगर उसके बाद रोजगार के अवसर बंद करके मध्यम वर्ग को वापस निम्न मध्यम वर्ग में और निम्न मध्यमवर्ग को फिर से गरीबी रेखा के अंदर पहुंचा दिया गया। भारत में मध्यमवर्ग मूलत: नौकरी पेशा और व्यापारी वर्ग है। छोटा और मध्यम दर्जे का व्यापारी नौकरी पेशा समुदाय पर निर्भर रहता है। मगर पिछले दस साल में जब नौकरियां ही नहीं रहीं तो व्यापार भी अपने आप ठप्प हो गया। जैसा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बताया कि देश में इस समय 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था कि हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे। मगर अब वे इसकी बात भी नहीं करते हैं। चुनाव प्रचार में वे कांग्रेस यह छीन लेगी, वह छीन लेगी। यहां तक कि भैंस भी छीन लेगी जैसी बात कर रहे हैं। मगर नौकरी की बात नहीं कर रहे हैं। हां जैसे वाजपेयी सरकार ने इन्डिया शाइनिंग कहा था वैसे मोदी सरकार अच्छे दिन कह रही है। न उस समय इन्डिया शाइनिंग किसी को दिखा और न ही अच्छे दिन किसी को दिख रहे हैं।



शकील अख्तर

> चुनाव पूरी तरह काल्पनिक भावुक डराने वाले मुद्दों पर लाए जाने की कोशिश हो रही है। लेकिन जनता 2004 की तरह हकीकत की पथरीली जमीन पर खड़ी हुई है। बेरोजगारी ने पूरे परिवार की कमर तोड़ दी। ऊपर लिखी कहानी हमें एक दोस्त ने सुनाई। उसकी देखी हुई। ऐसी कहानियां घर घर में हो रही हैं। सब छुपाए बैठे हैं। कहते हैं महंगाई भी एक बार बर्दाश्त कर लें। मगर कोई कमाई तो हो।

2004 फिर से रिपीट होता दिख रहा है। मोदी जी बहुत बौखलाए हुए हैं। दस साल में क्या किया वह इसकी बात ही नहीं कर रहे हैं। नौकरी महंगाई निजीकरण करने से शिक्षा व्यवस्था का क्या हाल हो गया। अभी गलगोटिया यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की एक खबर सामने आने पर सबने देखा कि वे न अंग्रेजी पढ़ पा रहे हैं और न हिन्दी। न किसी चीज का सामान्य ज्ञान है। सबने देखा। ऐसे ही चिकित्सा व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने से क्या हुआ यह उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में ही मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बताया। उनकी माताजी को वहां लखनऊ के एक बड़े प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पांच लाख का बिल दिया गया और मां का शव। मंत्री राजभर ने प्राइवेट अस्पताल पर कड़े सवाल उठाए। साथ ही उत्तर प्रदेश में सरकारी चिकित्सा व्यवस्था के खराब होने पर भी। मगर आजकल जिम्मेदारी तो कोई लेता नहीं। और अगर जवाब देना जरूरी हो तो अब तो वे नेहरू से भी आगे मुगलों तक चले जाते हैं कि उन्होंने यह काम क्यों नहीं किया। जी हां सारे भक्त जो अपने आपको अब इन्फ्लूएंसर कहने लगे और मीडिया और भाजपा नेता कहते हैं कि 15 वीं शताब्दी में यह काम करना था। और सोलहवीं में यह! यह जो सड़कें बनवाईं। जीटी रोड यह नहीं बनाना थी। बल्कि वह काम करवाना था। चलो भारत को पूर्व से पश्चिम तक जोड़ने वाली काबुल अफगानिस्तान तक जाने वाली सड़क शेरशाह सूरी ने बनवा दी मगर फिर उसकी राजस्व प्रणाली को अकबर को और किसान हितैषी नहीं बनाना था।

मोदी जी कह रहे हैं कि 500 साल में जो कोई नहीं कर पाया वह मैंने कर दिया। इन बातों पर वे वोट चाह रहे हैं। वाजपेयी सरकार ने भी यही किया था। कहा था फील गुड। गरीबी, बेकारी, महंगाई मत देखो। महसूस करो। फील गुड। जनता नहीं कर पाई। उसने कांग्रेस को वोट दे दिया। आज मोदी जी भी यही कह रहे हैं अच्छे दिन। जनता को नहीं दिख रहे। बेरोजगारी ऐसी कभी नहीं थी। बाप भी बेरोजगार बेटा भी बेरोजगार।

एक सच्ची मार्मिक कहानी किसी ने सुनाई। बाप सुबह उठकर बेटे के जेब देखता है कि कुछ है क्या? अभी यह निकल जाएगा। खाली जेब है दिनभर क्या करेगा! उधर बेटा पहले ही पिता की जेब चेक कर चुका है कि इनके पास कुछ है या नहीं। अभी निकल जाएंगे। काम की तलाश में। बिना एक भी पैसे के दिन कैसे निकालेंगे। और कहानी का सबसे दिल दहला देने वाला पार्ट है मां! जो चुपचाप दोनों को देखती है। इधर से उधर जाती है। हाथ मल कर रह जाती है। जो कुछ बचा कर रखती थी। नोटबंदी में सब नोट निकल गए। कुछ छोटे नोट जो बचे थे वह लाक डाउन में घर का खर्च चलाने में चले गए। अब रोटी पानी का इंतजाम करना मुश्किल हो रहा है। घर से निकलते बाप बेटे के हाथ में क्या रखे?

उस मां की बेबसी के बारे में सोचिए! ले दे के उस के पास कुछ गहने बचे हैं। मोदी जी मंगलसूत्र की बात करते हैं। कांग्रेस छीन लेगी! क्या मोदी जी को मालूम है कि भारत की महिलाओं के पास मंगलसूत्र या सोना कितना बचा है? देश के दो बड़े शहरों जयपुर और इन्दौर के सर्राफा बाजार की रिपोर्ट है कि नौकरी जाने और बिजनेस ठप्प हो जाने के कारण मध्यम वर्गीय, निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के लोग बड़ी तादाद में अपने गहने बेचने आ रहे हैं। ये देश के सर्राफा के सबसे बड़े बाजार हैं। यहां की कई रिपोर्टें आई हैं। जिनमें सोने चांदी का कारोबार करने वालों ने बताया कि गांव देहात की हालत और बुरी है। वहां ग्रामीण जो भी भाव मिल रहा है उस पर अपना जेवर बेच रहा है। सर्राफा व्यापारियों का कहना है कि घर का खर्च चलाने के लिए इससे पहले कभी मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग ने सोना नहीं बेचा। यह ट्रेंड पहली बार सामने आया है।

मंगलसूत्र लोगों की भावनाओं से जुड़े हैं। इसलिए उसका नाम लेते नहीं हैं। मगर पूछो तो कह देते हैं कि मंगलसूत्र बचे कहां हैं?

चुनाव पूरी तरह काल्पनिक भावुक डराने वाले मुद्दों पर लाए जाने की कोशिश हो रही है। लेकिन जनता 2004 की तरह हकीकत की पथरीली जमीन पर खड़ी हुई है। बेरोजगारी ने पूरे परिवार की कमर तोड़ दी। ऊपर लिखी कहानी हमें एक दोस्त ने सुनाई। उसकी देखी हुई। ऐसी कहानियां घर घर में हो रही हैं। सब छुपाए बैठे हैं। कहते हैं महंगाई भी एक बार बर्दाश्त कर लें। मगर कोई कमाई तो हो। एक भी तनखा घर में नहीं आ रही है। सब एक दूसरे से नजर चुराकर जी रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# केंद्र की भ्रमित नीति से भाजपा प्रत्याशियों को हो रही परेशानी

■ **तीर्थंकर मित्र**

भारत अपने गांवों में बसता है। यद्यपि महात्मा गांधी की कई अन्य बातों की तरह इसे भी अक्सर ध्यान में नहीं रखा जाता है, केंद्र में मौजूद सरकारों ने अब तक गांवों के निवासियों, विशेषकर किसानों के प्रति अपनी दिखावटी सेवा को ही प्रस्तुत किया है, जिसके कारण किसानों और गांववासियों की वास्तविक भलाई नहीं हो पाई है। वे अभी भी दुर्दिन में अपना जीवनयापन करने को विवश हैं।

भारत में तरह-तरह के किसान हैं और उन्हें एक साथ नहीं मिलाया जा सकता है क्योंकि उनकी समस्याएं बहुत ही भिन्न हैं। कोई भी उस किसान नेता को, जिसके पास कई एकड़ अच्छी तरह से सिंचित फसल वाले खेत थे, और जो आगे चलकर देश का उपप्रधानमंत्री बना (देवीलाल) को उन किसानों के साथ नहीं जोड़ सकता है जिसने वर्षा नहीं होने के कारण सूखे फसल वाले खेतों का ही कष्ट झेला और कर्ज का बोझ सहन करने में असमर्थ होकर आत्महत्या कर ली।

> एमएसपी का मुद्दा उन लाखों किसानों के हितों की रक्षा करने की अग्निपरीक्षा है जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने वाले विशाल कार्यबल का हिस्सा हैं। 18वीं लोकसभा चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों के सहयोगात्मक प्रयास के बाद ही परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती है। कृषि सुधारों के प्रति प्रतिबद्धताएं सभी चुनावी प्रतियोगियों को साझा करनी होंगी। इसके मूल में, एमएसपी का मुद्दा राजनीतिक बयानबाजी और पक्षपातपूर्ण एजंडे से परे है।

लेकिन चुनाव आते ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मुद्दा भावनात्मक हो जाता है। इसे न पाने पर धरती जोतने वाले अपनी राजनीतिक निष्ठा बदल कर बदलाव ला सकते हैं। आखिर किसानों के पास संख्या है। ऐसी बड़ी संख्या राजनीतिक खेल के नियम बदल सकते हैं। आज चुनाव के माहौल में इस मुद्दे का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में हो रहा है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कुछ कृषि उत्पादों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य है, जिस पर खुले बाजार की कीमतें लागत से कम होने पर उन्हें सीधे किसानों से खरीदा जायेगा। 2024 के चुनाव से पहले, एमएसपी अचानक केंद्रीय राजनीतिक मंच पर आ गया है।

आखिरकार, यह भारत के कृषक समुदाय की गहरी चिंता का प्रतिबिंब है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस समुदाय द्वारा डाले गये वोटों का प्रभाव भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने और राजनीतिक नियति पर पड़ता है।

आश्चर्य की बात नहीं है कि राजनीतिक दल एमएसपी के मुद्दे पर अपनी-अपनी बात कहने के लिए होड़ कर रहे हैं। इसे अब हाशिये पर नहीं धकेला जा सकता। कांग्रेस खुद को किसानों के अधिकारों की समर्थक के रूप में देखती है। उसके द्वारा कानूनी तौर पर गारंटीशुदा एमएसपी की मांग की जा रही है और फिर चुनावी वायदा भी किया गया है।

भले ही वह सबसे पुरानी पार्टी के रूप में अपने विवरण पर खरी नहीं उतरी हो, उसने अपनी इस मांग को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की अपनी विरासत पर आधारित रखा है। किसानों के हितों के रक्षक होने के अपने दावे को जोर-शोर से उठाने का दूसरा कारण यह है कि उसने किसानों पर राष्ट्रीय आयोग भी गठित किया था।

ऐसी उपलब्धियों के साथ, यह एक मजबूत एमएसपी व्यवस्था के अटूट समर्थन का दावा करता है। कांग्रेस के साथ इस मुकाबले में, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की राह एक पतली रेखा पर चल रही है। यह रेखा किसानों को खुश करने और व्यापार-समर्थक दृष्टिकोण बनाये रखने के बीच है। सरकार ने कुछ फसलों पर एमएसपी की पेशकश करके किसानों को लाभ पहुंचाया है।

फिर भी 'चयनात्मक एमएसपी पेशकश' की पूर्व शर्त के रूप में फसल विविधीकरण पर सरकार के जोर के बाद उसकी तीखी आलोचना की गई है। ऐसा महसूस हो रहा है कि यह चुनाव से पहले किसानों को धोखा देने की आधी-अधूरी कोशिश है। बाजार की गतिशीलता और किसानों के कल्याण के बीच संतुलन बनाना होगा। कोई भी सशर्त समर्थन प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहता है।

'नेताओं' और 'बाबूशाही' की अखंडता की स्थिति को देखते हुए, एमएसपी सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचे को कुछ अविश्वास का सामना करना पड़ा है। इस प्रस्तावित प्रणाली में व्यवहार्यता और प्रभावशीलता दोहरे मुद्दे हैं जिन पर विश्वसनीयता की कमी है।

आलोचकों का मानना है कि एमएसपी का राजकोषीय बोझ अस्थिर होगा। समग्र केंद्रीय बजट की तुलना में इसका अपेक्षाकृत मामूली आवंटन ही इसे पेश करने का कारण होना चाहिए, जो इसका समर्थन करने वालों द्वारा समर्थित है। बिचौलियों की भूमिका किसानों के सामने आने वाली चुनौती को बढ़ा देती है। बिचौलियों और बाज़ार प्रशासकों के बीच मिलीभगत को कालीन के नीचे नहीं धकेला जा सकता।

मूल्य हेरफेर और विलंबित सरकारी हस्तक्षेप से किसानों की दुर्दशा में सुधार नहीं होता है। कृषि विपणन प्रणालियों में व्यापक सुधार की आवश्यकता की मांग अरण्य रोदन की तरह है जो किसी को सुनाई नहीं देता।

एमएसपी का मुद्दा उन लाखों किसानों के हितों की रक्षा करने की अग्निपरीक्षा है जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने वाले विशाल कार्यबल का हिस्सा हैं। 18वीं लोकसभा चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों के सहयोगात्मक प्रयास के बाद ही परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती है। कृषि सुधारों के प्रति प्रतिबद्धताएं सभी चुनावी प्रतियोगियों को साझा करनी होंगी। इसके मूल में, एमएसपी का मुद्दा राजनीतिक बयानबाजी और पक्षपातपूर्ण एजंडे से परे है।

## गुरवाणी विचार

# सिखों के दूसरे नानक गुरु अंगद देव

भाई लहणाजी (बाद में दूसरे नानक अंगद देवजी) का जन्म भाई फेरूमल के घर मते की सराय (फरीदकोट के पास गांव) में हुआ था। आपके माता-पिता वैष्णो देवी के भक्त थे और हर साल देवी के दर्शन करने जाते थे। आपकी शादी सोधड़ गांव के देवी चंद खत्री की सुपुत्री बीबी खीवीजी के साथ हुई थी। आप के पिता के देहांत के बाद भी आप वैष्णो देवी के दर्शन करने जाते थे। वैष्णो देवी के रास्ते में ही करतारपुर पड़ता था। जहां गुरु नानक देवजी अपनी चौथी उदासी (संसार भ्रमण) के बाद निवास कर रहे थे। 1532 में जब आप पांचवी बार वैष्णो देवी जा रहे थे तब जोधा जी के साथ आप भी गुरु नानक के दर्शन करने हेतु करतारपुर में रुक गये। भाई लहणा जी घोड़े पर जा रहे थे आगे एक बुजुर्ग को देखकर उनसे गुरु नानक जी के घर जाने का रास्ता पूछा। उस बुजुर्ग बाबाजी ने घोड़े की लगाम पकड़ कर उन्हें गुरु नानक के घर के पास ले जाकर कहा कि वह सामने वाला घर गुरु नानक का है और खुद दूसरी तरफ चले गए। भाई लहणाजी ने अंदर जाकर देखा कि जो बुजुर्ग बाबा जी उनके घोड़े की लगाम पकड़ कर लाए हैं वही स्वयं गुरु नानक देवजी हैं। तब वे बड़े शर्मिंदा हुए और उनसे माफी मांगने लगे तब गुरुदेव ने कहा कि तुम्हारा नाम लहणा (लेना) है और मैंने देना है। लेने वाले हमेशा घोड़े पर चढ़कर ही आते हैं। रात वहीं विश्राम करने पर सुबह-सुबह आपने देखा कि जिस देवी के दर्शन करने जा रहे हैं वह तो गुरु नानक देव के पास खड़ी हैं। तब गुरु नानक देव पर आपका अटूट विश्वास हो गया और आप फिर वहीं के होकर रह गए और करतारपुर में रह कर सात साल सेवा की और गुरुदेव के प्रत्येक आदेश का पालन किया। आपने वहां गुरुदेव के खेतों की निंदाई का भी काम किया। गुरुदेव के आदेश पर गंदे कीचड़ में फेंका हुआ कटोरा निकालने हेतु कीचड़ में कूद पड़े और कटोरा निकाल कर लाए। एक रात बरसात के कारण जब धर्मशाला की कच्ची दीवार ढह गई तब वहां आपने रातभर में दीवार बना दी। आखिरी परीक्षा के रूप में जब उन्हें एक ढके हुए कपड़े के अंदर रखे मुर्दे का मांस खाने का गुरुदेव ने हुक्म दिया। तब आपने बिना किन्तु परन्तु किए गुरुदेव से पूछा कि आज्ञा दे किस तरफ से शुरु करूं? सिर की तरफ से या पैरों की तरफ से। तब गुरु देव ने उन्हें गले लगा लिया और भाई लहणा को आपने अंग लगा कर उन्हें दूसरा नानक गुरु अंगद देव जी बना दिया। आप 1539 में दूसरे नानक बनकर गुरु गद्दी पर विराजमान हुए। देवजी के दो सुपुत्र थे। भाई लखमीचंद, भाई श्रीचंद थे परन्तु आदेश पालन में भाई लहणा जी खरे उतरे। इसलिए उनको यह रुतबा हासिल हुआ। शरीर तो नहीं बदले पर गुरु नानक देवजी के कार्य और ज्ञान भाई लहणाजी में आ गए।

गुरुदेव के आदेशानुसार आपने खंडूर साहिब में गुरु गद्दी स्थापित की वहां आप माता भराई के घर में रहकर सिमरन बंदगी करने लगे फेर वसाइआ फेर आप सतगुरु खंडूर। भाई सन्ता बलवंड (1540 में जब हुमायूं बादशाह सूरी से हारकर गुरुदेव के दरबार में शाम को पहुंचा तब गुरुदेव ने उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया क्योंकि वे लड़कों को कुश्ती के दांव पेंच सिखा रहे थे। इस पर हुमायूं को क्रोध आया और तलवार निकालने हेतु जैसे ही मूठ पर हाथ रखा हाथ वहीं चिपक गया। तब गुरुदेव ने मुस्कराकर कहा- बादशाहों को फकीरों के आगे ताकतें नहीं दिखानी चाहिए जहां दिखानी थी वहां दिखा नहीं पाए। हार कर चले आए। बादशाह इस बात से बहुत शर्मिन्दा हुए और गुरुदेव से आर्शीवाद प्राप्त कर वापस शेरशाह से फिर युद्ध कर उसे हरा कर हिन्दुस्तान के बादशाह बने।

सन् 1543 में आपने गुरुनानक देव जी की सारी जीवनी उनके जीवन की घटनाएं गुरुदेव के साथ भाई बालाजी से पूछकर भाई बैड़ा मोखा से लिखवा कर जनम साखी तैयार करवाई। गुरुदेव ने स्वयं भी 62 शब्दों की रचना की जो शलोक महला 2 के नाम से गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है। आपने ही गुरुमुखी अशरों की रचना की। लंगर प्रथा उभी चालू की। लंगर की सेवा धर्मपत्नी बीबी खीवी जी के जिम्मे थी। इसे बलवंड ने कुछ इस तरह कहा-

बलवंड खीवी नेक जनजिनि बहुती छांव पतपावी।<br>
लंगर दौलत वडिंये रस अमृत खीर पीआली।।

गुरुदेव अपने घर का खर्च मूंज की रस्सी बुनकर उसे बेचकर चलाते थे और संगत द्वारा दिए गए एक एक पैसे को लंगर की व्यवस्था में खर्च करते। गुरुदेव जहां मन और आत्मा को स्वस्थ रखने के लिए गुरुवाणी कीर्तन का प्रवाह जारी रखते थे वहीं शरीर स्वस्थ रखने हेतु अखाड़ा का भी निर्माण कराते रहे। इस तरह सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देव जी बनाए उपदेशों को अपने प्रचारित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। इस तरह आप सिख धर्म के पहले प्रचाररू बने। आप सन् 1552 में तीसरे नानक रूप में गुरु अमरदास जी को गुरु गद्दी का वारिस बनाकर इस संसार से विदा ली।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक रहे हैं

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अत: प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। यदि यही सिद्धांत और अंत:प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति सुकरात हुआ करते थे, उनके विचारों में मौलिकता, नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे, और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं। विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है। भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है

किसी स्वस्थ, स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे, और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## पुलिस ने छुरा घोंपने वाले किशोर को गोली मारी, मौत

**सिडनी,** 5 मई (एजेंसियां)। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियन (डब्ल्यूए) पुलिस फोर्स ने रविवार को बताया कि उसने रसोई के छुरे से एक व्यक्ति को घायल करने वाले किशोर को गोली मार दी जिसका बाद में मौत हो गई। डब्ल्यूए पुलिस कमिश्नर कर्नल ब्लांच ने बताया कि एक पुरुष ने फोन कर कहा कि वह हिंसा करने जा रहा है। हालांकि उसने अपना नाम या जगह का नाम नहीं बताया। कुछ ही मिनट के बाद पुलिस को एक और कॉल आई जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति कार पार्क में छुरा लेकर दौड़ रहा है। पुलिस के तीन अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अपने वाहन से उतरने पर अधिकारियों ने पाया कि एक व्यक्ति रसोई के बड़े छुरे के साथ वहां था।

# देश विदेश

# गाजा से हटने की हमास की मांग मंजूर नहीं : नेतन्याहू

**तेल अवीव**, 5 मई (एजेंसियां)। बंधकों की रिहाई के लिए चल रही बातचीत और बढ़ती मांगों के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश गाजा में युद्ध खत्म करने की हमास की मांग मंजूर नहीं करेगा।

बीबीसी के मुताबिक, नेतन्याहू ने कहा कि हम ऐसे हालात कबूल करने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसमें हमास बटालियन अपने बंकरों से बाहर आती हैं, गाजा पर फिर से कब्जा कर लेती हैं, अपने सैन्य बुनियादी ढांचे फिर से बनाती हैं और दक्षिण के शहरों में रहने वाले इजरायल के नागरिकों को धमकी देने के लिए वापस आती हैं। उन्होंने दोहराया कि इजरायल हमास की मांगों पर सहमत नहीं होगा।



**हम ऐसे हालात कबूल करने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसमें हमास बटालियन अपने बंकरों से बाहर आती हैं : बेंजामिन नेतन्याहू**

उनका बयान तब आया, जब मिस्र में हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई के बदले में इजरायल के गाजा हमले को रोकने के लिए एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू हुई।

मुख्य विवाद यह है कि क्या इजरायली जेलों में बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के लिए लगभग 40 दिनों का ठहराव स्थायी होगा, जैसा कि हमास चाहता है। बीबीसी केअनुसार, नेतन्याहू ने तर्क दिया कि प्रस्तावित समझौते से गाजा पर हमास का नियंत्रण बना रहेगा और वह इजरायल के लिए खतरा बना रहेगा। वरिष्ठ नेता इस्माइल हनीयेह के सलाहकार हमास के एक अधिकारी ने कहा कि समूह नए प्रस्ताव को 'पूरी गंभीरता' के साथ देख रहा है, लेकिन उन्होंने अपनी मांग दोहराई कि किसी भी समझौते में स्पष्ट रूप से गाजा से इजरायली सेना की वापसी और युद्ध के पूर्ण अंत का जिक्र है।

## गाजा समझौते पर बातचीत के लिए हमास व कतर की टीमें काहिरा पहुंचीं

**काहिरा।** फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास और कतर की टीमें इजरायल के साथ युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते पर आगे की बातचीत के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचीं। दोनों टीमें शनिवार को कतर से पहुंचीं। मिस्र के टेलीविजन स्टेशन अल-काहिरा न्यूज ने भी काहिरा में हमास प्रतिनिधिमंडल के आगमन की सूचना दी और समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति का हवाला दिया। अल-काहिरा न्यूज ने सूत्रों के हवाले से कहा कि बातचीत में शामिल मिस्र की सुरक्षा टीम कई विवादास्पद मुद्दों पर सर्वसम्मति के फॉर्मूले पर पहुंच गई है। इस बीच, इजरायल कथित तौर पर काहिरा में एक टीम नहीं भेज रहा है। इजरायल के कान रेडियो ने एक सरकारी प्रतिनिधि के हवाले से शनिवार को बताया कि हमास द्वारा मौजूदा प्रस्तावित युद्धविराम समझौते पर प्रतिक्रिया के बाद ही एक प्रतिनिधिमंडल मिस्र भेजा जाएगा। इजरायली अखबार हारेत्ज ने उच्च पदस्थ इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर उग्रवादी संगठन पेश समझौते के मसौदे पर सहमत होता है तो देश हमास के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत जारी रखने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना बना रहा है।

## दुनिया में यहूदी-विरोधी भावना दूसरे विश्व युद्ध के बाद चरम पर : रिपोर्ट

**तेल अवीव।** इजरायल पर हमास के अचानक हमले के सात महीने बाद गाजा पट्टी में जारी इजरायल की जवाबी कार्रवाई के बीच दुनिया में यहूदी-विरोधी भावना दूसरे विश्व युद्ध के बाद के चरम स्तर पर पहुंच गई है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। तेल अवीव यूनिवर्सिटी और अमेरिका के एंटी डिफेमेशन लीग (एडीएल) के एक संयुक्त अध्ययन में कहा गया है कि यदि यह प्रवृति जारी रही तो कई देशों में यहूदी सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ अपनी पहचान के साथ नहीं जी पाएंगे। उदाहरण के लिए पिछले साल अमेरिका में यहूदियों के प्रार्थना स्थलों और संस्थानों को रोजाना औसतन तीन बम की धमकियां मिलीं। प्रोफेसर उरिया शैविट ने कहा कि यह साल 1938 जैसा नहीं है, न ही यह 1933 जैसा है। लेकिन यदि यही प्रवृति जारी रही तो पश्चिमी देशों में यहूदियों का अपनी जिंदगी जीना-यानि डेविड स्टार लगाना, यहूदी प्रार्थना घरों और सामुदायिक केंद्रों में जाना, बच्चों को यहूदी स्कूलों में भेजना, परिसर में यहूदी क्लबों में जाना या हिब्रू बोलना-असंभव हो जाएगा।




रिपोर्ट में कहा गया है कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास हमले से पहले भी यहूदी-विरोधी भावना तेजी से बढ़ रही थी, लेकिन उस हमले के बाद इसकी गति नियंत्रण से बाहर हो गई है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका में 60 लाख यहूदी रहते हैं। पिछले साल जनवरी से सितंबर के बीच नौ महीने में 3,500 यहूदी-विरोधी घटनाएं हुई थीं। अंतिम तीन महीने में ऐसी चार हजार घटनाएं दर्ज की गईं।

दूसरे देशों में भी ऐसी ही स्थिति है। जर्मनी में जनवरी-सितंबर 2023 के दौरान यहूदी-विरोधी 1,365 घटनाएं हुई थीं जिनकी संख्या अंतिम तीन महीने में 2,249 रही। फ्रांस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और मेक्सिको से भी इन घटनाओं के बढ़ने की खबरें हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यहूदी-विरोधी घटनाएं बढ़ने और गाजा पट्टी में इजरायली कार्रवाई के बीच कोई संबंध नहीं है।

## सुडोकू 6546

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 6 मई, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए अनुकूल रहेगा।

वृषभ - गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कोई नए दोस्त मिल सकते हैं। व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। दोपहर के बाद रिश्तों में ज़रा संभलकर चलें।

मिथुन - आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा।

कर्क - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

सिंह - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

कन्या - सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है।

तुला - आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हो। विद्यार्थी आज अभ्यास और कॅरियर के मामले में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनु - पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। दोपहर के बाद आप के स्वभाव में भावुकता बढ़ सकती है।

मकर - आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी। कोई छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। भाइयों के साथ संबंधों में निकटता आएगी।

कुंभ - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार से आपका मन दुखी हो सकता है।खान-पान में भी संयम बरतें। दोपहर के बाद आप वैचारिक स्थिरता के साथ सभी कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

मीन - आज आपके घर में धार्मिक कार्य होंगे। परिवार में आनंदमय वातावरण रहेगा। काम में सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए काम के लिए दिन शुभ है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जेजू द्वीप पर खराब मौसम के कारण 40 उड़ानें रद्द

**जेजू,** 5 मई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के दक्षिणी रिजॉर्ट द्वीप जेजू पर प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण कम से कम 40 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। 'योनहाप' समाचार एजेंसी ने जेजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों के हवाले से बताया कि दोपहर तक 20 आगमन और 20 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। द्वीप पर तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है, साथ ही हवाई अड्डे पर विंड शियर का परामर्श भी प्रभावी है। कोरिया मौसम विज्ञान प्रशासन (केएमए) ने हवाई यात्रियों से अपने उड़ान कार्यक्रम की पहले से जांच करने को कहा है क्योंकि जेजू द्वीप पर मंगलवार सुबह तक मौसम खराब रहने की आशंका है।




मौसम एजेंसी के अनुसार, आज अपराह्न दो बजे तक देश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा, गरज और बिजली के साथ बारिश हो रही थी।

## टेक्सास में बाढ़ग्रस्त इलाकों से 600 से ज्यादा लोगों को बचाया

**ह्यूस्टन,** 5 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में ह्यूस्टन शहर के आसपास बाढ़ वाले इलाकों से 600 से अधिक लोगों को बचाया गया है। पूर्वी टेक्सास में रविवार दोपहर तक बाढ़ की निगरानी जारी रही।

ज्यादा वर्षा का पूर्वानुमान लगाया गया है, जिससे बड़ी बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, शनिवार देर रात से रविवार तक भारी बारिश की उम्मीद है। ह्यूस्टन से करीब 50 किमी उत्तर पूर्व में स्प्लेंडोरा के पास पिछले पांच दिनों में 21 इंच (53 सेंटीमीटर) से ज्यादा बारिश हुई।

हैरिस काउंटी की न्यायाधीश लीना हिडाल्गो ने शनिवार को एक प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि काउंटी के कई इलाकों में करीब 180 लोगों और 122 पालतू जानवरों को गंदे पानी से बचाया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक पोल्क काउंटी में 100 से अधिक और मोंटगोमरी काउंटी में लगभग 400 लोगों को बचाया गया। सभी तीन काउंटी ह्यूस्टन मेट्रो क्षेत्र में या उसके आसपास हैं।



## अफगानिस्तान में बाढ़ व तूफान से मरने वालों की संख्या 10 हो गई

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान में तेज बारिश और बाढ़ के कारण 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक मूसा अशहारी ने पुष्टि की है कि कुछ दिनों में हेरात प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ से सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, बारिश और बाढ़ के कारण हेरात के पड़ोसी फराह प्रांत में तीन लोगों की जान चली गई। अप्रैल में अफगानिस्तान में तूफान और बाढ़ से 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

## पीओके हमेशा से भारत का अभिन्न अंग है, अब राष्ट्रीय चेतना में वापस आ गया : जयशंकर



**कटक**, 5 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के हमेशा से भारत का अभिन्न अंग रहने की बात दोहराते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि आजादी के बाद से इस मामले में बहुत दयनीय स्थिति रही क्योंकि पिछली सरकारों ने उस इलाके को पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त कराने की कोशिश नहीं की। ओडिशा के कटक में एक संवाद सत्र में विदेश मंत्री ने कहा कि पीओके कभी इस देश से बाहर नहीं था। यह हमेशा से देश का हिस्सा रहा है। देश की संसद में यह संकल्प पारित हुआ है कि पीओके भारत का हिस्सा है। फिर दूसरे लोगों का नियंत्रण कैसे हो गया? अब हो जाता है..., जब घर का मुखिया जिम्मेदार नहीं होता है तो बाहर वाले आकर चीजें चुरा ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आपने दूसरे देश को घुसने दिया।

## पाकिस्तान में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने शहर के सिब्बी रोड के पास एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। शेष तीन आतंकवादी एक इमारत में घुस गए। सीटीडी ने बताया कि पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और इमारत में प्रवेश करने से पहले अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को बुलाया। पुलिसकर्मियों ने बाद में इमारत में घुसकर शेष आतंकवादियों को भी मार गिराया।


## राफा में मारा गया इस्लामिक जिहाद कमांडर : आईडीएफ

**यरूशलम**, 5 मई (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस्लामिक जिहाद राफा ब्रिगेड के एक वरिष्ठ कमांडर ऐमान जाराब को मार गिराया। आईडीएफ ने बताया कि दक्षिणी गाजा शहर में हवाई हमले किए गए, जिसमें ऐमान जाराब मारा गया है।



आईडीएफ के हवाले से बताया कि जाराब ने 7 अक्टूबर को किबुत्ज सूफा और गाजा पट्टी की सीमा से लगी सूफा सैन्य पोस्ट पर हमले के दौरान इस्लामिक जिहाद की विशिष्ट सेनाओं को निर्देशित किया था। आईडीएफ के अनुसार, जाराब ने कई हमलों की कमान और निर्देशन किया था। पिछले कुछ दिनों में उसने इजरायली सेना के खिलाफ दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई के लिए इस्लामिक जिहाद की तैयारियों का नेतृत्व किया था। इजरायली सेना ने बताया कि हमले के दौरान जाराब के साथ दो अन्य जिहाद कार्यकर्ता भी मारे गए।

## वर्ग पहेली 6546



**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध, निर्दोष
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
.७. जन्म देना, जनन
८. धनी, समृद्ध
१० दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बालयकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१९. ध्वनि, शब्द
२१. दादागिरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन देन के मामले में खरा हो (उर्दू)
५ नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. शरीर में खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वत पुत्री
१४. उलाहना(उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने(उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट-फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत(उर्दू)

### वर्ग पहेली-6545

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | क्र | २ पा | णि | ■ | ■ | ३ खु | ले | ४ आ | म |
| म | ■ | र | ■ | ५ आ | गो | श | ■ | तं | ■ |
| ६ क | पा | ल | ■ | ग | ■ | ७ हा | नि | क | ८ र |
| ना | ■ | ग | ■ | ९ ज | ली | ल | ■ | ■ | ख |
| ■ | १० आ | ना | ११ का | नी | ■ | ■ | १२ भा | स्क | र |
| ■ | ख्या | ■ | म | ■ | १३ नु | पू | र | ■ | खा |
| १४ अ | न | १५ म | ना | ■ | त | ■ | १६ त | १७ ना | व |
| र्पा | ■ | हा | ■ | १८ ज | न | १९ क | ■ | स्ति | ■ |
| २० गि | र | वी | ■ | ता | ■ | २१ स | म | क | २२ क्ष |
| नी | ■ | २३ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | ति |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1529 - बंगाल के अफगान शासक नसरत शाह को गोगरा नदी के किनारे हुई लड़ाई में बाबर के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा।
1840- दुनिया की पहली गोंद लगी डाक टिकट 'पेनी ब्लैक' का ग्रेट ब्रिटेन में इस्तेमाल हुआ था।
1840 - दुनिया की पहली गोंद लगी डाक टिकट %पेनी ब्लैक% का ग्रेट ब्रिटेन में इस्तेमाल हुआ।
1857 - ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल नेटिव इंफैंटरी की 34वीं रेजिमेंट को भंग किया। रेजिमेंट के सिपाही मंगल पांडेय ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया था।
1861 - मोतीलाल नेहरू का जन्म।
1910 - जॉर्ज पंचम, पिता एडवर्ड सप्तम की मृत्यु के बाद ब्रिटेन के सम्राट बने।
1940 - जॉन स्टेनबेक को उनके उपन्यास %द ग्रेप्स ऑफ रैथ% के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला।
1942 - फिलीपीन में अमेरिकी सेना की अंतिम टुकड़ी ने जापान के समक्ष समर्पण किया।
1944 - गांधी जी को पुणे के आगा खां पैलेस से रिहा किया गया और यह उनके जीवन की अंतिम जेल यात्रा थी।
1954 - लंदन के एक बगीचे में कई महीने तक दौड़ने का अभ्यास करने वाले मेडिकल छात्र रोजर बैनिस्टर ने एक मील की दूरी को चार मिनट के भीतर पूरा करने का रिकार्ड बनाया। उन्होंने यह दूरी तीन मिनट 59.9 सेकंड में पूरी की।
1960- ब्रिटेन की महारानी की छोटी बहन राजकुमारी मार्गरेट और एंथनी आर्मस्ट्रांग जोन्स का विवाह। लंदन के वेस्टमिन्स्टर एबे में संपन्न इस विवाह समारोह को करीब दो करोड़ लोगों ने टेलीविजन पर देखा।
1976 - उत्तर पूर्वी इटली में भीषण भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की मौत। भूकंप के झटके तीन बार महसूस किए गए। इनमें सबसे ताकतवर भूकंप 6.5 तीव्रता का था।

तैयारी | *पाक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय के तहत समिति गठित*

# हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा करेंगे : शहबाज

**लाहौर, 5 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा' करने का वादा किया है। पास्को के माध्यम से गेहूं खरीद के मामलों की समीक्षा के लिए शनिवार को मॉडल टाउन में अपने आवास पर एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए शरीफ ने गेहूं बेचने और गेहूं के बैग प्राप्त करने के संबंध में किसानों की शिकायतों को 'चार दिनों' में समाधान करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय के तहत एक समिति का गठन किया गया है।**

प्रधानमंत्री आवास की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि संघीय सरकार किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए पास्को के माध्यम से 18 लाख टन गेहूं खरीद रही है। प्रधानमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से गेहूं खरीद प्रक्रिया की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसानों को उनका उचित मूल्य समय पर मिले।

शरीफ ने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने इस साल गेहूं की बंपर पैदावार होने पर 'प्रसन्नता' भी व्यक्त की। बैठक में संघीय मंत्री अताउल्लाह तरार और राणा तनवीर हुसैन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उधर, पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) के एक सूत्र ने पाकिस्तानी अखबार डॉन को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ चाहते है कि शहबाज के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 'मजबूत राजनीतिक दबदबे' की परवाह किए बिना कथित घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ 'त्वरित' कार्रवाई करे।



**सरकार किसानों की आर्थिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी : शहबाज शरीफ**

पीएमएल-एन के मॉडल टाउन कार्यालय में एक बैठक के दौरान यह सुझाव दिया गया कि कथित घोटाले की जांच के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) या संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को शामिल किया जाए, लेकिन शहबाज सरकार ने शनिवार को कहा कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। अताउल्लाह तरार ने बताया कि सरकार का ऐसा कोई इरादा नहीं है । वहीं, एक अंदरूनी सूत्र ने दावा किया कि चूंकि यह घोटाला काफी हद तक पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की सरकार से संबंधित है, इसलिए शहबाज़ प्रशासन बहुत सावधानी से काम कर रहा है।

## दुनिया को जानें

### नया कोविड वैरिएंट 'फ्लर्ट' इम्यून सिस्टम से बचने में सक्षम : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में तेजी से फैल रहा नया कोविड-19 वैरिएंट 'फ्लर्ट' इम्यून सिस्टम से बचने में सक्षम है। ऐसा दो स्पाइक प्रोटीन के बीच अमीनो एसिड के ट्रांस प्रतिस्थापन के कारण है। ये बात हेल्थ एक्सपर्ट्स ने रविवार को कही है।

सीके बिड़ला अस्पताल (आर) में आंतरिक चिकित्सा के निदेशक राजीव गुप्ता के अनुसार, 'फ्लर्ट' जो ओमिक्रॉन केसीके बिड़ला अस्पताल (आर) में आंतरिक चिकित्सा के निदेशक राजीव गुप्ता के अनुसार, 'फ्लर्ट' जो ओमिक्रॉन के जेएन.1 वंश से संबंधित है, तेजी से अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरिया में पिछले वैरिएंट एरिस की जगह ले रहा है। गुप्ता ने बताया कि इन देशों में अस्पताल में भर्ती होने की दर में हालिया वृद्धि को इस वैरिएंट के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है; हालांकि, कोई बड़ी वेव पैदा नहीं हुई है। मृत्यु दर में भी कोई ख़ास अंतर नहीं है। अमेरिका की संक्रामक रोग सोसायटी के अनुसार, नाम 'फ्लर्ट' (एफएलआईआरटी) उनके म्यूटेशन के तकनीकी नाम पर आधारित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इस पर नजर है और इसने कड़ी निगरानी की सलाह दी है।

# प्रादेशिकी

**भाजपा नेताओं ने आपदा प्रभावित परिवारों को पीठ दिखाई : सुक्खू**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पांच साल सोए रहे और चोरों के लिए दरवाज़े खोल दिए। जिन्हें वर्तमान सरकार ने बंद करके 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व कमाया है और राज्य की अर्थव्यवस्था में बीस प्रतिशत का सुधार आया है। अब जनता का पैसा जनता के बीच बांटा जा रहा है। महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन, गोपालकों को 1200 रुपए महीना, 1.15 लाख विधायकों को घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए, 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का फ्री इलाज, मनरेगा की दिहाड़ी में ऐतिहासिक 60 रुपए बढ़ौतरी, दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य, कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए, पुलिसकर्मियों की डाइट मनी में पांच गुणा की वृद्धि, राज्य सरकार ने यह सब कुछ इसी अतिरिक्त राजस्व से किया है।

## चारों धाम के कपाट खुलने के दौरान होगी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा : धामी

### चारधाम यात्रा की सभी तैयारियां आगामी 10 मई तक हर हाल में पूरी हों : मुख्यमंत्री

■ पिछले वर्ष की चारधाम यात्रा के अनुभवों से सीख लेकर यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाएं

■ अमरनाथ तिवारी



**देहरादून,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उत्तराखण्ड सदन नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम के 300 सेवादारों की टीम को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय देहरादून से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आगामी 10 मई से हमारी चारधाम यात्रा प्रारम्भ होने वाली है, जो हमारे लिये उत्सव का वातावरण तैयार करती है तथा साथ ही हम सब चारधाम यात्रा जल्दी से जल्दी प्रारम्भ हो, इसका इन्तजार बेसब्री से करते हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा का एक बहुत बड़ा उत्सव पूरे उत्तराखण्ड, देशवासियों, भक्तगणों, श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों के लिये होता है और इस अवसर पर हम सब लोग अपने-अपने तरीके से इस पुण्य में सम्मिलित होते हैं तथा इस पुण्य में भण्डारे के आयोजन की अपनी अलग ही भूमिका है, जिसके लिये उन्होंने इस आयोजन में शामिल टीम लीडर हिमांशु चमोली सहित महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड आदि के युवाओं को हार्दिक बधाई व शुभकामना दी।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पिछले वर्ष आयोजित किए गए मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इस भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही शानदार रहा तथा हजारों श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों ने इस भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया, जिसके सफल आयोजन का सन्देश पूरे देश में गया। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि विगत दिवस उन्होंने चारधाम यात्रा के साथ ही वर्तमान में जंगलों में जो वनाग्नि हो रही है,की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जो हमारे लिये एक चुनौती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे सभी आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुये एक ऐसा मैकेनिज्म बनायें ताकि जल्दी से जल्दी इस वनाग्नि पर हम सब लोग काबू पा सकें। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से भी वनों को बचाने के लिये अपना पूरा सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह वन सम्पदा हमारी धरोहर है, इसको हमें हर हाल में बचाना है तथा सभी को वनों को बचाने में अपना योगदान देना है।


**सीएस जिलाधिकारियों को एक सप्ताह तक प्रतिदिन वनाग्नि की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश तत्काल जारी करे: सीएम**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सचिव को दूरभाष पर निर्देश दिए हैं कि जिलाधिकारियों को एक सप्ताह तक प्रतिदिन वनाग्नि की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश तत्काल जारी किए जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जिलाधिकारियों को सभी प्रकार के चारे को जलाने पर तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शहरी निकायों को भी अपने ठोस कूड़े को वन या वनों के आसपास जलने पर प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कोविशील्ड वैक्सीन पर सियासत जारी, विशेषज्ञों ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं

**देहरादून,** 5 मई (एजेंसियां)। कोविशिल्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर कुछ दिनों से सियासत जारी है। विपक्ष सवाल उठा रहा है, तो वहीं सत्ता पक्ष सवालों का मुस्तैदी से जवाब देने में जुटा है। इस बीच विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों से न घबराने की अपील की है। यूके की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार लंदन के कोर्ट में स्वीकार किया है कि कोरोना वायरस के खिलाफ लगने वाली उसकी वैक्सीन से दुर्लभ मामलों में गंभीर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसके बाद इस पर सियासत तेज हो गई है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि इस वैक्सीन के फायदे ज्यादा हैं और नुकसान बेहद कम हैं। इसलिए कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। वैक्सीन सेफ है और जिसको साइड इफेक्ट होने थे, वो वैक्सीनेशन के बाद ही हो गए होंगे। विशेषज्ञों ने कहा है कि कोविशील्ड को लेकर आ रही खबरों से घबराने की जरूरत नहीं है। कार्डियोलाजिस्ट डॉ. एसडी जोशी ने कहा कि कोविड की वैक्सीन लगने के एक से छह हफ्ते के बाद साइड इफेक्ट आ जाते हैं। लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। अब तक 230 करोड़ वैक्सीन की डोज देश में लग चुकी है। यदि साइड इफेक्ट होते तो, अब तक आधे से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गई होती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए घरबराएं नहीं। वहीं न्यूरोसर्जन डॉ. महेश कुड़ियाल ने भी कहा कि वैक्सीन को लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि ब्रिटेन की अदालत में हलफनामा देकर सीरम कंपनी ने स्वीकार किया है उनकी वैक्सीन के कारण हार्ट अटैक, ब्रेन हैमरेज व ब्लड क्लॉटिंग की आशंका है। देश में करोड़ों लोगों को कोविशिल्ड वैक्सीन लगी है। इससे हर शख्स के मन में भय है। वहीं बीजेपी के प्रदेश मीडिया मनवीर चौहान ने कहा कि करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करने वाली वैक्सीन के खिलाफ, जिस तरह से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, वो किसी एजेंडा का हिस्सा है।



**कोविड की वैक्सीन लगने के एक से छह हफ्ते के बाद साइड इफेक्ट आ जाते हैं। लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। अब तक 230 करोड़ वैक्सीन की डोज देश में लग चुकी है : डॉ. एसडी जोशी, कार्डियोलॉजिस्ट**

### सार संक्षेप

#### पाक हिंदुओं ने हरिद्वार में पूर्वजों की अस्थियों को किया विसर्जित

**हरिद्वार।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत आए 223 पाकिस्तानी हिंदुओं ने रविवार को हर की पौड़ी हरिद्वार में अपने पूर्वजों की अस्थियों को पूरे विधि विधान से गंगा में विसर्जित किया। पाकिस्तान से आने वाले हिंदू श्रद्धालु सालों से अपने परिजनों की अस्थियों को रखे हुए थे। रविवार को गंगा में अस्थियां विसर्जित होने के बाद उनके पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति हो गई। हिंदू धर्म में शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि गंगा में अस्थि विसर्जन होने के बाद ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। भारत सरकार की ओर से विशेष वीजा मिलने के बाद भारत आने वाले इन श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्थलों के दर्शन किए, अयोध्या में प्रभु श्री राम का दर्शन करना इनके लिए बड़े सौभाग्य की बात रही। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाते हुए इन लोगों ने कहा कि हमें पाकिस्तान से हिंदुस्तान आने में काफी परेशानी होती है।

#### कंगना की शैक्षणिक योग्यता तो है नहीं : गिल

**मंडी।** कांग्रेस पार्टी मीडिया विभाग की राष्ट्रीय संयोजक अमृत गिल ने रविवार को कहा कि अपने क्षेत्र और जनता की आवाज को सभी तरह से योग्य नेता ही उठा सकता है तथा एक वीजन के साथ कार्य कर सकता है। पर मंडी से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत न ही ज्यादा पढ़ी-लिखी हैं और न ही उन्हें राजनीति का ज्ञान है। श्री गिल ने कहा है कि कंगना का मंडी की जनता के लिए वीजन तो अभी तक तय भी नहीं हो पाया है। वहीं अगर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य से उनकी तुलना की जाए तो वह राजनीतिक और शैक्षणिक तौर पर भी कंगना से अधिक सशक्त प्रत्याशी हैं। यह तुलना सुश्री अमृत गिल ने आज मंडी के गांधी भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए की।

#### दो लोगों ने मिलकर की नेपाली मूल के व्यक्ति की हत्या

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के कोटखाई में दो दोस्तों द्वारा अपने ही तीसरे दोस्त की हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का शव पत्थर की गुफा से बरामद हुआ है। मृतक व्यक्ति नेपाली मूल का था, जिसकी पहचान 35 वर्षीय लोकेश के रूप में हुई है।
पुलिस से मिली जानकारी कि आरोपियों ने आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी शिमला भेजा गया है। वहीं मामले की आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

#### सुडोकू 6546 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

## ओपीएस को लेकर कर्मचारियों को गुमराह किया जा रहा है : जगत नेगी

**शिमला,** 5 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता जगत सिंह नेगी ने ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि ओपीएस को लेकर कर्मचारियों को गुमराह किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार कह रही है कि अगर हम हिमाचल में सत्ता में आते हैं तो ओपीएस को बंद नहीं किया जाएगा। लेकिन, राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही ओपीएस को बंद कर दिया गया। पीएम मोदी राज्यसभा सत्र के दौरान देश भर में ओपीएस को बंद करने की बात कह चुके हैं तो फिर क्या हिमाचल भाजपा के नेता पीएम मोदी से ऊपर का दर्जा रखते हैं, जो कह रहे हैं कि ओपीएस को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हिमाचल में भी ओपीएस को बंद करने की मंशा रखती है। कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ दिया है। हमारी सरकार ओपीएस को कानूनी रूप से भी मजबूत करेगी। उन्होंने हिमाचल भाजपा के नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि अगर दम है तो केंद्र से एनपीएस के तहत कटे कर्मचारियों के 9 हज़ार करोड़ रुपये के हिस्से को प्रदेश को दिलाएं। भाजपा के लोग रोज झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हिमाचल में वादा किया था कि हिमाचल के सेब को कोल्ड ड्रिंक में इस्तेमाल किया जाएगा।



लेकिन, वह वादा कहां है? सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी 75% से घटाकर 50% कर दी। इससे बागवानों को नुकसान हो रहा है। कंगना रनौत पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह महिलाओं का सम्मान करते हैं। लेकिन, अगर कोई महिला प्रदेश में आकर आम जनता को गुमराह करने की कोशिश करेगी तो वह बर्दाश्त नहीं होगा।

## दून के अस्पताल में भर्ती इस्कॉन के चेयरमैन गोस्वामी महाराज का निधन

देहरादून, 5 मई (देशबन्धु)। इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का आज सुबह देहरादून में निधन हो गया। उन्होंने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। बता दें कि गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था। आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। अस्पताल के एमडी कमल गर्ग ने इसकी पुष्टि की है। भक्त उनके आखिरी दर्शन दोपहर साढ़े तीन बजे दिल्ली के इस्कॉन मंदिर में कर सकेंगे। कल उनकी देह को वृंदावन ले जाया जाएगा। इसका समय अभी तय नहीं हुआ है। 1944 में नई दिल्ली में जन्मे गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज एक मेधावी छात्र थे, जिन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां प्रदान की गई थीं। उन्होंने 1968 में कनाडा में अपने गुरु और इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद से मुलाकात की और तब से उन्होंने सभी की शांति और कल्याण के लिए भगवान कृष्ण और सनातन धर्म की शिक्षाओं को दुनिया के साथ साझा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया।



**निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर**

## सैकड़ों युवाओं ने तमसा नदी में चलाया स्वच्छता अभियान

**देहरादून,** 5 मई (देशबन्धु)। एक दो तीन चार, दून को हम रखेंगे साफ, गूंजती आवाज के साथ पर्यावरण प्रेमी सैकड़ो युवाओं ने मैड संस्था के तत्वाधान में टपकेश्वर मंदिर के नीचे बहती तमसा नदी में चलाया स्वच्छता। बहाया पसीना। यहा बेझिझक नदी में से इन्होंने दाह-संस्कार के बाद की गयी किरया कर्म, पूजन, मुंडन आदि कराकर डाली गयी पूजा सामग्री,कांच की टूटी बोतलें, नारियल, तेल की शीशियां, खंडित मूर्तियां, कपड़े लत्ते, पॉलिथीन के बैग अपने हाथों से एकत्रित कर नगर निगम की गाड़ियों में डाला। अभियान में उच्च न्यायालय के दो अधिवक्ता अभिजय नेगी तथा इनकी पत्नी स्निग्धा तिवारी भी शामिल थी। ये छात्र-छात्राएं सवेरे से घरों से बिना खाए पिए स्वच्छता का संदेश देने यहां इकट्ठे हुए थे। अभियान की समाप्ति पर संयुक्त नागरिक संगठन की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप फलाहार, फ्रूटी, बिस्कुट आदि की व्यवस्था जसबीर सिंह रिनोत्रा, ताराचंद गुप्ता,निखिल व प्रीती त्यागी की ओर से की गई थी। युवाओं को पर्यावरण स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करते हुए वक्ताओं ने कहा देश का भविष्य आज के युवाओं पर निर्भर है और भविष्य मे भी अपने बच्चो के साथ यह स्तम्भ बनकर खडे रहेगे। इनका यह भी कहना था की रिस्पना, बिंदाल की गंदगी गंगा को अपवित्र बना रही है। इसके लिए शासन प्रशासन को जल्द कदम उठाने होंगे। चन्द्रा भणडारी ने ये सन्नाटा तोड़ के आ,सारे बंधन छोड़ के आ,से युवाओं में जोश भर दिया। ब्रिगेडियर केजीबहल तथा प्रदीप कुकरेती ने विश्वास दिलाया की युवाओं के भावी अभियानो मे ये अपने साथियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे। युवाओ को प्रोत्साहित करने के लिए यहा अवधेश शर्मा, पीसी तिवारी, चंद्राभंडारी, विनोद नौटियाल, दिनेश भंडारी, रविंदर कौर, तनवीर सिंह भी थे।




## कोबरा गैंग की सदस्य केन्या मूल की महिला 21 लाख कोकीन के साथ गिरफ्तार



**देहरादून,** 5 मई (देशबन्धु)। कुख्यात कोबरा गैंग की विदेशी महिला तस्कर को पुलिस ने लाखों की हाईप्रोफाइल ड्रग्स व हजारों रूपये की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला तस्कर केन्या देश की नागरिक है जो टूरिस्ट वीजा पर भारत आयी थी। जिसके गैंग के सरगना सहित कई विदेशी ड्रग्स पैडलरों को दून पुलिस पहले ही अलग-अलग क्षेत्रों से गिरफ्तार कर चुकी है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात थाना राजपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीली पदार्थो की डिलीवरी के लिए आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को मसूरी रोड पर बास्क रेस्टोरेंट के समीप एक संदिग्ध विदेशी महिला घूमती हुई दिखाई दी। पुलिस ने जब उसे रोकना चाहा तो वह सकपका कर भागने लगी। इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 31 ग्राम कोकीन व 16500 रूपए की नगदी तथा एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम रेजिना वेवरू नेजरि पुत्री वेवरू हाल निवासी फरीदाबाद हरियाणा मूल पता केन्या व देहरादून में अस्थायी पता दो बच्ची रोड नियर सिद्धार्थ ला कालेज रायुपर बताया। बताया कि वह मूल रूप से केन्या देश की नागरिक है तथा वर्ष 2018 में टूरिष्ट वीजा पर भारत आई थी। इस दौरान दिल्ली में वह कोबरा गैंग के सम्पर्क में आई तथा उसके बाद से कोबरा गैंग के लिये काम करने लगी। वह डिमांड के हिसाब से कोकीन को दिल्ली से देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने एजेंटों व पैडलरों को सप्लाई करती है। वह कोकीन की सप्लाई शहर में आयोजित होने वाली बडी-बडी पार्टियों, कॉलेज, शिक्षण संस्थानो में अध्यनरत छात्रों व अन्य स्थानों पर डिमाण्ड के हिसाब से करती थी। जिसमें उसके द्वारा अपना कमीशन अलग से लिया जाता है। बताया कि आज भी बरामद कोकिन को वह बास्क रेस्ट्रोरेन्ट मसूरी रोड में विदेशी लोगो द्वारा आयोजित की गई पार्टी में सप्लाई करने दिल्ली से आई थी।

## विक्रमादित्य सिंह के गढ़ शिमला ग्रामीण पहुंचीं मीनाक्षी लेखी, पन्ना प्रमुख सम्मेलन में लिया हिस्सा

**शिमला,** 5 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा सीट पर चुनावी लड़ाई दिलचस्प हो चली है। एक ओर जहां कांग्रेस ने विक्रमादित्य सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है तो, दूसरी तरफ भाजपा ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को प्रत्याशी बनाया है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में तमाम नेताओं की ओर से जनसभा के साथ-साथ नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के गढ़ शिमला ग्रामीण पहुंची। जहां उन्होंने शिमला ग्रामीण पन्ना प्रमुख सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख पेड वर्कर नहीं हैं। वो अपने पैसे से खुद भी चाय पीते हैं और पांच लोगों को भी पिलाते हैं। वो भाजपा को हिम्मत और ताकत देते हैं। मीनाक्षी लेखी ने पूर्व यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गारंटियों की गारंटी है, मोदी की गारंटी है। यह कोई झूठ-मूठ की गारंटी नहीं, जिसमें किये वादे पूरे न हो। 2014 से पहले बजट में प्रोजेक्ट पारित होते थे, लेकिन, उन पर काम नहीं होता था। रेलवे में 97 प्रोजेक्ट ऐसे थे, जो हर बार पारित होते थे। उसको लेकर योजनाएं भी बनती थी लेकिन काम नहीं होते थे। मोदी सरकार आने के बाद लालफीताशाही व्यवस्था में बदलाव हुआ है।



## पौड़ी डीएम डॉ. आशीष खुद जंगल की आग बुझाने मैदान में उतरे

**पौड़ी,** 5 मई (देशबन्धु)। मुख्यालय स्थित टेका मार्ग पर आग लगने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. आशीष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा आग को नियंत्रित करने में सफलता पाई। वहीं उच्च स्थानों में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आग पर नियंत्रण पाकर पूर्णरुप से बुझाया गया। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए सभी लोग आगे आएं और अपना सहयोग जिला प्रशासन को प्रदान करें। शनिवार देर रात को टेका मार्ग के जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारियों ने आग बुझाने की कार्रवाई की। उनकी तत्परता और शीघ्रता के कारण आग को नियंत्रित करने में सफलता मिली। वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा भी सुरक्षित रूप से आग को बुझाया गया। जिलाधिकारी ने जंगलों में आग लगने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कहा। साथ ही सक्त निर्देश भी दिए कि जो भी जंगल में आग लगाते हुए पाया जाता है उस पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने आम जनमानस को सूचित करते हुए कहा कि आग लगने की सूचना को तुरंत वन विभाग के कंट्रोल रूम को पहुंचाएं दें ताकि आग बुझाने की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने वन विभाग, फायर टीम, राजस्व विभाग और संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आम जनमानस से भी कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले व्यक्तियों की सूचना कंट्रोल में दें और सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

**आग लगाने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई के दिए निर्देश**



**वनाग्नि की रोकथाम के लिए सभी लोग आगे आएं और अपना सहयोग जिला प्रशासन को प्रदान करें : डॉ. आशीष , जिलाधिकारी**

### जंगलों में आग लगाने मामले में बिहार के तीन मजदूर गिरफ्तार

**चमोली।** कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक पहाड़ों में आग लगाने की बात कर रहे हैं। वायरल वीडियो में ये युवा आग लगाना ही हमारा यही काम है, कहते सुनाई दे रहे हैं। युवक कह रहा है कि हम इसी काम के लिए आये हैं। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कैसे ये युवा जंगलों को आग के हवाले कर रहे हैं। अब वायरल हो रहे इस वीडियो में एक्शन हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो गैरसैंण ब्लॉक के पांडुवाखाल क्षेत्र का बताया जा रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद चमोली पुलिस ने इसका संज्ञान लिया।

### बाजपुर तहसील के रतनपुर गांव में लगी आग, चार मकान जलकर खाक

**काशीपुर।** गर्मी का सीजन आते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पहाड़ी इलाकों में फॉरेस्ट फायर की घटनाओं से शासन प्रशासन चिंतित है। वहीं, शहरी इलाकों में आगजनी की घटनाओं ने भी लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। बाजपुर के एक गाव में आग से एक के बाद एक घर जलकर खाक हो गए। बीती देर रात बाजपुर में चार कच्चे घरों में आग लग गयी। देखते ही देखते चारों घर आग में स्वाहा हो गये। घरों के जलने की तस्वीरें लाइव कैमरे में कैद हो गयी हैं। आग से घर में रखा खाने पीने, ओढ़ने पहनने के कपड़े, स्कूली बच्चों की कॉपी किताबें, जेवरात सहित नकदी जल कर राख हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# प्रादेशिकी

### अलीगढ़ में ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान, कहा - रोड नहीं तो वोट नहीं

अलीगढ़। अलीगढ़ थाना क्षेत्र के अकराबाद ब्लॉक में आने वाले कई गांव में लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने चुनाव बहिष्कार करने की बात कही। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से यहां की सड़क खराब पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या के चलते गांव के युवाओं की शादी नहीं हो पा रही है। बरसात के मौसम में सड़क तालाब बन जाती है, जिसके चलते अक्सर कोई न कोई हादसा हो जाता है। कई बार अधिकारियों से सड़क निर्माण कराने की मांग की गई, लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। अब ग्रामीणों ने तीसरे चरण के मतदान से दो दिन पूर्व ही कई गांवों में रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगाकर प्रदर्शन किया और चुनाव बहिष्कार की बात कही। यह भी बता दें कि अलीगढ़ का कुछ इलाका हाथरस लोकसभा क्षेत्र में आता है।

# किशोरी लाल शर्मा को नौकर कहने पर भड़की कांग्रेस

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 5 मई (देशबन्धु)। स्मृति ईरानी की तरफ से किशोरी लाल शर्मा को गांधी परिवार का नौकर कहा गया है। जिससे अमेठी में कांग्रेस भड़क गई है। नौकर के जबाव में

■ **राहुल गांधी के अमेठी रायबरेली को दिल की धड़कन कहने से कार्यकर्ता सड़क पर निकल पड़े हैं**

कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा ने कहा कि 1983 में यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष बनकर अमेठी आए थे। तब उनकी उम्र केवल 22 साल थी। अब 62 साल के हैं। अमेठी में दो पीढ़ियों के बीच परिवारिक रिश्ते है। 40 साल से अमेठी में है। पुत्र पिता बन चुके हैं,और पिता दादा बन चुके हैं। शर्मा ने कहा कि वे शुद्ध रूप से राजनीतिक है। कांग्रेस से कभी पगार नहीं लिए हैं। जब वे अमेठी आए थे तो स्मृति ईरानी से बड़ी हैसियत रखते थे। उन्होंने कहा कि अमेठी में स्मृति ईरानी को हराकर वापस गुजरात भेज देंगे। अभी बड़ी बात लग रही है। लेकिन अमेठी की जनता उनको हराने के लिए निकल पड़ी है। एक सवाल के जवाब





में शर्मा ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए 14 दिन का समय बहुत है। कांग्रेस के पास मजबूत टीम है।

राहुल गांधी के अमेठी रायबरेली को दिल की धड़कन कहने से कार्यकर्ता सड़क पर निकल पड़े हैं। जिससे 14 दिन चौदह साल के बराबर है। किशोरी लाल शर्मा रविवार को अमेठी,भादर,भेटुआ और संग्रामपुर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किए। अमेठी की सभा में शर्मा ने कहा कि वे गांधी परिवार के सिपाही है। वफादार सिपाही जंग जीतने के लिए भेजे जाते हैं। गांधी परिवार देश की धरोहर है। राजीव गांधी की सेवा से बड़ा मेरे लिए राजनीतिक पद नहीं था। गांधी परिवार की खड़ाऊ रखकर राजनीति करुंगा। चुनाव जीत कर कांग्रेस का सम्मान वापस करेंगे। इस बीच अमृत कुंड पर विराजमान सिद्धपीठ कालिकन धाम मंदिर में पूजा अर्चना की। कांग्रेस की बैठक में सपा और आप पार्टी के कार्यकर्ता भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा कि अमेठी में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी,

**अमेठी में स्मृति ईरानी को हराकर वापस गुजरात भेज देंगे। अभी बड़ी बात लग रही है। लेकिन अमेठी की जनता उनको हराने के लिए निकल पड़ी है : किशोरी लाल शर्मा**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, डिंपल यादव, रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव, आप पार्टी के संजय सिंह आदि चुनाव प्रचार में आएंगे। इस मौके पर रोहित सिंह, राजेश श्रीवास्तव, आशीष शुक्ल,दीपक सिंह, धर्मेंद्र शुक्ल, ओमप्रकाश दुबे, भवानी तिवारी आदि मौजूद थे। उधर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी तीन महीने से दिन-रात बराबर चुनाव प्रचार में जुटी है। इनके चुनाव प्रचार में सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गोसाईं गंज और शाहगढ़ में सभा को संबोधित करेंगे। स्मृति ईरानी के चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी आने की खबर है। भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी की तरफ से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने कहा कि अबकी बार छह लाख के पार का नारा सच होने जा रहा है।

## सपा समर्थकों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति का किया अपमान, क्षत्रिय समाज के लोगों में आक्रोश

**मैनपुरी,** 5 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में 4 मई को सपा मुखिया अखिलेश यादव के रोड शो के बाद सपा समर्थकों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति का अपमान किया। दरअसल, सपा समर्थकों ने रोड शो के बाद महाराणा प्रताप की मूर्ति पर चढ़कर पार्टी का झंडा लगा दिया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद क्षत्रिय समाज के लोगों में आक्रोश देखने को मिला।क्षत्रिय समाज के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि सपा के गुंडों ने महाराणा प्रताप का अपमान किया। मूर्ति पर जूते पहनकर चढ़ गए, उनका भाला तोड़ने का प्रयास किया गया और सपा का झंडा लगाया गया। एसपी सिटी राहुल मिठास ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि शनिवार को एक रोड शो हुआ था। रोड शो के बाद कुछ लोगों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर चढ़कर पार्टी विशेष के झंडे लगाए। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।



### महाराणा प्रताप के अपमान के आरोपों पर डिंपल ने दी सफाई

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप के अपमान करने के आरोपों पर सफाई दी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यूपी में सपा इस बार बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। अखिलेश यादव के रोड शो के बाद महाराणा प्रताप के अपमान के आरोपों पर उन्होंने कहा कि रोड शो के बाद भाजपा में कहीं न कहीं बौखलाहट है, इसलिए, इस तरह की साजिश की जा रही है।



तोड़फोड़ किसने की और मारपीट किसने की, उसकी रिकॉर्डिंग हमारे पास भी है। किसी पर अन्याय नहीं होना चाहिए, अगर किसी पर अन्याय होता है तो हम लोग उसके खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में भ्रष्टाचारी और गुंडे-माफिया प्रवृत्ति के लोग हैं। यह पुरानी वाली भाजपा नहीं है, पार्टी 10 साल में बदल गई है। लोगों को समझाना पड़ेगा कि यह लड़ाई लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है।

# अब तक किसानों से 2246.50 किवंटल गेहूं की ही खरीद



मेरठ। मवाना के बहसूमा में तमाम कोशिशें के बाद भी गेहूं खरीद के केन्द्र पर अभी किसान नहीं आ रहे हैं। बाजार भाव अधिक होने से किसान गेहूं केंद्र पर नहीं पहुंच रहे हैं। केंद्र प्रभारी देवानंद प्रकाश के प्रयासों के बाद भी किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने से पीछे हट रहे हैं। इसी कारण अभी तक क्रय केंद्र पर 2246.50 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। बता दें कि बाजार में गेहूं के दाम में तेजी के चलते सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। तमाम मशक्कत के बाद अब तक किसानों से 2246.50 किवंटल गेहूं की ही खरीद हो सकी है। बाजार में किसानों को अपनी उपज का बढ़िया मूल्य मिल रहा है। आढ़ती घर से गेहूं की तोल करा रहे हैं जिससे किसान सरकारी खरीद केंद्रों के चक्कर में नहीं पढ़ना चाह रहे हैं। जिसके चलते क्रय केंद्र पर 2246.50 किवंटल गेहूं की ही खरीद हुई है।बता दें कि 1 मार्च से गेहूं खरीद शुरू की गई है। शनिवार को मंडी समिति

## टोल प्लाजा पर भाकियू एकता शक्ति का प्रदर्शन, जाम में फंसी एंबुलेंस

**मेरठ,** 5 मई (देशबन्धु) परतापुर थाना क्षेत्र के दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित काशी टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के कार्यकर्ताओं में हंगामा करते हुए आने वाले तीन लाइनों को बंद कर दिया। टोल प्लाजा पर किसान धरना देकर बैठ गए। किसानों का आरोप था कि भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के कार्यकर्ताओं को टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देकर गुजरना पड़ता है। जबकि अन्य किसान यूनियन और संस्थाओं के लोगों के लिए टोल फ्री किया गया है। इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रही एम्बुलेंस भी जाम में फस गई। हंगामे की सूचना मिलने पर परतापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह किसानों को समझा कर शांत करने के बाद यातायात को चालू कर दिया। रविवार को भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के कार्यकर्ताओं ने काशी टोल प्लाजा पर कब्जा करने के बाद टोल टोल फ्री करा दिया। भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के दिनेश भाटी ने बताया कि वह अपनी मांगों को लेकर टोल प्लाजा पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि 10 किलोमीटर तक का टोल फ्री है उसके बाद भी कर्मचारी टोल ले रहे हैं। टोल न देने वाले लोगों के साथ टोल प्लाजा पर अभद्रता की जाती है। किसान नेताओं ने कहा कि टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारीयों ने कुछ किसानो से भी अभद्रता की थी। टोल कर्मचारियों और अधिकारियों की दबंगई के खिलाफ वह प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया। जाम में एक मरीज को ले जा रही एंबुलेंस भी फस गई। किसी तरह टोल कर्मियों ने एंबुलेंस को निकालने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। जाम लगने और किसानों के हंगामे की सूचना मिलने के बाद परतापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस कर्मियों ने हंगामा कर रहे किसानों को समझाकर शांत करने के बाद जाम को खुलवाने के बाद यातायात को चालू करा दिया। उसके बाद किसान नेताओं ने टोल अधिकारियों को अपना ज्ञापन दिया और वापस लोट गए इस दौरान अभिषेक त्यागी अमित शर्मा रक्षित शर्मा पवन कुमार आदि भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।



**हंगामे की सूचना मिलने पर परतापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची**

## सार संक्षेप

### संविदा कर्मियों ने सामूहिक इस्तीफे देने की सूची जारी की

**मवाना।** निविदा-संविदा कर्मचारी सेवा समिति (पंजीकृत) ने मुख्य अभियंता को पत्र सौंपते हुए सामूहिक इस्तीफे देने के लिए खंडवार सूची जारी की है। इस पत्र में उन्होंने मेरठ शहर के संविदा कर्मियों के इस्तीफे की अलग-अलग तिथियां घोषित की है। निविदा-संविदा कर्मचारी सेवा समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी अपने सामूहिक इस्तीफे छह मई से देने शुरू करेंगे। सोमवार छह मई को मवाना विद्युत वितरण खंड प्रथम और द्वितीय, सात मई को विद्युत वितरण नगरीय खंड तृतीय वैशाली, आठ मई को विद्युत वितरण खंड द्वितीय सरधना क्षेत्र, नौ मई को विद्युत वितरण खंड तृतीय, दस मई को विद्युत वितरण खंड प्रथम, 11 मई को विद्युत वितरण नगरीय खंड प्रथम, 12 मई को विद्युत वितरण नगरीय खंड चतुर्थ, 13 मई को विद्युत वितरण नगरीय खंड पंचम और 14 मई को विद्युत वितरण नगरीय खंड द्वितीय विवश्विद्यालय के कर्मचारी इस्तीफे बिजली अफसरों को सौंपेंगे। इस पत्र की प्रतिलिपि बिजली विभाग के सभी अफसरों को भेज दी गई है।

### पत्नी की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

**मेरठ।** नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित ढवाई नगर में पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी स्क्रैप कारोबारी है। स्केप कारोबारी ने गृह क्लेश और दहेज की डिमांड पूरी न होने के चलते अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर शनिवार को पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सभी आरोपी 8 माह के बच्चे को लेकर घर से फरार हो गए थे। पड़ोसियों द्वारा मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। अधिकारियों ने तीन टीमों का गठन करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### फर्रुखाबाद में जन सेवा केंद्र संचालक की हत्या, शव बरामद

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद थाना क्षेत्र में रविवार को एक जन सेवा केंद्र संचालक की गला दबाकर हत्या करने के बाद फेंके गए शव को पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सुतहडी का निवासी अजहरुद्दीन (25), कस्बा रोशनाबाद में एक जन सेवा केंद्र का संचालक था। शनिवार देर शाम अजहरुद्दीन अपना जन सेवा केंद्र बंद करके निकाला और इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने देर रात तक उसकी खोजबीन की । उसका कहीं कोई अता पता नहीं मिलने पर ,पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आज सुबह ग्राम अदूपुर के समीपवर्ती मक्का खेत के निकट, गला दबाकर हत्या करने के बाद एक बोरे में बन्द करके फेंके गए युवक का शव बरामद किया ,जिसकी पहचान जनसेवा केंद्र संचालक अजहरुद्दीन पुत्र अफसरअली के रूप में की गई।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर टाइल्स भरे ट्रक में टक्कर के बाद लगी आग

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के उसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नीचे टाइल्स से भरा एक ट्रक असंतुलित होकर गोल चक्कर के पिलर से जा टकराया । इस हादसे के बाद ट्रक पलट गया और उसमें आग लग गई। इटावा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन ने आज यहां बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी भेजा गया।

## गर्मी में शीतल जल से राहगीरों की प्यास बुझाएंगे

**मवाना,** 5 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में शुद्ध जल की उपलब्धता बड़ी समस्या है। गर्मी के दिनों में तो प्यास बुझाना मुश्किल हो जाता है। प्यास लगने पर शुद्ध व शीतल जल पीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए मवाना नगर पालिका नौ नए स्थानों पर एटीडब्ल्यू मशीन लगा रही है, जोकि इसी सप्ताह चालू हो जायेंगे। नई नौ एटीडब्ल्यू मशीनों पर करीब 20 लाख रुपये खर्च होंगे। इससे पहले लगाई गई 15 एटीडब्ल्यू मशीनों को चालू करा दिया गया है।

प्रत्येक नागरिक को घर से बाहर शुद्ध जल मिलना बड़ी समस्या है। दूषित जल पीकर लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। नागरिक और राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन ने मवाना नगर में नौ स्थानों पर नई एटीडब्ल्यू मशीनें लगाने का निर्णय लिया है। पालिका प्रशासन ने कहा कि लोगों को बहुत कम दाम पर पेयजल उपलब्ध कराना व्यावसायिक नहीं है। उद्देश्य यह है कि पेयजल का दुरुपयोग न हो। नगर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि गर्मी के मौसम में मवाना के नागरिकों को मुख्य सड़कों पर पेयजल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इसी कारण नए नौ स्थानों पर एटीडब्ल्यू मशीनें लगाइ जा रही है। साथ ही पुराने लगाई गई एटीडब्ल्यू मशीनों को चालू करा दिया गया है।

## जनहित फाउन्डेशन ने बाल विवाह मुक्त भारत मुहिम के तहत कल रुकवाए दो बाल विवाह

**मेरठ,** 5 मई (देशबन्धु)। जनहित फाउंडेशन द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यू.एस. के सहयोग से बागपत व मेरठ जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है जिसमे जनहित फाउंडेशन

■ **जनहित फाउंडेशन के सदस्य गांव-गांव जाकर बाल विवाह से संबंधित कार्यक्रम को रहे आयोजित**

के सदस्य गांव गांव जाकर बाल विवाह से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कर रहे है जिसमें प्रधानों, आशाओं,आंगनवाड़ियों, मंदिर दृमस्जिद के पुजारी व काजियों को विशेष रूप से बाल विवाह रुकवाने में सहयोग करने हेतु शपथ दिलाई जा रही है, बाल विवाह की जागरूकता के दौरान सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय व कार्तिक को सूचना मिली की थाना छपरौली जिला बागपत के अंतर्गत आने वाले एक गांव में दो सगे भाई बहन का विवाह एक ही दिन होना निश्चित हुआ है यह बाल विवाह 10 मई को होना निश्चित हूआ है, सूचना पाकर अक्षय व कार्तिक बालको के परिजनों से मिले और सूचना को सही पाया, बालको के परिजनों द्वारा बताया गया की हम अपने दो बच्चे जिसमे लड़के की आयु 19 वर्ष व लड़की की आयु 15 वर्ष है का विवाह आने वाली 10 मई को कर रहे है, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा परिजनों को बताया गया की विवाह करने की सही आयु लड़के की 21 व लड़की की आयु 18 वर्ष हैं और यदि आप ऐसा करते है तो आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी,



जिसके बाद परिजनों को अपनी गलती का एहसास हुआ और उनके द्वारा अपने दोनो बालको की शादी 21 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही करने की शपथ ली गई, बाल विवाह रुकवाने में जनहित फाउंडेशन की टीम की तत्परता का सराहनीय सहयोग रहा। जनहित फाउन्डेशन की निर्देशिका अनीता राणा द्वारा कहा गया की हमारा प्रयास है की जन जन को बाल विवाह के विषय में जानकारी हो और हम सब ये शपथ ले की यदि हमारे आस पास कोई बाल विवाह होता है तो हम उसकी सूचना अवश्य देंगे और भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे।

## फायरिंग करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार, पुरानी रंजिश का निकला मामला

**मेरठ,** 5 मई (देशबन्धु)। इंचैली में बदमाशों ने दिन दहाड़े इंचैली के रहने वाले एल्युमिनियम कारोबारी पर कारोबारी की फैक्ट्री में घुसकर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थी। कारोबारी ने किसी तरह फैक्ट्री में घुसकर अपनी जान बचाई थी। वही बदमाश फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए थे। बदमाशों के जाने के बाद कारोबारी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री में लगे कैमरों की डीवीआर कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कराने के बाद चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को इंचैली थाना क्षेत्र स्थित गांव इंचैली में बदमाशों ने एल्युमिनियम कारोबारी जमील पर उसकी फैक्ट्री में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी, रविवार को पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर चार बदमाशों प्रिंस, रितिक, गौरव और सहवाग निवासी गांव बीटा के रहने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने पूछताछ में एल्युमिनियम कारोबारी से पुरानी रंजिश



■ **बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे और एक मोटरसाइकिल भी बरामद**

होना बताया है। पुलिस आरोपी बदमाशों का क्राइम इतिहास खंगालने में जुटी हुई है। वही पीड़ित एल्युमिनियम कारोबारी जमील ने बदमाशों से किसी भी पुरानी रंजिश से इनकार किया है। एल्युमिनियम कारोबारी जमील का कहना है कि वह बदमाशों को जानता तक नहीं है। बदमाश अपनी जान बचाने के लिए पुरानी रंजिश बता रहे हैं।

# कारखाने में लगी भीषण आग, एक दर्जन बस जली

**मेरठ,** 5 मई (देशबन्धु)। लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित हापुड रोड पर 44वीं पीएसी बटालियन के सामने बसों के कारखाने में अचानक भीषण आग लग गई। इस दौरान कारखाने में मौजूद लेबर ने भागकर अपनी जान बचाई भीषण आग से कारखाने में खड़ी बसे धू-धू कर जलने लगी और क्षेत्र में अपरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने हादसे की जानकारी दमकल विभाग को दी और स्थानीय लोग आग बुझाने का प्रयास करने लगे। वहीं भीषण आग से निकट ही मौजूद पेट्रोल पंप को भी खतरा बना हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। एक दर्जन दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। हापुड़ रोड पीएसी की 44वीं बटालियन के सामने और पेट्रोल पंप के बराबर में सबसे पहले आग असलम चैधरी के कारखाने में लगी थी। उसके बाद आग



**दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू**

आरिफ बस बॉडी मेकर के कारखाने में पहुंची और फिर उग्र रूप लेती चली गई। रविवार शाम कारखाने में करीब 6 बस रिपेयर के लिए खड़ी हुई थी, तभी अचानक आग लग गई, इस दौरान कारखाने में काम करने वाले लेवर ने कारखाने से भागकर अपनी जान बचाई। आग की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। तभी आग ने उग्र रूप लेना शुरू कर दिया। कारखाने में खड़ी 15 से 20 बस आग की चपेट में आ गई। वहीं निकट खड़ी आधा दर्जन कारों के साथ-साथ कारखाने के निकट मौजूद 50 से 60 झुग्गी झोपड़ियां को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों द्वारा सूचना मिलने पर लोहिया नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने दमकल विभाग को हादसे की जानकारी दी।

## चलती कार में लगी आग, स्थानीय लोगों ने सवारियों को बचाया

**मेरठ,** 5 मई (देशबन्धु)। रविवार की सुबह चलती कार में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कार की खिड़की नहीं खुलने पर कार में सवार लोगों में चीख पुकार मचाई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार की खिड़की तोड़कर किसी तरह कार सवार लोगों को बाहर निकालकर हादसे की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।घटना लोहियानगर थाना क्षेत्र के बिजली बंबा बाई-



पास की है। परतापुर थाना क्षेत्र स्थित मोहिउद्दीनपुर का रहने वाला सचिन अपने परिवार के साथ बिजली बंबा होता हुआ अपनी एसयूवी कार से शास्त्री नगर जा रहा था। कार हापुड़ रोड से मात्र कुछ दूर पहुंची, तभी कार में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कार की खिड़कियां लॉक हो गई और पूरा परिवार कार में फंस गया। जिसके बाद कार में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे लोग किसी तरह कार की खिड़की को तोड़कर कार में सवार परिवार के लोगों को बाहर निकालने के बाद दमकल विभाग को हादसे की सूचना दी। सूचना पाकर एक दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 6 मई, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17





# जीत के लिए जी जान लगा रहे दिग्विजय

## 30 साल बाद चुनाव मैदान में उतरे, भाजपा के रोडमल नागर से मुकाबला

**राजगढ़,** 5 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश का अपेक्षाकृत शांत और छोटा जिला राजगढ़, संसदीय क्षेत्र के तौर पर इस बार देश भर में सुर्खियां बटोर रहा है, इसका कारण है कि लगभग 30 साल बाद कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह यहां से एक बार फिर लोकसभा के चुनावी मैदान में कठिन परिश्रम कर रहे हैं। यहां पर उनका मुख्य मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर से हैं, जिनके पक्ष में संगठन पूरी ताकत झोंक रहा है और अनेक राष्ट्रीय नेता भी प्रचार कर चुके हैं। सिंह के लिए ये सीट इस मामले में भी अहम हैं क्योंकि ये उनकी पारिवारिक सीट रही है। इस संसदीय क्षेत्र में उनकी गृह विधानसभा गुना जिले का राघौगढ़ आता है। वे इस संसदीय सीट से 80 और 90 के दशक में एक-एक बार पहले भी सांसद रह चुके हैं। इसके बाद उनके छोटे भाई लक्ष्मण सिंह भी यहां से तीन बार कांग्रेस के बैनर तले और एक बार भारतीय जनता पार्टी से सांसद रह चुके हैं।

भोपाल से सटी इस सीट पर सात मई को मतदान होना है। आज प्रचार समाप्ति के अंतिम दिन तक सिंह ने स्वयं चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाली। भीषण गर्मी में भी वे गांव-देहात में लगातार पहुंच रहे हैं और अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। नर्मदा परिक्रमा के बाद से सिंह की पदयात्रा राज्य में चर्चाओं में रहतीं हैं और चुनाव के प्रचार के दौरान भी सिंह लगातार पदयात्राओं के माध्यम से ही जनता के बीच पहुंच रहे हैं।



राज्यसभा सांसद सिंह कई स्थानों पर सार्वजनिक तौर पर स्वीकार कर चुके हैं कि ये उनका 'आखिरी चुनाव' है और यही अपील करते हुए जनता से उनका समर्थन करने का अनुरोध कर रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा के नेता भी इसे उनका आखिरी चुनाव बताने से नहीं चूक रहे। भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में पिछले दिनों यहां चुनावी सभा करने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिंह के संदर्भ में बिना किसी का नाम लिए यहां तक कह दिया कि 'आशिक का जनाज़ा है, जरा धूम से निकले'। हालांकि उनके इस बयान पर सिंह ने भी भाजपा नेताओं को निशाने पर लेते हुए पलटवार किया था। भाजपा के नेता सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान की राज्य की स्थिति को लेकर लगातार उन पर हमले बोल रहे हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर यहां से लगातार दो बार चुनाव जीत चुके हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की मोना सुस्तानी को पराजित किया था, जिसके बाद मोना सुस्तानी ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली। कांग्रेस और भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों समेत इस संसदीय क्षेत्र से कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

ये संसदीय सीट नरसिंहगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, राजगढ़, सारंगपुर, आगरमालवा जिले की सुसनेर और गुना जिले की राघौगढ़ और चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्रों से मिल कर बनी है। इनमें से वर्तमान में राघौगढ़ और सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का कब्जा है। सात मई को मतदान के बाद इस अंचल के मतदाताओं ने किस व्यक्ति को अपना समर्थन दिया है, इसका खुलासा चार जून को मतगणना के बाद सामने आ जाएगा।

# बिहार के दो मुख्यमंत्री की पत्नियों ने आधी आबादी की आवाज को संसद में किया बुलंद

## आजादी के बाद बिहार में अबतक 23 मुख्यमंत्री बने

**पटना,** 5 मई (एजेंसियां)। बिहार के दो मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोकसभा में आधी आबादी की आवाज को बुंलद किया है। आजादी के बाद बिहार में अबतक 23 मुख्यमंत्री बने। इनमें कृष्ण सिंह, दीप नारायाण सिंह, बिनोदानंद झा, कृष्ण बल्लभ सहाय, महामाया प्रसाद सिन्हा, सतीश प्रसाद सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल, भोला पासवान शास्त्री, हरिहर सिंह, दारोगा प्रसाद राय, कर्पूरी ठाकुर, केदार पांडेय, अब्दुल गफूर, जगन्नाथ मिश्रा, रामसुंदर दास, चंद्रशेखर सिंह, बिंदेश्वरी दुबे, भागवत झा आजाद, सत्येन्द्र नारायण सिंह, लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी शामिल हैं।



बिहार में अबतक दो मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह और सत्येन्द्र नारायण सिंह की पत्नी सांसद बनी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह ने बांका संसदीय सीट से ही वर्ष 1984 और वर्ष 1986 के उपचुनाव में जीत हासिल की। वर्ष 1984 में चंद्रशेखर सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और भाजपा के जर्नादन यादव को मात दी। 1985 के संसदीय उपचुनाव में फिर चन्द्रशेखर सिंह यहां से चुनाव जीते थे लेकिन उनके निधन के बाद 1986 में हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी मनोरमा सिंह ने जनता पार्टी के जार्ज फर्नांडीस को पराजित किया और दूसरी बार संसद पहुंचीं।

छोटे साहब के नाम से मशहूर पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह की पत्नी किशोरी सिन्हा ने वैशाली संसदीय सीट से वर्ष 1980 और वर्ष 1984 के चुनाव में जीत हासिल की। वर्ष 1980 रिपीट 1980 के चुनाव में वैशाली सीट से जनता पार्टी की किशोरी सिन्हा ने इंदिरा कांग्रेस के ललितेश्वर प्रसाद शाही को पराजित किया और पहली बार लोकसभा पहुंचीं। इसके बाद वर्ष 1984 में कांग्रेस की किशोरी सिन्हा ने लोकदल की तारकेश्वरी सिन्हा को शिकस्त दी और दूसरी बार सांसद बनीं।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी ने भी चुनाव लड़ा था लेकिन वह संसद पहुंचने में कामयाब नहीं रहीं। वर्ष 2014 में राबड़ी देवी ने सारण सीट से चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें भाजपा नेता राजीव प्रताप रूडी से परास्त होना पड़ा। इसके बाद उन्होंने लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा। वह सांसद तो नहीं बन सकीं लेकिन वह दो बार बिहार की मुख्यमंत्री रही हैं। वह 9 मार्च 1999 से 02 मार्च 2000 और 11 मार्च 2000 से 6 मार्च 2005 तक बिहार की मुख्यमंत्री रही हैं।

### पक्ष-विपक्ष ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

# चुनाव में मंडल डैम का मुद्दा उठा

**गढ़वा,** 5 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेताओं का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। चुनाव के दौरान मंडल डैम का मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसको लेकर पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेता ने मंडल डैम का पीएम मोदी द्वारा झूठा शिलान्यास करने का आरोप लगाया है, तो वहीं पलामू से भाजपा उम्मीदवार ने राज्य सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

साल 2019 में पीएम नरेंद्र मोदी ने मंडल डैम का शिलान्यास किया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। अब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी इसे मुद्दा बनाकर लोकसभा चुनाव मे जनता के बीच जा रही है।



पार्टी पीएम मोदी से झारखंड दौरे पर आने पर मंडल डैम पर सवाल कर रही है। तो वहीं भाजपा ने इसे राज्य सरकार की साजिश करार दिया है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव, सह पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र पलामू की धरती पर आए और मंडल डैम का जिक्र तक नहीं किया।

आखिरी क्या वजह रही कि पांच वर्षों में अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया? यहां की जनता तो पूछेगी मंडल डैम कहां है। पलामू लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम ने राज्य सरकार उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तो राशि उपलब्ध करा दी है, लेकिन क्या वजह है कि ये रैयतों को मुआवजा नहीं दे रहे हैं? वहां प्रत्येक विस्थापित को दस-दस लाख देना है तो ये क्या कर रहे हैं? इन्हें सिर्फ केंद्र की योजनाओं को लटकाना आता है। हमारी सरकार बनेगी तो हम इसे प्राथमिकता से बनवाएंगे।

# महाजन के बयान के बाद इंदौर के मुद्दे को कांग्रेस ने फिर से उठाया

**इंदौर/भोपाल,** 5 मई (एजेंसियां)। इंदौर से सांसद रहीं भाजपा की वरिष्ठ नेता सुमित्रा महाजन के इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम के ऐन वक्त पर अपना नाम वापस लेने के मुद्दे पर सार्वजनिक बयान के बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे एक बार फिर से बड़ा मुद्दा बना लिया है।



'नोटा' पर वोट डालकर अपने वोट की ताकत दिखाएगी जनता

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष महाजन ने एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अक्षय कांति बम के नाम वापस लेकर चुनावी मैदान से हटने और उनके भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर हैरानी जतायी है। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों हुआ, वे नहीं बता सकती हैं, लेकिन शहर के प्रबुद्ध व्यक्ति उन्हें फोन करके इस बारे में सवाल उठा रहे हैं। महाजन ने कहा कि मुझे ऐसे लोगों को इस बारे में समझाना पड़ रहा है। ऐसे लोग भाजपा के स्थान पर नोटा को वोट देने की बात कर रहे हैं। इंदौर का संसद में दो दशक तक प्रतिनिधित्व कर चुकीं महाजन ने कहा कि इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापस लेने की जानकारी उन्हें मिली, तो आश्चर्य में पड़ गईं।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने महाजन के न्यूज चैनल को दिए गए साक्षात्कार का एक हिस्सा सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए आज लिखा है, यह सुमित्रा महाजन जी हैं। इंदौर से 9 बार भाजपा सांसद रहीं। मोदी के पहले टर्म में लोकसभा अध्यक्ष भी रहीं। कह रही हैं 'कई लोगों के कॉल आ रहे हैं कि हम भाजपा को वोट नहीं देंगे, हम तो नोटा करेंगे।' इसके पहले प्रदेश कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर इस साक्षात्कार से संबंधित खबर पोस्ट करते हुए लिखा है, 'इंदौर की जनता बीजेपी से नाराज, कांग्रेस प्रत्याशी को खरीदकर जनता से वोट का अधिकार छीनने वाली भाजपा से इंदौर की जनता ने दूरी बना ली है। इंदौर की जनता 'नोटा' पर वोट डालकर अपने वोट की ताकत दिखाने जा रही है। मोहन यादव जी, आपने इंदौर को ललकारा है, इंदौर के स्वाभिमान का सौदा महंगा पड़ेगा। नोट का जवाब नोटा से। इंदौर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। यहां से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन 29 अप्रैल को यहां से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अचानक अपना नाम वापस लेकर सबको चौंका दिया था। इस खबर के साथ ही सोशल मीडिया पर बम के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं इंदौर निवासी कैलाश विजयवर्गीय और एक विधायक रमेश मेंदौला के फोटो सामने आए थे। इस घटनाक्रम के कुछ घंटों बाद ही श्री बम भाजपा में शामिल हो गए। इंदौर में इस घटनाक्रम का भाजपा का ही एक वर्ग विरोध कर रहा है। इस मामले पर प्रदेश कांग्रेस ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी और आरोप लगाया था कि धन और धौंस की दम पर यह कार्य किया गया है।

# सात मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने की अनुमति

**शिमला,** 5 मई (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश में सात मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि चुनाव आयोग ने कुल्लू, मंडी, शिमला व किन्नौर के जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों के अनुसार कुल्लू जिला के विधानसभा क्षेत्र 22-मनाली के 73-शिरढ़ मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला, शिरढ़ से पंचायत घर, शिरढ़, विधानसभा क्षेत्र 24-बंजार के 51-पाशी मतदान केन्द्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला, पाशी से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, पाशी, मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र 30-दरंग के 99-हनोगी मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला, डुगर से सामुदायिक भवन नजदीक गौ सदन हनोगी, विधानसभा क्षेत्र 32-धर्मपुर के 26-हियुण मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला, हियुण गलु स्थित हियुण दोयम को महिला मण्डल भवन हियुण दोयम तथा विधानसभा क्षेत्र 34-बल्ह (अ.जा.) के 38-घडयात्र मतदान केन्द्र को पंचायत घर लुहाखर से पटवार खाना घडयात्र में स्थानांतरित करने की अनुमति प्रदान की है।

इसी प्रकार शिमला जिला के विधानसभा क्षेत्र 64-शिमला ग्रामीण के 78-घंडल मतदान केन्द्र को राजकीय महाविद्यालय, धामी से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, घंडल व किन्नौर जिला के विधानसभा क्षेत्र 68-किन्नौर (अ.ज.जा.) के 85-चोलिंग मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला, चोलिंग (नया भवन) से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, चोलिंग (पुराना भवन) में स्थानांतरित करने की भी अनुमति प्रदान की है। प्रवक्ता ने बताया कि इन मतदान केंद्रों के भवनों में बदलाव करने का निर्णय मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत लिया गया है।

# यूपी के दो वकीलों ने पसंदीदा उम्मीदवारों पर लगाया दो लाख रुपए का दांव

**बदायूं,** 5 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में दो वकीलों ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले अपनी पसंदीदा पार्टियों के उम्मीदवारों पर दो लाख रुपए का दांव लगाया है। उन्होंने उम्मीदवार की जीत के आधार पर एक-दूसरे को दो लाख रुपए देने का वादा किया है। वकीलों ने दस रुपए के स्टांप पेपर पर एक शपथ पत्र (हलफनामा) पर हस्ताक्षर भी किया है। शपथ पत्र में शर्तें बताई गई हैं। यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



दिवाकर वर्मा और सतेंद्र पाल दोनों पेशे से वकील हैं। दोनों के बीच 10 रुपए के स्टांप पर करार हुआ है।

वायरल शपथ पत्र के मुताबिक, यदि भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य जीतेंगे तो सतेंद्र पाल दिवाकर को दो लाख रुपए देंगे। राशि का भुगतान 15 दिन के अंदर नकद करना होगा। अगर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव जीतते हैं तो दिवाकर 15 दिन के अंदर सतेंद्र को दो लाख रुपए नकद देंगे।

शपथ पत्र पर दो गवाहों के हस्ताक्षर भी हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि यदि चुनाव में किसी भी तरह की धांधली हुई तो यह करार रद्द माना जाएगा। यह पहली बार है कि शपथ पत्र के जरिए उम्मीदवारों पर दांव लगाया गया है। बदायूं लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

### चार राज्यों की सीमाओं से सटी रॉबर्ट्सगंज-मिर्जापुर सीट

# सत्तापक्ष व विपक्ष दोनों के प्रत्याशियों को लेकर सस्पेंस बरकरार

**मिर्जापुर,** 5 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर मंडल की रॉबटर्सगंज (सोनभद्र) संसदीय सीट देश की एकलौती ऐसी सीट है जिसकी सीमाएं चार राज्यों की सीमाओं से सटी है। पूरे प्रदेश में सत्तारूढ़ एवं विपक्षी गठबंधन ने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं लेकिन इस सीट पर दोनों गठबंधन ने प्रत्याशियों को लेकर अभी तक सस्पेंस बरकरार रखा है।

उत्तर प्रदेश की इस सीट पर नामांकन मंगलवार से शुरू हो रहा है। जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर लेने का दावा किया है लेकिन न तो सत्ताधारी गठबंधन ने न ही विपक्ष गठबंधन ने प्रत्याशी तय किए हैं। दोनों ओर से उम्मीदवार को लेकर यहां कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले बार एनडीए के अपनादल के पकौड़ी कोल चुनाव जीते थे।इस बार भी एनडीए कोटे में यह सीट अपनादल के पास है। अपनादल ने अभी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। अपनादल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश सरकार में मंत्री आशीष पटेल ने




**न तो सत्ताधारी ने न ही विपक्ष गठबंधन ने तय किए प्रत्याशी**

बताया कि उन्होंने सात प्रत्याशियों का पैनल बना कर भाजपा हाईकमान के पास भेजा है। अब इन प्रत्याशियों के पैनल से भाजपा को एक पर सहमति देना है। अभी तक भाजपा ने नाम फाइनल नही किया है। लिहाजा देरी हो रही है। दूसरी ओर विपक्ष गठबंधन की ओर से सपा को यहां अपना उम्मीदवार घोषित करना है। सपा नेता अनौपचारिक बातचीत में कहते हैं कि अपनादल के उम्मीदवार का इंतजार हो रहा है। संभावित उम्मीदवार के नाम तय है। केवल घोषणा बाकी है। क्षेत्रफल की दृष्टि से देश की दूसरी सबसे बड़ी इस संसदीय सीट की सीमा बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से जुटती है। यह देश का एकमात्र संसदीय सीट है जिसकी सीमाएं चार राज्यों से जुड़ीं हैं। आदिवासी बहुल पर्वतीय, वन क्षेत्र से आच्छादित सोनभद्र जिला विद्युत उत्पादन के लिए पूरे देश में जाना जाता है। एक तरह से उपनगरीय इलाके भी है। यहां अभी तक उम्मीदवारो की घोषणा न होना समझ के परे है। उम्मीदवारो के नामों की कयासबाजी जारी है। यह दोनों पक्षों को लेकर है। यह तो तय है कि पूरे क्षेत्र को उम्मीदवार टच नहीं कर सकता क्योंकि एक सीट दूसरे सीट दो सौ पचास किलोमीटर दूर है।

# भाजपा को आठवीं बार जीत का परचम लहराने से रोकने के लिए कांग्रेस ने झोंकी ताकत

### जातिगत समीकरण के तहत भाजपा ने नए चेहरे पर दांव

**बिलासपुर,** 5 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में शुमार हाई-प्रोफाइल बिलासपुर से लगातार सात बार चुनाव जीतने वाली भाजपा 2024 में आठवीं दफा जीत का परचम लहराने के लिए आतुर है वहीं उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ने अपने रणनीतिक व्यूह के जरिए इस चुनावी कुरुक्षेत्र में भाजपा का किला फतह करने के वास्ते पूरी ताकत झोंक दी हैं।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बिलासपुर में 7 मई को मतदान होगा। यहां हमेशा की तरह इस बार भी पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दल भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधी टक्कर है। बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में साहू समुदाय के लोगों की संख्या काफी है और भाजपा ने जातिगत समीकरण के तहत मौजूदा चुनाव में भी इसी समुदाय के नए चेहरे पर दांव लगाते हुए तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है।

दूसरी तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा युवा वर्ग को तरजीह दिये जाने के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस ने युवा चेहरे देवेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। श्री यादव पिछले विधानसभा चुनाव में भिलाई सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे और अब वह बिलासपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद से साहू और यादव समाज के मतदाताओं में अपने अपने जाति के प्रत्याशियों के पक्ष में जबरदस्त एकजुटता दिखाई दे रही है। वहीं एसटी/एससी के मतदाताओं के बीच संविधान की रक्षा के मुद्दे ने पहली बार जोर पकड़ा है और इससे भाजपा को नुकसान की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। भाजपा ने चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा से काफी पहले अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था और शुरुआत में 'कोई नही है टक्कर में, मत पड़ो किसी के चक्कर में' नारे के साथ हावी होती नजर आ रही थी। दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव की धमाकेदार एंट्री और 'बदलबो बिलासपुर' के बुलंद नारे से जबरदस्त





मुकाबले की तस्वीर सामने आयी है। भाजपा अपने उम्मीदवार के पक्ष में राम मंदिर निर्माण तथा 'मोदी की गारंटी' का हवाला देकर मतदाताओं के अपने पक्ष में होने का दावा कर रही है। वहीं कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार विशेषकर कुछ महीनों पहले चुनावी बांड के खुलासे तथा संविधान में बदलाव को लेकर भाजपा की नीयत को जनता के सामने रखने के साथ ही अपने न्याय पत्र (घोषणापत्र) में युवाओं को रोजगार, गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रूपए देने के वादों पर जोर दे रही है।

चुनाव प्रचार की श्रृंखला में भाजपा की ओर से उसके फॉयरब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ ने पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में रैली की है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव समेत प्रदेश के प्रमुख भाजपा नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में लगातार जनसंपर्क और चुनावी सभाएं की है। कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव के पक्ष में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, सुप्रिया श्रीनेत, अल्का लांबा और कन्हैया कुमार ने राष्ट्रीय मुद्दों और मोदी सरकार की असफलता को जनता के सामने रखते हुए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# राजस्थान में पिछले सत्रह लोकसभा चुनावों में केवल 31 महिला पहुंच पाई संसद

**जयपुर,** 5 मई (एजेंसियां)। राजस्थान में लोकसभा चुनावों में अब तक आधी आबादी का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है और पिछले सत्रह लोकसभा चुनावों में केवल 31 महिलाएं ही संसद पहुंच पाई हैं जो आजादी के बाद करीब 72 सालों में उनकी संसद में राज्य से केवल 7.52 प्रतिशत भागीदारी रही है। राजस्थान में हाल में दो चरणों में हुए 18वीं लोकसभा चुनाव सहित अब तक हुए अठारह लोकसभा चुनावों में 222 महिलाओं ने चुनाव लड़ा। उल्लेखनीय है कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव का परिणाम आगामी चार जून को आयेगा।

प्रदेश में इससे पहले हुए सत्रह लोकसभा चुनावों में 203 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा जिनमें केवल 31 महिला ही चुनाव जीत पाई। इन चुनावों में कुल 4156 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा जिनमें 412



**■ अब तक हुए अठारह लोकसभा चुनावों में 222 महिलाओं ने चुनाव लड़ा**

प्रत्याशी सांसद बनकर संसद पहुंचे जिनमें 481 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश से महिलाओं की संसद में भागीदारी भले ही कम रही हो लेकिन इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित अन्य ऐसी कई महिलाएं जो एक से अधिक बार चुनाव जीतकर संसद पहुंची। इनमें राजे सर्वाधिक पांच बार संसद पहुंचकर अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

इन 18 चुनावों में कुल प्रत्याशियों में महिलाओं को केवल 5.02 प्रतिशत ही उम्मीदवारी मिली जबकि इनमें पिछले सत्रह चुनावों में 4.88 प्रतिशत महिला प्रत्याशी थी। अब तक हुए अठारह लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने पिछले 72 सालों में करीब 38 महिलाओं को टिकट दिया जबकि भाजपा ने पिछले लगभग 45 वर्षों में करीब 28 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा। इस दौरान अन्य दलों ने भी महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा।

पिछले सत्रह लोकसभा चुनावों में भाजपा की सर्वाधिक 15 भाजपा महिला प्रत्याशी संसद पहुंची जबकि कांग्रेस की 12 एवं तीन स्वतंत्र पार्टी एवं एक निर्दलीय महिला उम्मीदवार ने चुनाव जीता।

इस दौरान राजे ने झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक पांच बार वर्ष 1989, 1991, 1996, 1998 एवं 1999 में भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव जीता जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. गिरिजा व्यास चार बार लोकसभा चुनाव जीता। डॉ. व्यास ने वर्ष 1991, 1996 एवं 1999 में उदयपुर एवं वर्ष 2009 में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व किया। डॉ. व्यास ने सात बार लोकसभा का चुनाव लड़ा जिनमें तीन बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा।

इस दौरान पूर्व जयपुर राजघराने की राजमाता गायत्री देवी स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी के रुप में वर्ष 1962, 1967 एवं 1971 के लोकसभा चुनाव में जयपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधत्व किया।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 0.75 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.69 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.21 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.18 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआइ | 0.18 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 2.74 प्रतिशत |
| मारुति | 2.37 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.17 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.03 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# देश में कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक लागू : सरकार

**नई दिल्ली**, 5 मई (एजेंसियां)। भारत कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक लागू हैं जो विश्व में सर्वाधिक सख्त हैं।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण - एफएसएसएआई ने रविवार को यहां कहा है कि जड़ी-बूटियों और मसालों में 10 गुना अधिक कीटनाशक अवशेषों की अनुमति देने संबंधी भ्रामक और गलत हैं जिनका कोई आधार नहीं है1 भारत में दुनिया में कीटनाशकों की अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) के सबसे कड़े मानकों में से एक है और कीटनाशकों के एमआरएल उनके जोखिम आकलन के आधार पर विभिन्न खाद्य वस्तुओं के लिए अलग-अलग तय किए जाते हैं।

■ **कोडेक्स ने कुल 243 कीटनाशकों को अपनाया, जिनमें से 75 कीटनाशक मसालों के लिए लागू**

प्राधिकरण के अनुसार कीटनाशकों के मामले में 0.01 मिलीग्राम प्रति किग्रा का एमआरएल लागू था। यह सीमा केवल मसालों के मामले में 0.1 मिलीग्राम प्रति किग्रा तक बढ़ाई गई थी और यह केवल उन कीटनाशकों के लिए लागू है जो भारत में सीआईबी और आरसी द्वारा पंजीकृत नहीं हैं। दुनिया में विभिन्न




**भारत में सीआईबी व आरसी से पंजीकृत कुल कीटनाशकों की संख्या 295 से अधिक है, जिनमें से 139 मसालों में उपयोग के लिए हैं : एफएसएसएआई**

मसालों के लिए चरणबद्ध तरीके से 2021-23 के दौरान मसालों पर कीटनाशक अवशेषों पर कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन में मसालों और पाक जड़ी-बूटियों के लिए कोडेक्स द्वारा निर्धारित एमआरएल 0.1 से 80 मिलीग्राम प्रति किग्रा तक है।

एक कीटनाशक का उपयोग विभिन्न एमआरएल वाली 10 से अधिक फसलों में किया जाता है। बैंगन में फ्लुबेंडियामाइड का उपयोग 0.1 एमआरएल के साथ किया जाता है, जबकि बंगाल चने के लिए एमआरएल 1.0 मिलीग्राम प्रति किग्रा, पत्तागोभी के लिए 4 मिलीग्राम प्रति किग्रा, टमाटर के लिए 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा और चाय के लिए 50 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। इसी तरह, मोनोक्रोटोफॉस का उपयोग एमआरएल वाले खाद्यान्नों के लिए 0.03 मिलीग्राम प्रति किग्रा, खट्टे फलों के लिए 0.2 मिलीग्राम प्रति किग्रा, सूखी मिर्च के लिए 2 मिलीग्राम प्रति क्रिग्रा और इलायची के लिए 0.5 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम किया जाता है।

मिर्च के लिए उपयोग किए जाने वाले मायक्लोबुटानिल के लिए कोडेक्स की निर्धारित एमआरएल 20 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की निर्धारित सीमा 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। मिर्च के लिए उपयोग की जाने वाली स्पाइरोमेसिफेन के लिए, कोडेक्स सीमा 5 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की सीमा 1 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। इसी तरह, काली मिर्च के लिए उपयोग किए जाने वाले मेटालैक्सिल और मेटालैक्सिल-एम के लिए कोडेक्स मानक 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की निर्धारित सीमा 0.5 मिलीग्राम प्रति किग्रा है।

प्राधिकरण ने कहा कि भारत में सीआईबी और आरसी से पंजीकृत कुल कीटनाशकों की संख्या 295 से अधिक है, जिनमें से 139 कीटनाशक मसालों में उपयोग के लिए पंजीकृत हैं।

# विमान रहित गो फर्स्ट की स्थिति काफी खराब

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। गो फर्स्ट की परेशानी पिछले साल मई में सिर्फ तीन दिन के लिए उड़ान निलंबन से शुरू हुई थी, और उसके बाद उसने स्वैच्छिक रूप से दिवाला समाधान विकल्प को अपनाने का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिया गया। अब एक साल बीतने के बाद भी विमान रहित गो फर्स्ट का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है।

जून में समाधान प्रक्रिया के लिए विस्तारित समयसीमा समाप्त हो रही है, हालांकि पुनरुद्धार की उम्मीद बहुत कम हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एयरलाइन को परिसमापन की प्रक्रिया में भी लाया जा सकता है।

एयरलाइन के पूर्व प्रमुख कौशिक खोना ने बताया कि यह देखना बेहद दुखद है कि एक साल बाद भी एयरलाइन परिचालन शुरू नहीं कर पाई है। गो फर्स्ट ने तीन मई, 2023 के बाद से उड़ान नहीं भरी है। इसके नीले और सफेद रंग के ए320 विमान हवाई अड्डों पर धूल खा रहे हैं।

अधिकांश कर्मचारी जा चुके हैं और कई अनिश्चित समय का सामना कर रहे हैं। इसके जल्द से जल्द पटरी पर आने की उम्मीदें और भी कम हो गई हैं, क्योंकि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एयरलाइन के 54 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है और अब पट्टेदार विमान को वापस ले लेंगे। उन्होंने कहा कि इस एयरलाइंस का बंद होना सभी ग्राहकों के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। पुनरुद्धार हमेशा संभव था और मुझे उम्मीद है कि जो लोग शीर्ष पर हैं, वे ऐसा करेंगे।

■ **गो फर्स्ट ने तीन मई, 2023 के बाद से नहीं भरी उड़ान**

■ **जून मे समाधान प्रक्रिया के लिए विस्तारित समयसीमा हो रही समाप्त**

उद्योग के सूत्रों के अनुसार, पुनरुद्धार मुश्किल लग रहा है, लेकिन एयरलाइन में बहुत मूल्य बचा हुआ है। एयरलाइन ने 72 विमानों के लिए अपने दूसरे ऑर्डर के लिए एयरबस को लगभग 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया था। प्रबंधन सलाहकार प्राइमस पार्टनर्स के प्रबंध निदेशक श्रवण शेट्टी ने कहा कि गो फर्स्ट दुर्भाग्य से पुनरुद्धार की लागत बढ़ने के साथ परिसमापन की ओर बढ़ रहा है।

# सिप्ला व ग्लेनमार्क ने अमेरिका से वापस मंगाई दवाएं




**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। दवा निर्माता कंपनी सिप्ला और ग्लेनमार्क ने विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से अपनी दवाएं वापस ले लीं हैं।

यूएसएफडीए की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, न्यू जर्सी में सिप्ला की सहायक कंपनी इप्राट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस ले रही है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि रिस्प्यूल्स में कम मात्रा भरने और थैली में कुछ लिक्विड देखे जाने की शिकायतें मिलीं।

वापस मंगाई गई दवाओं का उपयोग अस्थमा, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और वातस्फीति सहित फेफड़ों की बीमारियों को नियंत्रित करने में किया जाता है। यूएसएफडीए ने उल्लेख किया है कि ग्लेनमार्क डिल्टियाज़ेम हाइड्रोक्लोराइड की 3,264 बोतलें वापस ले रहा है। इस दवा का उपयोग उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए किया जाता है। कंपनी की अमेरिका स्थित शाखा, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स ने देश भर से दवा को वापस लेने की शुरुआत की। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार दवा बनाने वाली कंपनी ल्यूपिन ने अमेरिकी बाजार से अपनी दवाओं को वापस ले लिया है।

# पेटीएम नई ऊंचाइयों को छुएगा : शर्मा

■ **पेटीएम ने की भुगतान व वित्तीय उत्पादों पर फोकस बढ़ाने के लिए बदलाव की घोषणा**

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। पेटीएम की प्रवर्तक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने बड़ा और लाभकारी भुगतान एवं वित्तीय सेवा वितरण कारोबार तैयार करने के लिए अपने शीर्ष प्रबंधन में विस्तार की घोषणा की।

कंपनी ने बताया कि भुगतान एवं ऋण कारोबार की जिम्मेदारी संभालने वाले कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने निजी कारणों से करियर में ब्रेक लेने का फैसला किया है। वह इस साल के अंत तक परामर्शदाता की भूमिका में कंपनी के साथ बने रहेंगे और पेटीएम के विकास से जुड़ी पहलों में मार्गदर्शन करेंगे। पेटीएम के संस्थापक एवं सीईओ विजय शंकर शर्मा ने भावेश गुप्ता के योगदान और सुगम परिवर्तन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। शर्मा ने कहा कि भुगतान और ऋण पर हमारा फोकस पहले से कहीं ज्यादा है। मैं, हमारी योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए, हमारे हर कारोबार में मौजूद अनुभवी नेतृत्वकर्ताओं के साथ काम करूंगा। गुप्ता ने कहा कि वह सलाहकार की भूमिका में पेटीएम को समर्थन देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सृजित भुगतान एवं वित्तीय सेवाओं के नेतृत्व की गहराई को देखते हुए मुझे विश्वास है कि पेटीएम नई ऊंचाइयों को छुएगा।




**भुगतान और ऋण पर हमारा फोकस पहले से कहीं ज्यादा है : विजय शंकर शर्मा**

कंपनी ने अपनी पीएमएल में भी नेतृत्व में बदलाव किया है। हाल ही में उसने राकेश सिंह को इसका सीईओ नियुक्त किया है। पेटीएम मनी लिमिटेड के पूर्व प्रमुख वरुण श्रीधर को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएसपीएल का सीईओ बनाया गया है।

## सार संक्षेप

### आठ मई को खुलेगा टीबीओ टेक का आईपीओ

**अहमदाबाद।** टीबीओ टेक लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आठ मई को खुलेगा। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा है कि कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए आठ मई बुधवार को खुलेगा और दस मई शुक्रवार को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार सात मई होगी। इसके लिए प्राइस बैंड 875 से 920 रुपए तय किया गया है। निवेशक न्यूनतम 16 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 16 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। इस ऑफर में कुल 400 करोड़ रुपए मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और कुछ शेयरधारकों द्वारा 12,508,797 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव और नए निर्गम के साथ कुल प्रस्ताव आकार शामिल है। कंपनी प्रस्ताव के नए निर्गम हिस्से की शुद्ध आय का उपयोग नए खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं को जोड़कर अपने प्लेटफॉर्म के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए करेगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 637.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट आने से 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 637.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर 640.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 559.7 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर घटकर 55.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.5 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया।

### थर्मल पावर प्लांटों के पास 68 प्रतिशत कोयला

**नई दिल्ली।** देश में पारा चढ़ने के साथ ही बिजली की बढ़ती मांग के बीच 184 तापीय बिजली संयंत्रों में मानक के मुकाबले 68 प्रतिशत कोयले का भंडार है। इन 184 संयंत्रों की कुल उत्पादन क्षमता 211 गीगावाट है।
केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की तीन मई की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, उसकी निगरानी वाले 184 संयंत्रों में 4.77 करोड़ टन कोयला का भंडार है, जबकि मानक स्तर 7.05 करोड़ टन है। यह स्थिति बिजली मंत्रालय के इस अनुमान के मद्देनजर महत्वपूर्ण है कि इस गर्मी के दौरान अधिकतम मांग 260 गीगावाट होगी। सितंबर, 2023 में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर थी। किसी एक दिन में बिजली की सबसे अधिक आपूर्ति तीन मई, 2024 को 223.84 गीगावाट तक पहुंच चुकी है, जो मई, 2023 में दर्ज 221.42 गीगावाट से अधिक है। बिजली की अधिक मांग के अनुमान को देखते हुए विद्युत मंत्रालय ने कई कदम उठाए हैं।

# वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई,** 5 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सप्ताह के अंतिम दिन भारी मुनाफावसूली के दबाव में आया घरेलू शेयर बाजार बीते सप्ताह मामूली बढ़त पर रहा और अगले सप्ताह उसकी दिशा दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर को लेकर आने वाले निर्णय, यूरो क्षेत्र के जीडीपी आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.99 अंक अर्थात 0.20 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 73878.15 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की मामूली बढ़त लेकर 22475.85 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली कंपनियों ने ऊंची छलांग लगाई वहीं छोटी कंपनियों के शेयर गिर गए। मिडकैप 826.76 अंक अर्थात लगभग दो प्रतिशत उछलकर 42414.53 अंक पर पहुंच गया। वहीं स्मॉलकैप 47.88 अंक यानी 0.1 प्रतिशत फिसलकर 47191.41 अंक रह गया।




विश्लेषकों के अनुसार, कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणम उम्मीद से थोड़ी बेहतर रहने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। हालांकि, महंगाई की ऊंची दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के फैसले के बाद वैश्विक बाजार में मिश्रित रुझान के कारण घरेलू बाजार में व्यापक सुधार हुआ।

इसके अलावा चौथी तिमाही के सकारात्मक नतीजों और बिजली की मांग में वृद्धि के कारण बैंकों और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों तेजी का रुख रहा। वहीं, एफआईआई की लगातार जारी बिकवाली का असर लार्ज कैप शेयरों के प्रदर्शन पर पड़ा। एफआईआई इस वर्ष मई में अबतक 3,356.45 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे। इसी तरह अप्रैल में उसने बाजार से 35,692.19 करोड़ रुपए निकाले।

■ **बीते सप्ताह सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत बढ़कर 73878.15 अंक पर रहा**

■ **निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मामूली बढ़त लेकर 22475.85 अंक पर**

निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि अगले सप्ताह बाजार बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समीक्षा और यूरो क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों को लेकर सतर्क रहेगा। हमें उम्मीद है कि ऊंचे भाव और इस बार के लोकसभा चुनाव संबंधी किसी भी हलचल को लेकर बाजार में कुछ हद तक मजबूती आएगी।

बीते सप्ताह बुधवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार हुआ जिनमें से दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही। अमेरिकी फेड रिजर्व की बैठक में ब्याज दरों में कटौती किये जाने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 941.12 अंक की उड़ान भरकर 74,671.28 अंक और निफ्टी 223.45 अंक की छलांग लगाकर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ।

वहीं, विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, धातु, तेल एवं गैस और टेक समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 188.50 अंक टूटकर 74,482.78 अंक और निफ्टी 38.55 अंक उतरकर 22,604.85 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के निर्णय से विश्व बाजार का रुझान मिश्रित रहा वहीं सेंसेक्स और निफ्टी ने शांत प्रतिक्रिया दी और मिडकैप एवं स्मॉलकैप के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत तेजी पर रहे। गुरुवार को सेंसेक्स 128.33 अंक चढ़कर 74,611.11 अंक और निफ्टी 43.35 अंक उठकर 22,648.20 अंक पर रहा।

# दक्षिण कोरिया में पहली तिमाही में इको-फ्रेंडली कारों की बिक्री एक लाख के पार

**सोल**, 5 मई (एजेंसियां)। हाइब्रिड वाहनों की मांग बढ़ने से साल की पहली तिमाही में दक्षिण कोरिया में इको-फ्रेंडली कारों का बिक्री एक लाख इकाई को पार कर गई। उद्योग द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है। आंकड़ों के अनुसार, हुंडई मोटर्स और किआ समेत पांच दक्षिण कोरियाई कार निर्माता कंपनियों ने जनवरी-मार्च की अवधि में कुल 1,01,727 इको-फ्रेंडली कारें बेचीं। यह पिछले साल इसी अवधि में बेची गई कारों की तुलना में 8.7 प्रतिशत अधिक है। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि इनमें से 85,828 इकाई यानि 84.4 प्रतिशत हाइब्रिड कारें थीं। इनकी बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 42.4 प्रतिशत बढ़ी है। हालांकि तिमाही के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री साल-दर-साल आधार पर 51.4 प्रतिशत घटकर 15,237 इकाई रह गई। ईवी की बिक्री में वैश्विक स्तर पर भी सुस्ती देखी गई है। यहां तक कि एलन मस्क ने भी कहा है कि पूरी दुनिया में ईवी को अपनाने की दर दबाव में है और कई दूसरी वाहन निर्माता कंपनियां ईवी से पैर खींचकर प्लग-इन हाइब्रिड की तरफ बढ़ रही हैं। पहली तिमाही में किआ का सोरेंटो 19,729 इकाई की बिक्री के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला हाइब्रिड मॉडल रहा। इसके बाद हुंडई के सैंटा फी हाइब्रिड (15,981 इकाई) और किआ के कार्निवल हाइब्रिड (12,203 इकाई) का स्थान रहा।



# खाद्य तेल व दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली**, 5 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।




**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 76 रिंगिट गिरकर 3880 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.3 सेंट की गिरावट लेकर 43.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया।सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 147 रुपए, मूंगफली तेल 733 रुपए और सूरजमुखी तेल 72 रुपए प्रति क्विंटल गया जबकि सोया रिफाइंड 587 रुपए, पाम ऑयल 400 रुपए और वनस्पति तेल 667 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12820 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12308 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8800 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11333 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। **दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मूंग दाल 300 रुपए और उड़द दाल 1300 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल 100 रुपए और अरहर दाल में 800 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही।

सप्ताहांत पर चना 6300-6400, दाल चना 7300-7400, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 10500-10600, उड़द दाल 12700-12800, अरहर दाल 11200-11300 रुपए प्रति क्विंटल रही।

# दो साल में देश में सेमीकंडक्टरों की मांग 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 तक 300 अरब डॉलर पर पहुंचने का लक्ष्य रखा है। इससे सेमीकंडक्टरों की मांग बढ़कर 90-100 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगी, जिसमें घरेलू मोबाइल विनिर्माण का सबसे ज्यादा योगदान होगा-एक ऐसा अवसर जिसे हाथ से जाने नहीं देना चाहिए।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने एक रिपोर्ट में बताया कि आम तौर पर किसी इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद की लागत का 25 से 30 प्रतिशत चिप के मद में खर्च होता है। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग का आकार 103 अरब डॉलर का है जिसके लिए करीब 26-31 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर की जरूरत होती है। रिपोर्ट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में संभावित बढ़ोतरी (वित्त वर्ष 2025-26 तक 300 अरब डॉलर) के मद्देनजर यह आंकड़ा बढ़कर 90-100 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। पिछले सात साल में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़कर 44 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वित्त वर्ष 2022-23 में इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) का आयात 16.14 अरब डॉलर रहा था जिसमें 12 अरब डॉलर के आईसी का आयात मोबाइल फोन विनिर्माण के लिए किया गया था।



आईसीईए ने बताया कि हाई एंड फोनों में इस्तेमाल होने वाले प्रोसेसर चिप के प्रतिस्पर्धी स्तर पर देश में विनिर्माण के लिए अभी कुछ और इंतजार करना पड़ सकता है। उसने कहा कि हालांकि कम कीमत वाले स्मार्टफोनों के लिए देश में प्रोसेसर चिप के विनिर्माण में काफी संभावनाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर का घरेलू विनिर्माण बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत है।

■ **घरेलू मोबाइल विनिर्माण का सबसे ज्यादा होगा योगदान**

■ **सेमीकंडक्टर का विनिर्माण बढ़ाकर आयात कम करने की जरूरत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1.25 लाख करोड़ रुपए के निवेश से तैयार की जा रही तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का इस साल मार्च में शिलान्यास किया था।

# खेल जगत

## पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्द्धशतक लगाए। ससेक्स ने डर्बीशायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डर्बीशायर को मैच में बनाए रखा है। ससेक्स को शुरुआत में एक विकेट गवां दिया था, लेकिन उसके बाद डर्बीशायर की गेंदबाज़ी में निरंतरता की कमी साफ़ तौर पर दिखी। हेंस ने केवल 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था और एल्सॉप के साथ उन्होंने 90 रनों की साझेदारी की थी।



## आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट विश्व कप 2024

# भारत अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से 4 अक्टूबर को खेलेगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 5 मई। भारत बांग्लादेश में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाले आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट विश्व कप 2024 में अपने अभियान का आगाज 4 अक्टूबर को ग्रुप ए में सिलहट में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। भारत अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ छह अक्टूबर को सिलहट में खेलेगा। आईसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप में कुल दस टीमें शिरकत करेंगी और इसमें कुल 23 मैच खेले जाएंगे। इसमें शिरकत करने वाली दस टीमों को पांच-पांच टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत की महिला टीम ग्रुप ए में छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और क्वालीफायर 1 की टीम के साथ और अपने मैच सिलहट में खेलेगी। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पहले दिन यानी तीन अक्टूबर को ग्रुप बी में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच दोपहर तीन बजे से और दूसरा मैच इसी ग्रुप में बांग्लादेश और क्वॉलिफायर 2 टीम के बीच शाम सात बजे से खेला जाएगा। वहीं मेजबान बांग्लादेश की टीम पूल बी में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका , वेस्ट इंडीज और क्वॉलिफायर दो की टीम के साथ है और अपने मैच ढाका में खेलेगी। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी और जहां अपने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमे दूसरे ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों से भिड़ेगी। इन दोनों सेमीफाइनलों के विजेता के बीच आईसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। साथ ही ढाका के बीकेएसपी में दस वार्म अप मैच 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेले जाएंगे।

■ भारत चिर प्रतिद्वंद्वी पाक से 6 अक्टूबर को सिलहट में मुकाबला

■ उद्घाटन मैच 3 अक्टूबर को इंग्लैंड व द. अफ्रीका के बीच होगा




बांग्लादेश में 18 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 23 मैच शेर ए बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम ढाका और सिलहट में सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगा। क्वालिफायर 1 टीम और क्वालिफायर 2 टीम का फैसला फिलहाल अबू धाबी में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व क्वालीफायर के 7 मई को खेले जाने वाले फाइनल से होगा।

तक आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा ढाका बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड(बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन और आईसीसी के सीईओ ज्यॉफ अलरडाइस ने रविवार को ढाका में की और इस मौके पर भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना भी मौजूद थी। टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा से पहले बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ढाका में अपने आवास पर भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश टीम की कप्तान निगार सुल्ताना से मुलाकात कर कामयाब टी-20 महिला विश्व कप के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।'

### नौवें आईसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2024 का कार्यक्रम

**3 अक्टूबर** : इंग्लैंड वि. द. अफ्रीका, दोपहर बाद 3 बजे से। बांग्लादेश वि. क्वालीफायर 2 , शाम सात बजे से। (दोनों मैच ढाका में)।

**4 अक्टूबर** : ऑस्ट्रेलिया वि. क्वालीफायर 1, दोपहर बाद 3 बजे से। भारत वि. न्यूजीलैंड, शाम सात बजे से। (दोनों मैच सिलहट में)।

**5 अक्टूबर** : द. अफ्रीका वि. वेस्ट इंडीज दोपहर बाद 3 बजे से। बांग्लादेश वि. इंग्लैंड, शाम सात बजे से। (दोनों मैच ढाका)।

**6 अक्टूबर** : न्यूजीलैंड वि. क्वालीफायर 1 , दोपहर बाद 3 बजे से। भारत वि. न्यूजीलैंड शाम सात बजे से(दोनो मैच सिलहट)।

**7 अक्टूबर** : वेस्ट इंडीज वि. क्वालीफायर 2 , शाम सात बजे से(ढाका)।

**8 अक्टूबर** : ऑस्ट्रेलिया वि. पाकिस्तान शाम सात बजे से (, सिलहट)।

**9 अक्टूबर** : बांग्लादेश वि. वेस्ट इंडीज , ढाका दोपहर बाद 3 बजे से। भारत वि. क्वालीफायर 1, सिलहट शाम सात बजे से।

**10 अक्टूबर** : द. अफ्रीका वि. क्वालीफायर 2, शाम सात बजे से। (ढाका)

**11 अक्टूबर** : ऑस्ट्रेलिया वि. न्यूजीलैंड, दोपहर बाद तीन बजे से। पाकिस्तान वि. क्वालीफायर 1 , शाम सात बजे से। (दोनों मैच सिलहट में)

**12 अक्टूबर** : इंग्लैंड वि. वेस्ट इंडीज , दोपहर बाद तीन बजे से। बांग्लादेश वि. द. अफ्रीका शाम सात बजे से। (दोनों मैच ढाका में)।

**13 अक्टूबर** : पाकिस्तान वि. न्यूजीलैंड, दोपहर बाद तीन बजे से। भारत वि.ऑस्ट्रेलिया शाम सात बजे से। (दोनों मैच सिलहट में)

**14 अक्टूबर** : इंग्लैंड वि. क्वालीफायर 2 दोपहर बाद तीन बजे से। भारत वि.ऑस्ट्रेलिया शाम सात बजे से। (दोनों मैच सिलहट में)

**17 अक्टूबर** : पहला सेमीफाइनल शाम सात बजे से, सिलहट में।

**18 अक्टूबर** : दूसरा सेमीफाइनल शाम सात बजे से, ढाका में।

**20 अक्टूबर** : फाइनल शाम सात बजे से, ढाका में।

## मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे

**धर्मशाला,** 5 मई (एजेंसियां) चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रविवार को कहा कि तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे। पथिराना ने आईपीएल 2022 सीजन में सीएसके के लिए पदार्पण किया और 2023 में उनके खिताब जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं और आगे की रिकवरी के लिए श्रीलंका लौटेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स पथिराना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। पथिराना ने इस सीज़न में सीएसके के लिए छह मैच खेले, जिसमें 7.68 की इकॉनमी से 13 विकेट लिए, जिसमें मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट भी शामिल थे। वह वर्तमान में मुस्तफिजुर रहमान के 14 विकेट के बाद आईपीएल 2024 में सीएसके के दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस सीज़न में चोटों से जूझने वाले श्रीलंकाई सीएसके के दूसरे तेज गेंदबाज हैं, जब दीपक चाहर ने 1 मई को एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ पहली दो गेंदें फेंकने के बाद अपने हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण मैदान से बाहर चले गए। आईपीएल 2024 के दस मैचों में, गत चैंपियन सीएसके ने पांच हारे हैं और इतने ही गेम जीते हैं।



# जडेजा के कमाल से चेन्नई टॉप-3 में

**धर्मशाला,** 5 मई (एजेंसियां)। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (43 रन और 20 रन पर 3 विकेट) के कमाल के हरफनमौला प्रदर्शन तथा तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह के 2-2 विकेटों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने 167 रन के मामूली स्कोर का बखूबी बचाव करते हुए पंजाब किंग्स को रविवार को आईपीएल मुकाबले में 28 रन से हराकर तालिका में टॉप-3 में स्थान बना लिया। राहुल चाहर और हर्षल पटेल के तीन-तीन विकेटों के दम पर पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन पर रोका था लेकिन चेन्नई ने पलटवार करते हुए पंजाब की टीम को नौ विकेट पर 139 रन पर थाम लिया।

चेन्नई की 11 मैचों में छठी जीत है और वह अंक तालिका में 12 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर आ गई है। दूसरी तरफ पंजाब को 11 मैचों में सातवीं हार का सामना करना पड़ा और उसके खाते में आठ अंक हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में जॉनी बेयरस्टो (7) और राइली रूसो (0) को गंवा दिया। प्रभसिमरन सिंह (30) और शशांक सिंह (27) ने तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। लेकिन उसके बाद पंजाब की पारी का पतन होता चला गया। निचले क्रम में हरप्रीत बरार ने नाबाद 17 और राहुल चाहर ने 16 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य अंत में बड़ा साबित हुआ। चेन्नई की तरफ से जडेजा ने 20 रन पर 3 विकेट, तुषार ने 35 रन पर 2 विकेट, सिमरजीत ने 16 रन पर दो विकेट और मिचेल सेंटर ने 10 रन पर एक विकेट लिया। इससे पहले पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और चेन्नई के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। लेकिन पंजाब के बल्लेबाज बाद में चेन्नई के गेंदबाजों के सामने जूझते नजर आए और 168 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सके। आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 26 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक 43 रन बनाये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 32, डेरिल मिचेल ने 30, मोईन अली ने 17, मिचेल सेंटनर ने 11 और शार्दुल ठाकुर ने 17 रन बनाए। शिवम दुबे और एम एस धोनी खाता खोले बिना पहली गेंद पर ही आउट हो गए। धोनी पारी के 19वें ओवर में हर्षल पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि जडेजा आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह का शिकार बन गए। राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 रन पर तीन विकेट, हर्षल ने चार ओवर में 24 रन पर चार विकेट और अर्शदीप ने चार ओवर में 42 रन पर दो विकेट लिए।



पंजाब के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और चेन्नई के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया




## सार संक्षेप

### ट्रैप निशानेबाज विवान फाइनल से चूके, शूट-ऑफ में हारे

**नई दिल्ली।** विवान कपूर टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कावर्ड-होली के साथ शूट-ऑफ में 2-3 से हार गए, क्योंकि कोई भी भारतीय ट्रैप निशानेबाज मौजूदा अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप बाकू, अजरबैजान में खिताबी दौर में नहीं पहुंच पाया। विवान ने क्वालीफिकेशन में 120 का स्कोर किया और छठे और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के अलावा कावर्ड-होली के साथ तीन-तरफा शूट-ऑफ में प्रवेश किया। जहां इयान शूट-ऑफ में पहले बाहर निकलने के अपने शुरुआती प्रयास में चूक गए, वहीं विवान ने संघर्ष किया और अपना तीसरा शूट-ऑफ शॉट चूक गए, क्योंकि कावर्ड-होली ने सभी तीन लक्ष्यों को हासिल कर लिया। विवान को सातवें स्थान से संतोष करना पड़ा।

### मैं टीम में आत्मविश्वास महसूस कर सकता हूं : फाफ

**बेंगलुरु।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लगातार तीसरी जीत के बाद, कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने पिछले दो हफ्तों में टीम द्वारा की गई कड़ी मेहनत की गति को बनाए रखने पर जोर दिया। 25 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर अपनी जीत के बाद, आरसीबी ने अपने छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। उन्होंने 28 अप्रैल को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के साथ अपनी जीत की गति जारी रखी। इसके बाद शनिवार को रिवर्स मैच में एक और जीत हासिल की। लगातार तीन जीतों ने उन्हें तालिका में नीचे से सातवें स्थान पर पहुंचा दिया। फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, अविश्वसनीय प्रदर्शन। मेरी तरफ से मैं समूह में आत्मविश्वास महसूस कर सकता हूं, जब हम मैदान में होते हैं।

### हालैंड ने हैट्रिक सहित चार गोल दागे

**मैनचेस्टर।** एर्लिंग हालैंड ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक सहित चार गोल दागे और मैनचेस्टर सिटी को एतिहाद स्टेडियम में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स पर 5-1 से निर्णायक जीत दिलाई, जो प्रीमियर लीग शिखर से एक अंक के करीब पहुंच गए हैं। नॉर्वेजियन अपने अजेय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर था क्योंकि उसने आधे समय की सीटी बजने से पहले दो पेनल्टी और एक अविश्वसनीय हैडर को गोल में बदलकर नौवीं सिटी हैट्रिक हासिल की। मैनचेस्टर सिटी वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, वॉल्व्स के फारवर्ड ह्वांग ही-चान के गोल करने के कुछ ही क्षण बाद उन्होंने दूसरे पीरियड में आठ मिनट बाद चौथा गोल दागकर सिटी की तीन गोल की बढ़त बहाल कर दी। देर से स्थानापन्न हुए जूलियन अल्वारेज- ने सिटी में अपना 100वां प्रदर्शन किया - समापन चरण में पांचवां गोल कर स्कोरलाइन में और चमक ला दी।

## आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर लेकिन अभी भी आईसीयू में है : अजय जडेजा

■ आरसीबी तालिका में सबसे नीचे से हटाकर सातवें नंबर पर पहुंचा

**बेंगलुरु,** 5 मई (एजेंसियां)। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को हराकर आईपीएल 2024 में अपनी चौथी जीत हासिल की। इस बीच भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने टूर्नामेंट के अंत में आरसीबी की वापसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली टीम वेंटिलेटर से बाहर है लेकिन अभी भी आईसीयू में है। अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और कप्तान डु प्लेसिस की शानदार 64 रनों की पारी के दम पर, आरसीबी ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार विकेट से जीत के साथ अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा। आरसीबी जीत ने आरसीबी को तालिका में सबसे नीचे से हटाकर सातवें नंबर पर पहुंचा दिया। यश दयाल के बाद, वैशाख विजयकुमार और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट लेकर जीटी को 147 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। आरसीबी के सलामी बल्लेबाजों, कप्तान डु प्लेसिस और विराट कोहली की प्रभावी शुरुआत ने जीत के लिए मंच तैयार किया। हालांकि रन-चेज के दौरान आरसीबी की चुनौती थोड़ी बढ़ी जरूर, लेकिन आरसीबी ने 6.2 ओवर शेष रहते लक्ष्य का पीछा कर लिया। जडेजा ने कोहली (42), डु प्लेसिस (64), सिराज (2/29) और दयाल (2/21) के महत्वपूर्ण योगदान के साथ आरसीबी के समग्र प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह जीत दर्शाती है कि आरसीबी ने टूर्नामेंट में सही रास्ता चुना है।




## सिराज का 'कभी न हार मानने वाला रवैया' उनकी असली ताकत है : गावस्कर

**बेंगलुरु,** 5 मई (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाजी के दिग्गज सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत में मोहम्मद सिराज के योगदान के बारे में चर्चा में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज के आत्मविश्वास को कभी न हार मानने वाला रवैया बताया और कहा कि मैदान पर उनका यही रवैया एक खिलाड़ी के रूप में उनकी असली ताकत है। जीटी के खिलाफ मैच में, सिराज ने पावरप्ले के दौरान गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे रिद्धिमान साहा आउट हो गए। उन्होंने आगे चलकर शुभमन गिल को एक शॉट खेलने के लिए ललचाया जिसके परिणामस्वरूप लीडिंग एज से डीप पॉइंट पर कैच हो गए। सिराज का प्रभावशाली प्रदर्शन 2-29 के आंकड़े के साथ समाप्त हुआ, जिससे उन्हें आरसीबी की चार विकेट की जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। हर बार जब आप मोहम्मद सिराज को देखते हैं, तो आप जानते हैं कि वह अपना दिल दे देंगे। उस समय को याद करें जब उनके पिता का निधन हो गया था जब वह ऑस्ट्रेलिया में थे। वह आगे बढ़े। बहुत से लोग वापस जाना चाहेंगे क्योंकि आपके माता-पिता हैं । गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि आप बहुत प्रिय हैं। उन्होंने आपका पालन-पोषण किया है और उन्होंने आपको सब कुछ दिया है। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें एहसास हुआ कि भारत के लिए खेलना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, वह उस स्तर पर स्थापित नहीं था। एक स्थापित खिलाड़ी 100 फ़ीसदी वापस चला गया होता। जब आप स्थापित नहीं होते हैं, और आप टीम में अपनी जगह पाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आप वहीं टिके रहते हैं। और यही उन्होंने किया। उन्होंने कहा कि और याद रखें कि गाबा टेस्ट मैच में उन्होंने कितनी शानदार गेंदबाजी की थी।




आरसीबी की चार विकेट की जीत के बाद सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला : सुनील गावस्कर

## नाडा की कार्रवाई के जवाब में बजरंग ने कहा, मेरे वकील जवाब देंगे



**नई दिल्ली,** 5 मई (एजेंसियां)। अपने अस्थायी निलंबन आदेश की रिपोर्ट सामने आने के बाद ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया ने रविवार को अपनी सफाई में बयान दिया है। बजरंग ने एक्स पर लिखा, मैं अपने डोप परीक्षण के बारे में एक रिपोर्ट को लेकर स्पष्टीकरण देना चाहता हूं। मैंने अपना नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया, मैंने उनसे उस एक्सपायर हो चुकी किट के बारे में प्रतिक्रिया मांगी थी जो उन्होंने मेरा सैंपल लेने के लिए भेजी थी। मैं जानना चाहता था कि क्या कार्रवाई की गई ? मैंने उनसे कहा कि कृपया मुझे जवाब दें और मेरा सैंपल लें। मेरे वकील विधुस्फत सिंघानिया जल्द ही इस नोटिस का जवाब देंगे। इससे पहले, द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पुनिया ने 10 मार्च के चयन परीक्षण के दौरान अपना सैंपल देने से इनकार कर दिया था और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें नोटिस जारी किया था। नीचे पैराग्राफ 4:1:2 के अधीन और एनएडीआर 2021 के अनुच्छेद 7.4 के अनुसार, बजरंग पुनिया को इस मामले में सुनवाई में अंतिम निर्णय से पहले किसी भी प्रतियोगिता या गतिविधि में भाग लेने से तुरंत अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। 23 अप्रैल को नाडा की एक आधिकारिक विज्ञप्ति पढ़ें, जिसकी एक प्रति आईएएनएस के पास है। आपके पास (ए) अंतिम निलंबन लगाए जाने के बाद समय के आधार पर अंतिम सुनवाई का अनुरोध करने का अवसर है। या (बी) एनएडीआर 2021 के अनुच्छेद 8 के अनुसार त्वरित सुनवाई का अनुरोध करने का अवसर है। बयान में कहा गया है, अंतिम निलंबन के संबंध में निर्णयों के खिलाफ अनुच्छेद 13.2 या एनएडीआर 2021 के अनुसार अपील की जा सकती है।

मैं अपने डोप परीक्षण के बारे में एक रिपोर्ट को लेकर स्पष्टीकरण देना चाहता हूं। मैंने अपना नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया : बजरंग

## इगा स्विएटेक ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन खिताब

**मैड्रिड,** 5 मई (एजेंसियां)। दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में एरीना सबैलेन्का को 7-5, 4-6, 7-6(7) से हराकर मैड्रिड ओपन का अपना पहला खिताब जीता। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में शनिवार को पोलैंड की स्विएटेक ने तीन घंटे और 11 मिनट तक चले मुकाबले में गत चैंपियन बेलारुस की एरीना सबैलेन्का को हराकर अपना पहला मैड्रिड ओपन खिताब जीता। स्विएटेक की अपने करियर की यह 20वीं जीत और इस सत्र का तीसरा खिताब है।

